हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 149 ● शुक्रवार 12 जुलाई 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## भारत और रूस की रक्षा साझेदारी में आई बड़ी छलांग

● मिलकर बनाएंगे सुखोई जेट, दुनिया के कई देशों को होगा निर्यात ● पीएम मोदी के दौरे से खुले संबंधों के नए रास्ते,होगा बड़ा फायदा

**मॉस्को (एजेंसी)।** भारत और रूस रक्षा साझेदारी में एक नई छलांग लगाने जा रहे हैं। दोनों देश अपनी अगली साझा रक्षा परियोजना में महाराष्ट्र के नासिक में सुखोई-30 का निर्माण कर सकते हैं। स्पुतनिक इंडिया ने सूत्रों के आधार पर कहा है कि इस प्रोजेक्ट के लिए चर्चा चल रही है और आने वाले समय में भारत में सुखोई-30 का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया रूस यात्रा के बाद संयुक्त बयान में भी कहा गया है कि दोनों देश रूसी मूल के हथियारों के पुर्जों के उत्पादन, मरम्मत और रखरखाव की दिशा में काम करने पर सहमत हुए हैं। रूसी तकनीक आधारित हथियारों के संयुक्त उत्पादन के जरिए भारत की जरूरतों को पूरा करने के बाद उन्हें निर्यात भी किया जाएगा। सूत्रों ने स्पुतनिक इंडिया को बताया कि नासिक स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) प्लांट में भारतीय वायुसेना के लिए रूसी मूल के लड़ाकू विमानों



का निर्माण शुरू करने के लिए बातचीत चल रही है। 1964 में रूसी सहयोग से शुरू किया गया यह प्लांट मिग-21 और उसके बाद सुखोई-30 लड़ाकू विमानों के उत्पादन और रखरखाव में शामिल रहा है। इस प्लांट में सुखोई-30 लड़ाकू विमान का निर्माण शुरू हो सकता है। इस समय भारतीय वायुसेना के पास सबसे ज्यादा सुखोई-30 विमान हैं।

भारत और रूस के बीच हुए समझौते में 272 सुखोई-30 विमानों का सौदा हुआ था, जिनमें से काफी संख्या में विमानों का उत्पादन एचएएल प्लांट में हुआ था। पूर्व ब्रह्मोस प्रमुख सुधीर कुमार मिश्रा का कहा है कि सुखोई-30 एक आधुनिक लड़ाकू विमान है, जिसका इस्तेमाल अगले दो से तीन दशक तक होगा। इसलिए इसे घरेलू स्तर पर बनाने से ना केवल घरेलू जरूरतें पूरी हो सकती हैं, बल्कि निर्यात मांग भी पूरी हो सकती है। इस प्लांट का इस्तेमाल भविष्य में रूसी मूल के विमानों वाले देशों के विमानों की मरम्मत और रखरखाव के लिए भी किया जा सकता है। तकनीक ट्रांसफर के बाद दुनिया के कई देशों में भारत में बने संयुक्त उत्पादों की मांग है।

## लद्दाख में एलएसी के पास पकड़ा गया 108 किलो सोना

**लेह (एजेंसी)।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने मंगलवार को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास एक 108 किलोग्राम सोने की छड़ें जब्त की हैं। इसकी कीमत 84 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

दो तस्करों के पास से सोने के अलावा, कुछ चीनी फूड आइटम भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान तेनजिन टार्गी (40) और त्सेरिंग चंबा (69) के रूप में हुई है। दोनों न्योमा निवासी हैं।

## रामनगर का नाम बदलने की तैयारी में कांग्रेस सरकार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार रामनगर जिले का नाम बदलने की तैयारी कर रही है। खबर है कि मुख्यमंत्री के सिद्धारमैया कैबिनेट बैठक में रामनगर का नाम बदलकर बेंगलुरु साउथ रखने का प्रस्ताव पेश करने वाले हैं। बुधवार को उन्होंने इस फैसला का ऐलान किया। हाल ही में राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार समेत कई नेताओं ने सीएम से मिलकर नाम बदलने का



प्रस्ताव रखा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धारमैया का कहना है कि जिले का नाम बदलने का फैसला कैबिनेट की तरफ से किया जाना है। उन्होंने कहा, डीके शिवकुमार की अगुवाई में रामनगर जिले के नेता आए और मुझसे मिले। उन्होंने जिले का नाम बेंगलुरु साउथ करने पर बात की। मैंने उन्हें कहा कि इसका फैसला कैबिनेट की तरफ से किया जाना है और मैं कैबिनेट में प्रस्ताव रखूंगा।

## मीलॉर्ड... हमसे हो रहा भेदभाव, नहीं मिल रहा मानदेय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान के आठ चिकित्सा कॉलेज और नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया संस्थान के विदेशी छात्रों द्वारा दायर उन याचिकाओं पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से जवाब मांगा, जिसमें अन्य भारतीय चिकित्सा स्नातकों की तरह इंटर्नशिप के लिए उन्हें भी




मानदेय देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने जसवंत सिंह और अन्य की याचिका पर नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता तन्वी दुबे ने दलील दी कि मानदेय का भुगतान न करना उनके मौलिक अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यदि कई अन्य कॉलेज विदेशी मेडिकल स्नातकों को मानदेय दे रहे हैं, तो इस भेदभाव का कोई कारण नहीं है।

## पूर्व आईएएस मनीष वर्मा को नीतिश ने दी बड़ी जिम्मेवारी

**पटना (एजेंसी)।** मंगलवार को जेडीयू में शामिल हुए मनीष वर्मा को पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह घोषणा की। ओडिशा कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी और नीतिश कुमार के पूर्व सचिव वर्मा ने मंगलवार को जेडीयू की सदस्यता ली थी। जेडीयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष



उमेश कुमार कुशवाहा की मौजूदगी में वर्मा को पार्टी की सदस्यता दिलाई। 2000 बैच के आईएएस अधिकारी वर्मा पटना और पूर्णिया के डीएम भी रह चुके हैं। पार्टी में शामिल होने के बाद मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पहले जेडीयू मेरे दिल में था और अब मैं इस दल में आ गया हूं। 2000 कैडर के आईएएस मनीष कुमार वर्मा जेडीयू में बुधवार को शामिल हुए थे। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और मंत्री विजय चौधरी ने पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष कुमार वर्मा को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी।

## जंगल में उतरे पैरा कमांडो बड़े ऐक्शन की है तैयारी

घाटी में आतंकियों पर जल्द कसेगा शिकंजा, हिरासत में लिए गए 26 संदिग्ध

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों से आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। जिससे सुरक्षा बल भी मुस्तैद नजर आ रहे हैं। जम्मू में कठुआ जिले के माचेडी-बिलावर इलाके में सेना पर आतंकियों ने पहाड़ी जंगलों से घात लगाकर हमला किया था। मगर सेना के जवानों ने भी उनकी चाल को नाकाम करते हुए अंधाधुंध फायरिंग की थी। सेना के जवानों ने आतंकियों पर 5000 से ज्यादा गोलियां बरसाईं, जिससे आतंकी मौके से भागने के लिए मजबूर हो गए थे। वहीं जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के माचेडी-बिलावर इलाके के कम से कम 26 निवासियों को सोमवार को दो ट्रकों वाले सैन्य गश्ती दल पर हुए घातक हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जिसमें 22 गढ़वाल राइफल्स के पांच जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए की एक टीम घात स्थल पर पहुंच गई है और जांच में पुलिस की सहायता कर रही है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और पैरा कमांडो के जवान आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र के बीहड़ इलाकों और जंगलों की तलाशी ले रहे हैं, लेकिन अभी



तक कोई भी पकड़ा या मारा नहीं गया है। भारी बारिश ने हेलीकॉप्टरों से निगरानी को मुश्किल बना दिया है। अधिकारियों ने बदनोटा गांव के पास घात लगाकर किए गए हमले की घटनाओं को एक साथ जोड़ना शुरू कर दिया है। जहां और ज्यादा फोर्स के पहुंचने से पहले दो घंटे से अधिक समय तक लगातार गोलीबारी हुई थी। माना जा रहा है कि तीन लोगों का समूह में आतंकवादियों ने पहाड़ी पर दो जगहों पर खुद को छिपा लिया और घने जंगल में छिपकर सैनिकों को ग्रेनेड और गोलियों के हमले से चौंका दिया। जब ट्रक दोपहर 3.30 बजे माचेडी-किंडली-मल्हार रोड पर एक मोड़ पर पहुंचे थे, तभी उन पर भारी गोलीबारी की गई थी।

## मुंबई हिट-एंड-रन के आरोपी ने गलत आईडी दिखाकर पी शराब

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के वर्ली हिट-एंड-रन केस में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। जुहू के जिस पब में शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह ने एक्सीडेंट से पहले शराब पी थी, उसका दावा है कि वह गलत आईडी दिखाकर शराब पीने आया था। सूत्रों ने अनुसार, पब मैनेजमेंट ने आरोप लगाया कि मिहिर शाह ने उन्हें जो पहचान पत्र दिखाया, जिसमें उसकी उम्र 27 साल थी। उसके साथ तीन दोस्त भी आए थे, जिनकी उम्र 30 साल से अधिक है। पुलिस का दावा है कि ऑफिशियल रिकॉर्ड के अनुसार मिहिर 24 साल का है, जबकि शराब पीने की न्यूनतम कानूनी उम्र 25 वर्ष है। एक्साइज अधिकारियों के सूत्रों ने बताया पब के बिल से पता चला है कि मिहिर शाह और उसके दो दोस्तों ने उस दिन बार में व्हिस्की के 12 बड़े पैग ऑर्डर किए थे। यानी एक युवक ने लगभग चार पैग पिए थे। शराब की इतनी मात्रा किसी को आठ घंटे तक नशे में रख सकती है।

## मोदी सरकार ने आंध्र प्रदेश को दे दिया बड़ा तोहफा

● 60 हजार करोड़ की योजना को मंजूरी, लगेगी नई रिफाइनरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं की मुलाकात के 5 दिन ही बीते हैं कि केंद्र ने आंध्र प्रदेश में 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब स्थापित करने की प्रमुख मांग को स्वीकार कर लिया है। नायडू ने बुधवार को राज्य में रिफाइनरी स्थापित करने की व्यवहार्यता पर चर्चा करने के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात भी की। अब लोगों की नजरें बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार पर जा टिकी हैं। ऐसा इसलिए कि केंद्र सरकार में टीडीपी के साथ-साथ जेडीयू की भी अहम भूमिका है। एक रिपोर्ट में जानकार लोगों के हवाले से बताया है कि रिफाइनरी के लिए तीन स्थानों पर चर्चा की गई। इनमें श्रीकाकुलम, मछली पट्टनम और रामाय पट्टनम शामिल हैं। लोगों ने कहा कि रिफाइनरी की औपचारिक घोषणा 23 जुलाई के बजट में किए जाने की संभावना है।

## 'नीट यूजी' छात्रों को अभी और करना होगा इंतजार




सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई,अब 18 जुलाई को होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीट यूजी (2024) परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस केस पर सुनवाई फिलहाल टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर 18 जुलाई को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार और नीट-यूजी का आयोजन करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शीर्ष अदालत के आठ जुलाई के निर्देश के अनुसार अपना-अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। पीठ ने कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। इसी के साथ उसने मामले को 18 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। शीर्ष अदालत नीट-यूजी 2024 से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें पांच मई को आयोजित इस परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली तथा नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी 2024' में न तो इस बात के संकेत मिले हैं कि ''बड़े पैमाने पर कदाचार'' हुआ और न ही ऐसे संकेत हैं कि स्थानीय उम्मीदवारों के किसी समूह को लाभ पहुंचा हो। केंद्र ने कहा कि नीट-यूजी 2024 के नतीजों का डेटा विश्लेषण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने किया और विशेषज्ञों के निष्कर्षों के अनुसार अंक वितरण में घंटी के आकार के वक्र का अनुसरण किया गया जो बड़े पैमाने पर कराई जाने वाली किसी भी परीक्षा में दिखता है जिससे किसी अनियमितता का संकेत नहीं मिलता। नीट-यूजी 2024 में कुल 67 छात्रों ने 720 अंक प्राप्त किए।

## अरविन्द केजरीवाल शराब नीति केस के मुख्य सरगना

● ईडी बोली-स्कैम का पैसा आम आदमी पार्टी पर खर्च हुआ ● एजेंसी ने 208 पेज की सातवीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब नीति केस में ईडी ने मंगलवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सातवीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की। 208 पेज की इस चार्जशीट में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को केस का सरगना और साजिशकर्ता बताया गया। चार्जशीट में कहा गया कि स्कैम से मिला पैसा आम आदमी पार्टी पर खर्च हुआ है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कहा कि केजरीवाल ने 2022 में हुए गोवा चुनाव में एएपी के चुनाव अभियान में यह पैसा खर्च किया। दावा किया गया है कि केजरीवाल ने शराब बेचने के कॉन्ट्रेक्ट के लिए साउथ ग्रुप के सदस्यों से 100 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 45 करोड़ रुपए गोवा चुनाव पर खर्च किए गए थे। ईडी ने जोर देकर कहा कि केजरीवाल ने दावा किया कि एएपी के पूर्व मीडिया प्रभारी और इस केस के सह-आरोपी विजय नायर ने उनके नहीं, बल्कि मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज के अधीन काम किया था।

इसमें यह भी दावा किया गया है कि सीएम ने कहा कि दुर्गेश पाठक गोवा के राज्य प्रभारी थे और फंड का प्रबंधन करते थे और फंड से संबंधित निर्णयों में उनकी खुद कोई भूमिका नहीं थी और उन्हें भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता से रिश्वत नहीं मिली थी।

## आयकर में छूट और किसान सम्मान निधि की बढ़ेगी राशि

मोदी सरकार के नए बजट में कई बड़ी घोषणाएं संभव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 के पहले आम बजट से खासी उम्मीदें हैं। निम्न और मध्यवर्ग को सरकार महत्वाकांक्षी योजनाओं के जरिये विशेष लाभ दे सकती है। नौकरीपेशा लोगों के लिए भी आयकर छूट सीमा बढ़ाए जाने और स्लैब में परिवर्तन किए जाने की चर्चाएं हैं। बदले हुए समीकरणों के बीच सरकार के लिए यह बजट सहयोगी दलों के अपने राज्यों की मांगों के चलते चुनौतियों से भरा भी है। केंद्र की मोदी सरकार पर हर वर्ग की झोली में कुछ न कुछ डालने का दबाव है। चूंकि चार राज्यों के चुनाव सामने हैं, ऐसे में इन राज्यों के लोगों की भी उम्मीदें टिकी हैं।




राजनीतिक रूप से सरकार को मतदाताओं को साधने की भी कवायद करनी पड़ रही है। सरकार की कोशिश होगी कि वह अपने बिखरे जनाधार को समेटने और सहयोगी दलों के साथ तालमेल को बेहतर बनाए। इसलिए 23 जुलाई को जब केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार संसद में वित्त वर्ष 2024-25 का आम बजट प्रस्तुत करेंगी तो उसमें कुछ बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं। इसमें बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए कुछ अहम घोषणाएं हो सकती हैं। बजट से पूर्व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और उनसे जुड़े संगठन प्रमुखों के साथ वित्त मंत्री बैठकेंकर चुकी हैं। अब बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

## आईएएस रैंक पाने के लिए पूजा ने लगाए फर्जी सर्टिफिकेट

● पोस्टिंग में भी किया झोल, ऑडी वाली अधिकारी पर कई आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2023 बैच की आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर अपने रुतबे को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका ट्रांसफर भी हो गया है। आरोप है कि वह अपनी प्राइवेट ऑडी कार पर लाल और नीली बत्ती के साथ-साथ महाराष्ट्र सरकार का चिन्ह लगाकर चलती थी। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो वायरल होते ही सरकार ऐक्शन में आई। उनका ट्रांसफर कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, पुणे कलेक्टर की रिपोर्ट के




आधार पर उनका ट्रांसफर किया गया है। एक प्रोबेशनरी अधिकारी होते हुए भी उन्होंने कई सुविधाओं की मांग शासन से की थी। खेडकर को 21 मार्च 2023 से पुणे जिला कलेक्टर कार्यालय में नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल जुलाई 2025 में समाप्त होना था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में पांच चरणों में नहीं होगा चुनाव, वोटर लिस्ट होगा अपडेट: के रवि कुमार



**रामगढ़।** द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में केंद्रीय चुनाव आयोग के उपचुनाव आयुक्त ने एक बड़ा निर्णय लिया है। गुरुवार को बैठक के दौरान यह बात स्पष्ट हो गई है कि झारखंड में पांच चरणों में चुनाव नहीं होंगे। यहां कितने चरणों में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी, इसकी घोषणा जल्द ही होगी। बैठक से बाहर निकल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इस बात की जानकारी दी है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। ऐसे सभी वोटरों को इसमें शामिल करना है, जो 18 वर्ष से ऊपर हो चुके हैं। बीएलओ घर-घर जाकर लोगों से बात कर रहे हैं। झारखंड में हर व्यक्ति को वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने की वजह को भी उजागर किया जा रहा है। किन बिंदुओं पर कमी रही है, उसे दुरुस्त किया जाना है। किस तरह मतदाताओं को जागरुक कर उन्हें मतदान केंद्र तक लाना है इस पर पूरा ध्यान चुनाव आयोग का है। जो मतदाता बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं, चुनाव कर्मी उनके घर तक पहुंचेंगे। इसके अलावा युवा मतदाताओं पर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। लोकतंत्र में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी हो इसे लेकर अभी से ही योजना तैयार की जा रही है।

### भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण के लिए समन्वय समाधान दल रवाना

**गोड्डा जिले में भूतपूर्व सैनिकों की समस्या का समाधान करेगा दल : ब्रिगेडियर**



**रामगढ़।** भारतीय सेना कारगिल विजय दिवस पर भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों की समस्या का समाधान करेगी। इसी उद्देश्य से गुरुवार को पंजाब रेजिमेंटल सेंटर से गोड्डा जिले के लिए समन्वय समाधान दल को रवाना किया गया। ब्रिगेडियर संजय कांडपाल ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। उन्होंने बताया कि भारत-पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में 26 जुलाई को ही जीत दर्ज हुई थी। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के मौके पर जे एंड बी सब एरिया की देखरेख में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों के कल्याण व उनके आश्रितों के लिए समन्वय समाधान दल के रूप में नामित सदस्य गोड्डा जिले के पूर्व सैनिकों तक पहुंचेगी। इस दल के द्वारा 14 जुलाई को गोड्डा जिले के सभी भूतपूर्व सैनिक, वीरनारी, विधवाओं की शिकायत एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए सेवानिवृत्त होने के बाद मिलने वाली सुविधाएं और पेंशन संबन्धित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### चौकीदार बहाली में अजा को आरक्षण की मांग, सांसद को ज्ञापन



**पलामू।** चौकीदार बहाली को लेकर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति पलामू के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गुरुवार को सांसद बीडी राम को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा और आरक्षण शून्य करने पर विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन के माध्यम से अनुसूचित जाति को भी आरक्षण का लाभ देने की मांग की गई है। कहा गया है कि पलामू उपायुक्त कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 01/2024 दिनांक- 02/07/24 जिसमें पलामू जिले में 155 पद चौकीदार की भर्ती हेतु निकाली गयी है, परन्तु दुर्भाग्य की बात यह है कि झारखंड राज्य का एक मात्र जिला पलामू है, जो अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है, लेकिन अनुसूचित जाति के लिए उपरोक्त पद हेतु आरक्षण शून्य दिखाया गया है और बाकि कैटेगरी को कैटेगरी वाइज आरक्षण दे दिया गया है। इसमें ऐसा प्रतीत होता है कि अनुसूचित जाति के आरक्षण रोस्टर के साथ छेड़छाड़ कर दूसरे वर्ग को लाभ पहुंचाने हेतु कुचक्र रचा गया है, जो संघर्ष समिति पलामू किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेगी। सर्वविदित है कि आजादी से अभी तक इस पद पर पासवान जाति की बहाली होता थी। कहीं कहीं अन्य जाति के लोग भी थे और अभी तक विज्ञापन के द्वारा कभी भी इस पद के लिए बहाली नहीं हुई थी। अभी जब 2024 में चौकीदार की बहाली निकाली गई तो उसमें अनुसूचित जाति का पद शून्य दिखाया गया है, जो काफी निंदनीय है। इसलिए संघर्ष समिति मांग करती है कि वर्तमान विज्ञापन को निरस्त कर नए सिरे से विज्ञापन जारी कर आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए अनुसूचित जाति को भी आरक्षण दिया जाए।

# मंत्री ने एफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण





**रांची।** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री बन्ना गुप्ता ने गरीबों के अनाज के भंडार घर कहे जाने वाले एफसीआई गोदाम कडरू का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को जब मंत्री के आने के सूचना मिली तो भागते हुए एफसीआई गोदाम पहुंचे। जहां विभाग के मंत्री को सामने देख उनके हाथ-पांव फूलने लगे। अनाज के आसपास में गंदगी देख मंत्री बन्ना गुप्ता भड़क गए। वहीं संबंधित लोगों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अनाज की बोरियों का वजन कराया गया। जहां कई बोरियों में अनाज की मात्रा कम मिली। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी जिम्मेवार दोषी है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। गुरुवार को जेएसएफ एंड सीएससीएल यानी झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिडेट के कडरु, रांची स्थित स्टेट गोदाम में पहुंच गये। लेकिन उस वक्त कोई पदाधिकारी नहीं पहुंचा था। कुछ देर इंतजार करने के बाद आपूर्ति निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों को फोन किया गया। फोन के बाद कुछ अधिकारी गोदाम पहुंचे। खामियों से नाराज मंत्री ने स्टॉक का मिलान करना शुरू किया। उसमें भी एक माह का डाटा इंट्री अपडेट नहीं मिला। इस पर विभागीय मंत्री ने पदाधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने फोन पर वरीय अधिकारीयों को चेतावनी देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया, उन्होंने चेताया कि गरीबों का अनाज चोरी करने वाले और लापरवाही बरतने वाले लोगों को बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेंगे चाहे वो कोई भी हो। मौके पर मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने फ़ूड सिक्योरिटी बिल लागू कराया था ताकि देश में कोई भूखा न रहे, सरकार का अनाज गरीब के थाली तक पहुंचे यही हमारे नेता राहुल गांधी की सोच है, उन्होंने मुझे ये जिम्मेदारी देते हुए निर्देश दिया कि गरीबों को कभी भूखा न सोना पड़े, निरीक्षण में कई गड़बड़ी मिली हैं जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा और इसको लेकर जो भी दोषी होंगे उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

### बाइक सवार उचक्कों ने महिला के गले से छीनी सोने की चेन



**रांची।** कांके थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार उचक्कों ने महिला के गले से सोने की चेन छीनी कर फरार हो गए। इस संबंध में जगतपुरम स्थित ग्रीन हेरिटेज में रहने वाली महिला उषा तिवारी के पति रंगी लाल तिवारी ने गुरुवार को थाने में मामला दर्ज कराया है। उषा तिवारी ने बताया कि उनके घर में शादी समारोह है, जिसके लिए वह कुछ सामान खरीदने बाजार गई थीं। इसी बीच वह किसी काम से अपने अपार्टमेंट लौटने लगीं, तभी बाइक सवार दो उचक्कों ने उनका पीछा किया और उनमें से एक ने बाइक से उतरकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। कांके थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने बताया कि घटना को अंजाम देने का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है, पुलिस उचक्कों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। घटना को अंजाम देने वाला अपराधियों का बाइक का नंबर भी पुलिस को मिला है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### एनएसएस ने विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रैली निकाली



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के जरिये विश्व जनसंख्या दिवस पर संकल्प सभा सह जागरूकता रैली का आयोजन रांची यूनिवर्सिटी के बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने की। मौके पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से भारत दुनिया मे सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है, जो एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की आबादी लगभग आठ अरब से ज्यादा होने के कारण इसका नकारात्मक प्रभाव दुनिया भर में पर्यावरण पर तेजी से पड़ रहा है एवं पर्यावरण में हो रहे इस बदलाव को रोकने, लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए जनसंख्या नियंत्रण बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का प्रारंभ11 जुलाई 1989 से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य एक दिन पूरा विश्व की स्थायी जनसंख्या को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से अपील करते हुए कहा कि बढ़ती जनसंख्या के विरुद्ध प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाकर जनसंख्या विस्फोट के कारण हो रहें परेशानी से आमजनों को अवगत कराएं। जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता रैली का नेतृत्व प्रियांशी कुमारी और श्रेया कुमारी ने किया। रैली बेसिक बिल्डिंग परिसर से प्रारंभ होकर डीएसपीएमयू, पीजी आर्ट्स ब्लॉक, हातमा बस्ती, सरना टोली होते हुए पुनः बेसिक विज्ञान भवन परिसर में समाप्त हो गया।

### फेस्टिव सीजन के पहले ट्रेनों में लग रहे अतिरिक्त कोच




**रांची।** सावन शुरू होने के साथ ही त्योहार सीजन भी शुरू हो जायेगा। ऐसे में राज्य से चलने वाली कुछ ट्रेनों में यात्रियों की बुकिंग अभी से लंबी वेटिंग लिस्ट दिखा रही है। ऐसे में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार मालदा टाउन सूरत, अलेप्पी धनबाद, गंगा दामोदर और गंगा सतलज में जनरल डिब्बे बढ़ेंगे। इन सभी ट्रेनों में जुलाई के अंत से लेकर अक्टूबर तक जनरल कोच बढ़ाये जायेंगे। इसमें अलेप्पी धनबाद में जुलाई के अंत से कोच बढ़ाये जायेंगे। जबकि गंगा दामोदर और गंगा सतलज में अगस्त तो मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस में अक्टूबर से बदलाव होगा। अलेप्पी धनबाद और गंगा दामोदर और गंगा सतलज में नए कोच संयोजन के तहत टिकटों की अग्रिम बुकिंग शुरू हो चुकी है। मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस में 26 अक्टूबर से अतिरिक्त कोच लगेंगे। गंगा दामोदर एक्सप्रेस में स्लीपर की दो सीटें कम होने से 160 सीटें कम हो जाएंगी। जनरल के दो कोच बढ़ने से इस श्रेणी की 200 सीटें बढ़ जाएंगी। मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस में थर्ड एसी की दो सीटें कम होने से इस श्रेणी की 144 सीटें घटेंगी। जनरल के दो कोच बढ़ने से 200 सीटें बढ़ जाएंगी। अलेप्पी धनबाद एक्सप्रेस में स्लीपर का एक कोच बढ़ने से 80 और जनरल के दो कोच बढ़ने से 200 सीटें बढ़ जाएंगी। सेकेंड एसी के दो कोच कम होने से इस श्रेणी की 104 सीटें कम हो जाएंगी। गंगा सतलज एक्सप्रेस में स्लीपर एक कोच बढ़ने से 80 और जनरल का एक कोच बढ़ने से 100 सीटें बढ़ जाएंगी। सेकेंड एसी के दो कोच कम होने से इस श्रेणी की 104 सीटें कम हो जाएंगी।

### अपहरण कर हत्या करने के मामले में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**रांची।** बुढ़मू थाना पुलिस ने 12 घंटे में अपहरण कर हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में जगदीश मुंडा और कृष्णा महतो शामिल है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 10 जुलाई की रात करीब 01.15 बजे बेडवारी गांव निवासी सोमनाथ महतो थाना पर आए और बताया कि मेरा भगीना अजय महतो का अपहरण कर लिया गया है। सोमनाथ महतो ने बताया कि अजय अपने दोस्त के साथ ओझासाड़म जगदीश मुंडा के घर गया था, जिसके बाद अजय का दोस्त विक्की साहू घर आ गया और बताया कि ओझासाड़म से जगदीश मुंडा अपने एक साथी के साथ मिलकर जबरदस्ती अजय महतो को अपने साथ मोटरसाईकिल में बैठाकर ले गया है और हमको भगा दिया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में मामले का अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के क्रम में मामले के प्राथमिकी अभियुक्त जगदीश मुंडा एवं उसके दोस्त कृष्णा महतो को गिरफ्तार कर कडाई से पुछताछ किया गया तो उनलोगों ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर बताया की अजय महतो को हमलोग ओझासाड़म से अपहरण कर जिकरा फॉल के पास जंगल में हत्या कर दिये है। गिरफ्तार आरोपितों के निशानदेही पर मृतक का शव को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपितों ने घटना का कारण बताया कि मृतक अजय महतो इनकी पत्नी को काफी परेशान करता था और हम सभी परीवार को जान मारने की धमकी देता था जिससे हम काफी परेशान थे। मामले में गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज 14 जुलाई और हिमंता विश्व सरमा 16 को आएंगे झारखंड



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय हो गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 14 जुलाई और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह-प्रभारी हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची पहुंचेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों नेता तैयारियों की समीक्षा करेंगे। शिवराज 14 जुलाई को रांची में पार्टी की ओर से खिजरी विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह और विजय संकल्प सभा में हिस्सा लेंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से छह जुलाई से विधानसभावार कार्यकर्ता अभिनंदन व विजय संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा।

हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 20 जुलाई को गृहमंत्री अमित शाह विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। इस बैठक में मंडल स्तर के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों ही प्रभारी तैयारी की समीक्षा करेंगे। विस्तारित कार्यसमिति के एजेंडे पर चर्चा होगी।

### घर में हुई तकरार, तो बेटे ने बाप पर चलाई तलवार

**बीरबल खान ने मां-बाप और बहनों को दी जान से मारने की धमकी**




**रामगढ़।** हर घर में नोंक-झोंक और तकरार तो आम बात है। लेकिन रामगढ़ शहर के किसान नगर में एक ऐसी तकरार हुई, जिसमें बेटे ने बाप पर ही तलवार चला दी। मारपीट और तलवारबाजी की इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोटें नहीं आई, लेकिन यह पूरा मामला अब रामगढ़ थाने पहुंच चुका है। रामगढ़ पुलिस इस मामले में अब आगे की कार्रवाई कर रही है। बाप पर तलवार चलाने वाला रामगढ़ का मुर्गी व्यवसाई गुलाम सरवर उर्फ बीरबल खान है, जिस पर बाप ने ही प्राथमिकी दर्ज कराई है। रामगढ़ थाने में शेख कमरुद्दीन ने अपने बेटे के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

**पहले घर से निकलने की दी धमकी, फिर किया हमला**--शेख कमरुद्दीन ने पुलिस को यह बताया कि वह अपनी पत्नी बीबी अकलीमा के साथ अपने छोटे बेटे नवाज शरीफ उर्फ राजा खान के किसान नगर स्थित घर में रह रहे थे। इसी बीच उनके दूसरे बेटे गुलाम सरवर उर्फ बीरबल खान अपनी पत्नी असगरी खातून और बेटी रोजी परवीन के साथ मिलकर उन्हें पहले तो गाली गलौज करने लगे। उन्हें घर खाली करने को कहा, इसके बाद मां-बाप को ही अंजाम भुगतने की धमकी दी। बात बढ़ी तो बीरबल खान ने तलवार निकाली और अपने पिता पर ही हमला कर दिया। बीरबल खान की पत्नी असगरी खातून और बेटी रोजी परवीन भी पीछे नहीं रही। उन लोगों ने भी ईंट पत्थर से हमला करना शुरू कर दिया, जिसमें दोनों बुजुर्ग पति-पत्नी को चोटें आई हैं। बेटे को आक्रामक देख पिता ने एक बांस उठाया जिससे अपनी और अपनी पत्नी की जान बचा सके। मां-बाप जब वहां से हटे तो गुस्साए हुए बीरबल खान और उनके परिवार के लोगों ने छोटे बेटे नवाज शरीफ उर्फ राजा खान की पत्नी जेबा बारी को भी जमकर पीटा। शेख कमरुद्दीन ने अपने बेटे बहू और पोती पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है।

### केंद्रीय चुनाव आयोग ने शुरु की समीक्षा, राज्य के सभी डीसी बैठक में शामिल






**रामगढ़।** केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा अभी से शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह से रामगढ़ के पतरातु लेक रिजॉर्ट में आयोजित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में राज्य के तमाम डीसी शामिल हुए हैं। बैठक में केंद्रीय उपचुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश कुमार व्यास आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कैसे तैयारी करनी है इस पर चर्चा कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान जिन स्थानों पर त्रुटियां रह गई थी, उसे दूर करना है। मतदाताओं को कैसे बूथ तक पहुंचाना है, यह बेहद जरूरी है। मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़े यह एक बेहद गंभीर विषय है। हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और उसे उदासीनता से निकलकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी देने के लिए प्रोत्साहित कैसे किया जाए इस पर विचार किया जा रहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एसपीएनओ अमोल वी. होमकर, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ आयोग की टीम पतरातू पर्यटन विहार स्थित सभागार में झारखंड में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने किया कांड्रा थाना का औचक निरीक्षण कर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । गम्हरिया।** जिले के नव पदस्थापित एसपी मुकेश कुमार लुणायत द्वारा बुधवार को कांड्रा थाना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से थाना क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी ली। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिले के लोगों को एक मित्रवत, उत्तरदायी,कर्मशील एवं त्वरित कार्रवाई करने वाला पुलिसिंग उपलब्ध कराना है, ताकि आम जनता एवं पुलिस के बीच की दूरी को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता समाज को अपराध मुक्त बनाना है। अलग-अलग थाना क्षेत्र में अलग-अलग अपराध से संबंधित आंकड़े होंगे, उन सभी अपराधों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित गति से उद्भेदन व निपटारा करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ने कांड्रा थाना में हुए अपराध नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, विधि- व्यवस्था संधारण, अवैध मादक पदार्थों की खरीद- बिक्री आदि पर रोकथाम तथा लंबित काण्ड, वारंट, कुर्की व इश्तेहार के निष्पादन की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया।

### जिला दण्डाधिकारी के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र मे डेंगू, मलेरिया आदि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम हेतु फॉगिंग, एंटी लार्वा एवं ब्लीचिंग पाउडर का हुआ छिड़काव



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव एवं रोकथाम हेतु व्यापक स्तर पर फॉगिंग, एंटी लार्वा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया । पिछले दिनों समीक्षा बैठक में उपायुक्त के सख्त निर्देश के बाद नगर निगम ने युद्ध स्तर पर फॉगिंग व छिड़काव कार्य शुरू कराया है। नगर निकाय के द्वारा शहरी क्षेत्र के जल जमाव वाले क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही फॉगिंग भी करायी जा रही है। डेंगू के संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए एहतियातन प्रत्येक वार्ड में खासकर जल जमाव एवं दूषित स्थलों पर लार्वा साइट एवं अन्य मच्छर रोधी रसायनों का छिड़काव करने हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त कर्मियों को स्प्रे मशीन एवं मच्छर रोधी रसायन उपलब्ध कराया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी डेंगू को लेकर अलर्ट है । उपायुक्त के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग के द्वारा हर स्तर पर तैयारियां मुकम्मल की गई है।

### आनंद मार्ग पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से गदरा के 2 मोतियाबिंद रोगियो ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया एवं 50 फलदार पौधे का वितरण



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग सहयोग से आनंद मार्ग ने आयुष्मान एवं(डी.बी.सी. एस )राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम से 2 मोतियाबिंद रोगियो का पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से मोतियाबिंद ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया। रोगियों को दवा एवं चश्मा देकर घर पहुंचा दिया गया । गदरा आनंद मार्ग जागृति में 2 मोतियाबिंद के रोगी चिन्हित हुए , जिनके मोतियाबिंद का ऑपरेशन करना बहुत ही आवश्यक था मोतियाबिंद मेच्योर्ड हो चुका था।जिनका ऑपरेशन 10 जुलाई को पूर्णिमा नेत्रालय में किया गया। 50 फलदार पौधे का वितरण भी किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय गदरा के प्रांगण में रोपण के लिए एवं ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया 18 जुलाई बृहस्पतिवार को गदरा आनंद मार्ग जागृति शिव मंदिर के पास निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जांच शिविर आयोजन किया गया है।

### गुरु साहिब की तस्वीर वाला स्टिकर लगा बेचा गया गमछा, भड़के हरविंदर जमशेदपुरी ने सौंपा सीजीपीसी को ज्ञापन

**किसी धर्म की धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे इस बारे में व्यापारी वर्ग आगे से रखें ध्यानः जमशेदपुरी**




**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** जमशेदपुर में सिखों के गुरु साहिब की तस्वीर वाला स्टीकर लगाकर गमछा बेचने का एक मामला प्रकाश में आया है जिसका घोर विरोध करते हुए जमशेदपुर के सिख धर्म प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने इसे गुरु साहिब की बेदबी और सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला वाकया बताते हुए सीजीपीसी को एक ज्ञापन सौंपा है। हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने कहा वे यह बात सुन कर हैरान, परेशान और विचलित हो गये और इस तरह के गमछे के उत्पादन पर रोक लगाने के लिए वे सीजीपीसी के शरण में गये हैं। हरविंदर ने कहा की अगर किसी को अपना कोई ब्रांड रखना है, बेशक रखे पर गुरु साहिब की तस्वीर लगाकर कारोबार किया जाना कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। किसी धर्म की धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे इस बारे में व्यापारी वर्ग आगे से ध्यान रखें।

### संत मेमोरियल हिंदी हाई स्कूल परिसर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** नशा निषेध दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को बिष्टुपुर स्थित संत मेमोरियल हिंदी हाई स्कूल परिसर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल जागरूकता कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के जिला परामर्शी मौसम चटर्जी ने उपस्थित सभी बच्चों को सिगरेट से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड गैस तथा निकोटीन जनित बीमारियां के ऊपर विस्तृत जानकारी दिए उन्होंने बताया कि तंबाकू जनित पदार्थ में भारत सरकार के रिसर्च अनुसार 4000 जहरीले कैमिकल पाए जाते हैं जो कि शरीर की सभी अंग को प्रभावित करता है इससे बच्चों को बचाना है कार्यक्रम के सोशल वर्कर कुंदन कुमार ने बच्चों को तंबाकू की लत से दूर रहने के विभिन्न तरीके बताएं । साथी उन्होंने एक्टिव एवं पैसिव स्मोकिंग तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय उपयोगकर्ता की जानकारी उपलब्ध करवाये, तंबाकू जनित पदार्थ कैसे इंसान की फेफड़ा किडनी लीवर मस्तिक को प्रभावित करता है और उसके बाद इंसान की और समय मृत्यु हो जाती है इस संबंध बच्चों को विस्तृत जानकारियां साझाकी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल की प्रिंसिपल जोशी कुल्लू ए. सी, विद्यालय प्रभारी नीलमणि बा, वेलीना, अर्पण, शीला, संजय चटर्जी, सुवर्ण आचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# टीएमएच हेल्दी हब के शुभारंभ के लिए है तैयार



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** टाटा मेन हॉस्पिटल (TMH) अपने परिसर में हेल्दी हब के शुभारंभ के लिए पूरी तरह तैयार है, जो टीएमएच में सभी लोगों के लिए स्वस्थ भोजन के विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा। यह टीएमएच की सभी लोगों के लिए स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। 2018 में स्थापित जमशेदपुर का एक प्रसिद्ध संस्थान हेल्दी हब अपने स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन और पेय पदार्थों के लिए जाना जाता है। स्वस्थ भोजन सबसे महत्वपूर्ण और सबसे अच्छी चीजों में से एक है जो कोई भी व्यक्ति अपनी कई स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कई अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए कर सकता है। टीएमएच में हेल्दी हब के खुलने से, रोगियों, कर्मचारियों और आगंतुकों को फलों के कॉकटेल, स्नैक्स, स्प्राउट्स, उबले अंडे, सलाद और सैंडविच सहित कई तरह के स्वस्थ विकल्प उपलब्ध होंगे। स्वस्थ भोजन पर हेल्दी हब का ध्यान समुदाय में समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के टीएमएच के मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। यह सहयोग टीएमएच में सभी को स्वस्थ भोजन विकल्पों तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान करता है, जिससे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाली जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। हेल्दी हब टीएमएच के ग्राउंड फ्लोर पर फ़ार्मेसी काउंटर के ठीक सामने ओपीडी कॉम्प्लेक्स में स्थित है। हेल्दी हब का भव्य उद्घाटन गुरुवार, 11 जुलाई, 2024 को शाम 5:00 बजे होगा।

## डेंगू की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने तेज किया मच्छर रोधी अभियान, 60 हजार से ज्यादा घरों में की गई लार्वा की जांच




**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने डेंगू रोकथाम एवं अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए अभियान तेज कर दिया है। पिछले तीन दिनों में अबतक 60 हजार से ज्यादा घरों में डेंगू लार्वा की जांच की गई है। साथ ही लार्वा मिलने पर उसमें मच्छर रोधी दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है । इस अभियान में जमशदेपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद, चाकुलिया नगर पंचायत समेत जुस्को की टीम शामिल है। टीमों ने नगर निकायों में लगभग 40 हजार कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। इनमें से लार्वा मिले 360 कंटेनरों को उपचारित किया व अन्य कंटेनरों को खाली कराया गया । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छर जनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के लिए मच्छरों के प्रजनन के संभावित स्रोतों को ख़त्म करना बहुत जरूरी है। इसके लिए एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग और साफ-सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है । जुलाई के पहले सप्ताह से ही नगर निकायों में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां की जा रही है ।

## एसडीओ पारुल सिंह ने ईंटा-गिट्टी और बालू के अवैध भंडारण के खिलाफ किए कार्यवाई तेज



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** तड़के धालभूम एसडीओ पारुल सिंह ने ईंटा-गिट्टी और बालू के अवैध भंडारण की सूचना पर एमजीएम थाना अंतर्गत गौड़गोड़ा में दबिश दी. यहां एक सीमेंट दुकान की आड़ में अवैध रूप से भंडारण कर रखे 25 हाइवा बालू, 15 हाइवा ईंट और 7 हाइवा गिट्टी बरामद किया है. साथ ही छापेमारी के दौरान गिट्टी अनलोड करते एक हाइवा को जप्त कर उसके चालक अशोक कुमार को हिरासत में ले लिया. बताया जा रहा है कि उक्त स्टॉक किसी राकेश कुमार और दीपक कुमार द्वारा अवैध रूप से किया जा रहा था. एसडीओ ने बताया कि अवैध भंडारण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. फिलहाल सभी मेटेरियल को जप्त कर आगे की कार्रवाई जारी है. एसडीओ के इस कार्रवाई के बाद इलाके में बिल्डिंग मेटेरियल सप्लायरों में हड़कंप मचा हुआ है. जप्त मेटेरियल की कीमत लाखों में आंकी जा रही है.

## फिर निकला मेनहर्ट घोटाला का जिन्न ,विधायक सरयू राय ने डोरण्डा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** विधायक सरयू राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मेनहर्ट घोटाला के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) जाँच के उपरांत सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं करने के संबंध में मेरे द्वारा झारखण्ड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका संख्या- W.P.(C.r.) No. 376/2022 को माननीय उच्च न्यायालय ने खारिज करते हुए याचिकाकर्ता श्री सरयू राय को निर्देश दिया कि वह किसी पुलिस थाना में प्राथमिकी दायर करे अथवा किसी सक्षम न्यायालय में मुकदमा दायर करे। झारखण्ड उच्च न्यायालय के इस निर्णय के अनुपालन में में राँची के डोरण्डा थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराया। प्राथमिकी में विस्तारपूर्वक तथ्यों को देते हुए श्री सरयू राय ने डोरण्डा थाना प्रभारी से आग्रह किया कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार इसकी जाँच शीघ्र की जाए और मेनहर्ट घोटाला के दोषियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। प्राथमिकी का मूल प्रारूप संलग्न है। श्री राय ने थाना प्रभारी थाना प्रभारी को दिए आवेदन में कहा है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा मुकदमा संख्या- W.P.(Cr.) No. 376/2022 में दिनांक 26.06.2024 को पारित आदेश के आलोक में राँची शहर के सिवरेज-डेनेज निर्माण का डीपीआर तैयार करने के लिए मेनहर्ट परामर्शी की नियुक्ति में हुई अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं षडयंत्र की जाँच के लिए प्राथमिकी दायर करें विधायक सरयू राय ने माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा पारित प्रासंगिक आदेश की प्रति संलग्न की है । यह आदेश स्वतः स्पष्ट है और इसमें याचिकाकर्ता को पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का स्पष्ट निर्देश है। माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के उपर्युक्त आदेश के अनुपालन हेतु भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दायर करने का तथ्यपूर्ण आवेदन आपके समक्ष उपस्थापित है। इस सिस्टम में वित्तीय दर में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती है। केवल उसी निविदादाता का वित्तीय लिफाफा खोला जाता है जो तकनीकी दृष्टि से सर्वोत्कृष्ट पाया जाता है। विधायक सरयू राय ने आवेदन में जिक्र करते हुए लिखा है कि निविदा मूल्यांकन के दौरान पाया गया कि कोई भी निविदादाता, निविदा की शर्त के अनुसार योग्य नहीं है। मूल्यांकन समिति और नगर विकास विभाग के सचिव ने दिनांक 12.08.2005 को विभागीय मंत्री के समक्ष प्रस्ताव दिया कि निविदा को रद्द कर नई निविदा QCBS (क्वालिटी एण्ड कॉस्ट बेस्ड सिस्टम) पर निकाली जाय। विभागीय मंत्री ने यह प्रस्ताव खारिज कर दिया और आदेश दिया कि दिनांक 17.08.2005 को पूर्वाह्न 10.00 बजे मेरे कार्यालय कक्ष में बैठक कर इसी निविदा के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाय। मंत्री का यह आदेश अनुचित, नियम विरूद्ध था और षडयंत्र के तहत दिया गया था। श्री राय ने श्री राय ने आवेदन में मामले से जुड़े कई तथ्यों को उजागर किया ह उल्लेखनीय है कि मेनहर्ट ने निविदा के साथ जो अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया था, वह गलत था। अनुभव प्रमाण पत्र 'बिंटान रिसोर्ट' के जिस लेटर पैड पर 2005 में दिया गया था, उसके बारे में बिंटान रिसोर्ट मैनेजमेंट का कहना है कि उन्होंने इस लेटर पैड का उपयोग वर्ष 2000 से बंद कर दिया है और जारी करने वाले के रूप में जिस व्यक्ति का नाम और हस्ताक्षर है, वह व्यक्ति कभी भी बिंटान रिसोर्ट मैनेजमेंट का अधिकारी नहीं रहा है। इससे स्पष्ट है कि जिस अनुभव प्रमाण पत्र का उपयोग मेनहर्ट की उपयोगिता निर्धारित करने में हुआ वह पत्र फर्जी है। चूंकि बिंटान रिसोर्ट विदेश में है और मेनहर्ट का मुख्यालय भी सिंगापुर में है, इसलिए इसकी जाँच करने में कार्यान्वयन समिति सक्षम नहीं थी। इसलिए समिति ने इसकी जाँच सक्षम संस्था से कराने के लिए कहा। अवैध रूप से नियुक्त किये जाने के बाद कार्य करने के लिए झारखण्ड सरकार, राँची नगर निगम और मेनहर्ट के बीच जो समझौता हुआ, वह समझौता भी त्रुटिपूर्ण था, जिसके कारण मेनहर्ट पूरा भुगतान लेकर और काम अधूरा छोड़ कर निकल गया। अब वर्तमान राज्य सरकार को राँची के सिवरेज-डेनेज निर्माण के लिए नये सिरे से परामर्शी बहाल करने हेतु नई निविदा निकालनी पड़ी है। ऐसा करना मेनहर्ट को षडयंत्र के तहत अनियमित रूप से बहाल करने वालों की बदनीयत और भ्रष्ट आचरण का प्रतिफल है। जाँच से यह भी पता चलेगा कि इसके कारण सरकारी खजाना पर कितना बोझ पड़ा है, राजकोष से कितना निष्फल व्यय हुआ है और परियोजना की लागत कितनी बढ़ी है।

## वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं का तीव्र गति से होगा निदान,शिक्षा मंत्री ने मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** मुसाबनी-वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष मंडल के नेता रघुनाथ सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें मंत्री बनने पर बधाई दी। वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सभी घटक के नेताओं एवं प्रतिनिधियों ने अलग-अलग पुष्प कुछ देकर नए शिक्षा मंत्री का भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष मंडल के नेता रघुनाथ सिंह ने बताया कि मोर्चा की ओर से पूरे राज्य भर के शिक्षकों ने मिलकर शिक्षा मंत्री का स्वागत किया एवं अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वित्त रहित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं में अनुदान की राशि चौगुना करने के प्रस्ताव को कैबिनेट भेजने, इंटरमीडिएट के नामांकन में सीट बढ़ाये जाने, बिहार में नियोजित शिक्षकों के सरकारी कर्मी के दर्जा देने के तर्ज पर झारखंड के 7 से 8 हज़ार अनुदानित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने, उड़ीसा के तर्ज पर घाटा अनुदान देने, एसपीटी एक्ट एवं सीएनटी एक्ट में भूमि के शर्त में छुट देने के संलेख को मंत्री परिषद में भेजने,वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 ,2022 -23 और 2023-24 में जिन स्कूलों एवं इंटर कॉलेज के अनुदान लंबित है, उसे अविलंब अनुदान देने,वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान की जो 27 प्रतिशत राशि बाकी है।इसका जल्द भुगतान किए जाने सहित अन्य मांगों पर मंत्री के साथ चर्चा की गई । मोर्चा के नेताओं के मांगों पर विचार करते हुए मंत्री बैद्यनाथ राम ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि विधानसभा चुनाव काफी नजदीक आ गया है इन कम समय में वित्त रहित शिक्षकों के अधिकांश समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का वे प्रयास करेंगे ताकि वित्त रहित शिक्षकों को राहत मिल सके ।जुलाई के अंतिम सप्ताह में मोर्चा की ओर से आयोजित महाअधिवेशन में भी उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मोर्चा के नेता रघुनाथ सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, अरबिंद सिंह, फजलुल कादरी अहमद, कुंदन कुमार सिंह, गणेश महतो,मनीष कुमार, संजय कुमार, देवनाथ सिंह, अनिल तिवारी, बिरसौ उराव,नरोत्तम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह आदि शामिल थे।

## अमृतपान करके दुबारा गुरु वाले बने कुलदीप सिंह, बलविंदर सिंह और निर्मल सिंह भी खालसा सजे





**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** जमशेदपुर। बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव प्रत्याशी सरदार कुलदीप सिंह दोबारा अमृतपाण करके गुरु वाले बन गए हैं। अपनी भूल बख्शा ली है। सिखों के महान तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार एवम हेड ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी बलदेव सिंह ने तनख्वाह (धार्मिक सजा) पूरी करने के बाद सिरोपा देकर सम्मानित किया। इससे पहले उन्हें चौपाई शाह के पाठ 51 बार करने, आधा घंटा जोड़े घर और आधा घंटा लंगर घर में सेवा करने तथा 501 की रसीद कटाने की तनख्वाह लगाई गई। बारीडीह की प्रधानगी पद की धार्मिक परीक्षा में उनके विरोधियों ने आरोप लगाया था कि वे नशीला द्रव्य बेचते हैं और सेवन करते हैं। इसके साथ ही उन पर गुरमुखी नहीं जानने का आरोप था। उन्होंने जत्थेदार को लिखित रूप से अज्ञानता में कभी सेवन करने की बात कही और दंड लगाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह अब गुरुमुखी पर ज्यादा ध्यान देंगे। उन्होंने अपने नितनेमी होने का भी दावा किया और पांच प्यारों के सम्मुख पेश हुए। जत्थेदार सिंह साहब बलदेव सिंह के साथ ही एडिशनल हेड ग्रंथी भाई दिलीप सिंह, सीनियर मीत ग्रंथी भाई परशुराम सिंह, मीत ग्रंथी भाई जसवंत सिंह, मीत ग्रंथी भाई अमरजीत सिंह ने पंथिक कार्रवाई की। कुलदीप सिंह के अतिरिक्त बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान सरदार बलविंदर सिंह एवं टीनप्लेट कमेटी के पूर्व ओहदेदार सरदार निर्मल सिंह ने भी अमृतपाण किया और खालसा सज गए।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार को आचार संहिता उलंघन के मामले में पुनः लेनी पड़ी आज जमानत



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** साकची थाना में लोकसभा चुनाव 2019 के समय चंद्रबली उद्यान, काशीडीह के बाउंड्री वॉल पर फिर एक बार मोदी सरकार के पोस्टर पाए जाने पार्टी के तत्कालीन जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सतेंद्र कुमार ने आचार संहिता उलंघन का मामल दर्ज कराया था, मामले में कोर्ट में गवाही और बहस पूर्ण होने के पश्चात प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के कोर्ट ने 30 मई को फाइनल जजमेंट की तिथि मुकरर की थी, लेकिन लोकसभा 2024 के चुनाव समाप्ति के पश्चात दिनेश कुमार अपने परिवार के साथ माता वैष्णो देवी यात्रा पर चले गए थे और कोर्ट द्वारा निर्धारित 30 मई को कोर्ट में अनुपस्थित रहे तो मजिस्ट्रेट ने अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए दिए गए जमानत को रद्द कर दिया और वारंट जारी कर दी, आज दिनेश कुमार अपने अधिवक्ता विजय शंकर पाठक के साथ कोर्ट में उपस्थित हुए और जमानत अर्जी दाखिल किए, अधिवक्ता पाठक ने कोर्ट के समक्ष जरूरी दस्तावेज के रूप में ट्रेन का टिकट जो दो माह पूर्व मार्च माह में ही लिया गया था उसको प्रस्तुत किए और कोर्ट से आग्रह किए की जमानत दी जाए, कोर्ट ने सुनने के पश्चात दिनेश कुमार की जमानत अर्जी स्वीकार की और दस हजार के दो जमानतदार प्रस्तुत करने को कहा। दिनेश कुमार के अधिवक्ता के रूप में विजय शंकर पाठक, बैजनाथ उपाध्याय (पप्पू), महेश कुमार और कृष्ण सिंह उपस्थित रहे। कोर्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं में प्रोबिर चटर्जी राणा, कपिल कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, ऋषभ सिंह उपस्थित थे।

## विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । जमशेदपुरः** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के अन्तर्गत दिनांक 15.07.2024 तक माह जून, 2024 के विरूद्ध खाद्यान्न का वितरण शत प्रतिशत वितरण करने का निदेश दिया गया। साथ ही माह जुलाई,2024 के लिए डी0एस0डी0 एवं वितरण का कार्य ससमय पूरा करने का निदेश दिया गया। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (JSFSS) के अन्तर्गत सितम्बर, 2023 का वितरण दिनांक 15.07.2024 तक पूरा करने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री चना दाल वितरण योजना के अन्तर्गत माह मई, 2024 के विरूद्ध चना दाल का डी0एस0डी0 एवं वितरण निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। कम वितरण करने वाले जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच हेतु जांच टीम गठित करने का निदेश दिया गया। डाकिया योजना के अन्तर्गत घाटशिला, बोड़ाम, धालभूमगढ, गोलमुरी-सह-जुगसलाई एवं मुसाबनी प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को दो दिनों के अन्दर वितरण पूर्ण करते हुए उसका ऑनलाईन इन्ट्री करने का निदेश दिया गया। सोना-सोबरन धोती साड़ी योजनान्तर्गत सभी लाभुकों को शत प्रतिशत वस्त्रों का एक सप्ताह के अन्दर वितरण कराते हुए समतुल्य राशि को चालान के माध्यम से जमा कराने का निदेश दिया गया। ERCMS पोर्टल तथा बीएसओ एवं डीएसओ लॉग इन में लंबित मामलों को अविलम्ब निष्पादित करने का निदेश दिया गया। नया राशनकार्ड, डीलर चेंज, डिलीट मेंबर एवं राशनकार्ड सरेन्डर वाले मामलों में भौतिक सत्यापन के बाद ही अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। PGMS पोर्टल में लंबित मामलों को यथासंभव 48 घण्टे के अन्दर निष्पादित करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री सलमान जफर खिजरी, सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/सभी पणन पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एकदिवसीय दिव्यांगता पंजीकरण शिविर का आयोजन



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । गम्हरिया।** एडीप योजना के तहत जिला प्रशासन और एलिम्को की ओर से बाल विकास परियोजना कार्यालय में एकदिवसीय दिव्यांगता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से एक दर्जन से अधिक दिव्यांगों की जांच कर सहायक उपकरण हेतु उन्हें पंजीकृत किया गया। इस मौके पर उपस्थित श्रवण विशेषज्ञ विनीत कुमार पांडेय ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी प्रखंडों में पंजीकरण शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों को आगामी शिविर में निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा। इस दौरान उनके बीच कान की मशीन, ट्राय साइकिल, मोनराइस्ड साईकल, वैशाखी, छड़ी समेत अन्य सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी शुक्रवार को कुकड़ू तथा शनिवार को सरायकेला प्रखंड में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पुनर्वास विशेषज्ञ अनिल मांझी, डाटा ऑपरेटर शोभित द्विवेदी आदि भी उपस्थित थे।

### मंझगांव विधानसभा में 16 जुलाई को आयोजित होगी अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा

**16 जुलाई को कुमारडुंगी डाकबंगला में होगी कार्यक्रम:बड़कुंवर**



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । रामगोपाल जेना। कोल्हान/ मंझगांव।** मंझगाँव विधानसभा में 16 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी की अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का तैयारी बैठक कुमारडुंगी वनविश्रामगार में कार्यक्रम के कोल्हान प्रभारी पूर्व सांसद श्रीमती गीता कोड़ा की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न संपन्न हुआ। बैठक में भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री बड़कुंवर गागराई भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संजु पांडे श्री लंकेश्वर तामसोय ,भूषण पाठ पिंगुवा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री राकेश बाबलु शर्मा श्री जगदीश पाठ पिंगुवा श्री वशिष्ठ प्रधान , महेंद्र प्रसाद गोप एवं चारो मंडल के अध्यक्ष समेत काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ामपुट को मिला कांस्य प्रमाण पत्र



**राष्ट्र संवाद संवाददाता। पोटका।** झारखंड शिक्षा परियोजना सभागार पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर में विद्यालय के संचालित ज्ञान सेतु कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम के विभिन्न प्रखंडों के 39 विद्यालयों को विभागीय सत्यापन तथा बाहरी एजेंसी के सत्यापन के पश्चात विद्यालय प्रमाणीकरण के तहत पूर्वी सिंहभूम के 39 विद्यालयों को कांस्य प्रमाण पत्र दिया गया। जिसमें से पोटका प्रखंड के एकमात्र विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ामपुट पोटका - 2 को भी कांस्य प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुपम कुमार भकत ने कहा कि यह पुरस्कार पूरा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत का फल है इसका श्रेय सभी शिक्षकों को जाता है।

### 742 छात्र-छात्राओं के बीच विधायक सुखराम उराव ने किया साइकिल का वितरण

**बीडीओ गिरिजानन्द किस्कू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ साइकिल वितरण समारोह**



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को उन्नति का पहिया ,साइकिल वितरण योजना के तहत विधायक सुखराम उरांव ने विभिन्न विद्यालयों के 742 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। इससे पूर्व विधायक सुखराम उराव, प्रखंड प्रमुख ज्योति सिंजुई, उप प्रमुख विनय प्रधान, जिला परिषद सदस्य मीना जोंकों, 20 सूत्री अध्यक्ष तारकांत सिजुई, आजसू जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा, विजय सामड समेत अन्य अतिथियों को गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। मौके पर विधायक सुखराम उराव ने कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना से गरीब छात्र छात्राओं को काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि सभी छात्र छात्राए को साइकिल मिलेगा तो वे समय पर स्कूल आना और जाना कर सकेंगे। जिस तरह शरीर का सभी अंग महत्वपूर्ण है उसी तरह साइकिल का भी हर अंग महत्वपूर्ण है। सरकार ने सिटी बजाओ अभियान चलाया था अब बच्चे घंटी बजाकर स्कूल पहुचेंगे। उससे स्कूलों में उपस्थित बढ़ेगा।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरजनन्द किस्कू, बीपीआरओ सह प्रभारी कल्याण पदाधिकारी मनोज सिन्हा, बीपीओ बलराज कपूर, संतोष कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जोनो गाँव में दस्त डायरिया के चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत




**राष्ट्र संवाद संवाददाता । पश्चिमी सिंहभूम** के गुदड़ी क्षेत्र के जोनो गाँव में दस्त डायरिया के चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत। गाँव के कई टोलों में चापाकल नहीं होने से नदी-नाले का पानी पीते हैं ग्रामीण। पश्चिमी सिंहभूम के सबसे सुदूर क्षेत्र में स्थित गुदड़ी प्रखण्ड के जोनो गाँव में दस्त या डायरिया से पीड़ित एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। इस गाँव के करीब 70 वर्षीय वृद्ध ग्रामीण हारून डहंगा को पिछले करीब एक सप्ताह से दस्त हो रहा था। स्थानीय स्तर से वह दवाई खा रहा था, लेकिन पर्याप्त ईलाज के अभाव में बीती रात को उसकी मौत हो गयी। इस गाँव में पानी की समस्या है और गाँव के कई टोलों में चापाकल नहीं होने से ग्रामीण नदी-नाले का पानी पीते हैं।इसके साथ ही वर्ष 2019 में इस गाँव के दर्जनों लोग डायरिया के चपेट में आ गये थे, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गयी थी। एक ग्रामीण की मौत की सूचना मिलने के बाद सोनुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० पराव माझी मेडिकल टीम के साथ गाँव जा रहे हैं। डॉ० पराव माझी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनुआ

### मंत्री दीपक बिरूवा ने नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर यानी प्रकृति व्याख्या केंद्र का किया लोकार्पण



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । चाईबासाः** यदि आप प्रकृति प्रेमी हैं या प्रकृति, जीव- जंतुओं और वनस्पतियों के बारे में जानने की इच्छा रखते हैं तो आपको चाईबासा में बने प्रकृति व्याख्या केंद्र जरूर आना चाहिए। यहां आपको सारी जानकारी मिलेगी। झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरूवा ने नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर यानी प्रकृति व्याख्या केंद्र का लोकार्पण किया। वन विभाग की पहल पर टाटा स्टील की ओर से करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से इस केंद्र का निर्माण चाईबासा शहर के तांबो चौक के पास वनपाल प्रशिक्षण केंद्र के बगल में कराया गया है। आज लोकार्पण हो गया। लोकार्पण के मौके पर सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, मझगांव विधायक निरल पुरती, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केसरी, उपायुक्त कुलदीप चौधरी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मौसी बाड़ी में बैठकर महाप्रसाद ग्रहण करते करते श्रद्धालु

**मौसीबाड़ी में आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । मुसाबनी :** श्री जगन्नाथ सेवा ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को मुसाबनी बाबू लाइन दुर्गा मंडप परिसर में महाप्रभु जगन्नाथ के महाप्रसाद हेतु मुसाबनी सब्जी मंडी के अध्यक्ष देवव्रत पांडा व उनकी पूरी टीम की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। रथयात्रा कमेटी के वन बिहारी पटनायक, तपन पांडा, संजय महंती आदि द्वारा सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को आयोजित अन्य भोग महाप्रसाद श्रद्धालुओं को पंक्ति में बैठा कर खिलाने की व्यवस्था की गई थी। मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत, पुष्कर सिंह मुंडा, थाना प्रभारी रजनीश आनंद ,दिनेश साव आदि ने भी महाप्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसाद खाने व लेने के लिए मौसीबाड़ी में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। विदित हो कि इन दिनों महाप्रभु अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी में विश्राम कर रहे हैं। इस दौरान हर दिन यहां पूजा-अर्चना के साथ आरती की जा रही है। प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे के बाद मुसाबनी पोस्ट ऑफिस मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इसमें भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। 15 जुलाई को बाहुड़ा के दिन महाप्रभु के रथ की वापसी होगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में स्वास्थ्य मेला का आयोजन




**राष्ट्र संवाद संवाददाता । गम्हरिया।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उदघाटन गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से इस मेले का लाभ उठाने की अपील किया। इस दौरान उन्होंने परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया है कि यह प्रचार वाहन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर लोगों को परिवार नियोजन से होने वाले लाभों को बताएगा। इस मौके पर उपस्थित साहियाओं को भी परिवार नियोजन से सम्बंधित जानकारी देते हुए घर घर जाकर प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कई स्टाल लगाकर लोगों के बीच परिवार नियोजन से सम्बंधित सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ सुरुचि प्रसाद, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 लक्ष्मी कुमारी, मलेरिया निरीक्षक संतोष कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार पंडित, रवि कुमार समेत कई स्वास्थ्यकर्मी, कर्मचारी और साहियाएं उपस्थित थी।

## रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 से कुछ दूरी पर जीआरपी को मिला बेहोश युवक

- गलत टी एम एच में ऑपरेशन के बाद स्थिति स्थिर
- युवक का पैसा भी छिन ले गए हमलावार



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । घाटशिला ।** घाटशिला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 के कुछ दूरी पर बेहोश पड़ा एक युवक को जीआरपी एवं आरपीएफ ने 108 एंबुलेंस की मदद से अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचा. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ रजनीश कौर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दी. वहां से बेहतर इलाज के लिए परिजन टाटा मेन हॉस्पिटल ले गए जहाँ घायल युवक का ऑपरेशन करना पड़ा । जीआरपी द्वारा युवक के मोबाइल से घर वालों का नंबर खोज कर सूचना दिया. सूचना पर युवक के पिता अश्विनी महतो अनुमंडल अस्पताल पहुंचे. उन्होंने बताया कि उसका पुत्र हेमंत कुमार महतो कोलकाता इंटरव्यू देने के लिए बुधवार की रात 9.30 बजे मुसाबनी थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी घर से निकला था. घायल हेमंत ने लड़खड़ाते जुबान से कहां कि पांच लोग मिलकर चाकू एवं घुसे से वार किया जब बेहोश होकर जमीन पर गिर गए तो मरा हुआ समझ कर मेरे पास रखा 3500 रुपया लेकर चला गया. घटना के संबंध में जीआरपी एवं आरपीएफ ने बताया कि बैरक के ठीक सामने सात नंबर प्लेटफार्म से कुछ दूरी पर सुबह टहलने वाले लोगों ने जमीन पर पड़ा युवक को देखा तो बैरक में सूचना दिया।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर आ रही है बड़ी खबर

**पूरे मामले में विधायक सुखराम उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र**
**कहा 20 से 25 हजार रुपया रिश्वत लेकर किया जा रहा नामांकन**

- गलत ढंग से किया जा रहा है नामांकन
- जनप्रतिनिधियों का फर्जी हस्ताक्षर की भी आ रहा है मामला



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 20 से 25 हजार रुपया लेकर छात्राओं का गलत तरीके से एडमिशन लिया गया। उक्त बातें विधायक सुखराम उरांव ने कहा है। श्री उरांव गुरुवार को चक्रधरपुर मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह के बाद प्रेस से वार्ता करते हुए कहा। विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में मंत्री दीपक बिरुआ,सांसद जोबा माझी और विभिन्न विधानसभा के विधायक को जिले भर से आए छात्रों ने इसकी शिकायत किया था,कि पैसे लेकर एडमिशन किया गया है।विधायक ने कहा कि कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कुछ नियम के तहत बच्चों का एडमिशन होता है। लेकिन नियम को ताक पर रखकर एडमिशन में बड़े बड़े पैमाने में गलत तरीके से विधायक और सांसद का लेटर पैड का दुरूपयोग हुआ है। इसमें ना सांसद जोबा मांझी और ना ही पूर्व सांसद गीता कोड़ा का हस्ताक्षर मिल रहा है ना ही विधायकों का। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि इसमें धांधली हुआ है। कल मामला का खुलासा होने के बाद कुछ विद्यालय में शाम को ही बच्चों को बुला बुलाकर एडमिशन भी कराया गया है। उन्होंने कहा कि जिला में जब इसकी जानकारी हुआ तो उन्होंने तत्काल पश्चिमी सिंहभूम जिला के डीसी कुलदीप चौधरी को इसकी पूरी जानकारी दी है और जांच की मांग की गई।ऐसे में इस धांधली में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और वार्डन संदेह के घेरे में हैं। विधायक ने कहा कि सही से जांच हो इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोपत्राचार किया जा रहा है पूरे मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई हो ताकि दोबारा इस तरह का गरीब छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।

# मंत्री दीपक बिरुवा ने हाथियों से बचाव के लिए बड़े टॉर्च व पटाखे किया वितरण



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** चाईबासा। मंत्री श्री दीपक बिरुवा गुरुवार को हाटगम्हारिया प्रखंड के हाथी प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे थे। उन्होंने कीताहातु गांव में बैठक कर ग्रामीणों से इस बारे में बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान जामडीह पंचायत के विभिन्न गांवों नोगड़ा , कीताहातु, जिकीलता, देवझारी, चित्रीबिला, करमबुरु, उलीपी आदि के ग्रामीण उपस्थित हुए। मौके पर वन विभाग के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री जी के द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के बीच हाथियों से बचाव के लिए बड़े टॉर्च व पटाखे वितरण किए गए, ताकि हाथियों के आने पर उन्हें भगाया जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के कारण पूरे इलाके में खौफ का माहौल है। हाथियों का झुंड विभिन्न गांवों में घूमकर खेतों में लगी फसलों को नष्ट कर रहा है। इससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। हाथियों के डर से गांव के लोग रात-रात भर पहरा कर रहे हैं। इस दौरान वन विभाग के पदाधिकारी ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के लिए कई जरूरी टिप्स दिए। वहीं माननीय मंत्री श्री दीपक बिरुवा ने कहा कि ग्रामीण हाथियों से प्रभावित जंगलों में प्रवेश नहीं करें एवं हाथियों के झुंड की गांव तरफ आने की सूचना पर गांव में एक जगह एकत्रित हो जाएं तथा टॉर्च जला लें जिसके प्रकाश से हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश नहीं करेगा। हाथियों के गांव के नजदीक आने पर उन्हें पत्थर आदि ना मारें अन्यथा हाथी गुस्से में आ जाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों की स्थिति देखते हुए वन विभाग के पदाधिकारियों को मदद के लिए आगे आने का निर्देश दिया। वहीं एक निश्चित तिथि निर्धारित कर वन कर्मियों को ग्रामीणों के साथ रहकर हाथियों को भगाने का निर्देश दिया। यहां उपस्थित वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा जंगल में आग से बचाने की अपील की गई। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए वनों को आग से बचाने में विभाग का सहयोग करें। जंगल में आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल विभाग को सूचना दें। बैठक में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री सदस्य सुभाष बनर्जी, हाटगम्हारिया वनपाल प्रभारी सजीत तिरिया, मझगांव वनपाल प्रभारी भरत कुमार बोदरा, पंकज कुमार रजक समेत अन्य मौजूद थे।

## बेहतर विद्युत विपत्रीकरण के लिए सभी उपभोक्ता का KYC करने का कार्य जारी है

**उपभोक्ताओं से कार्यपालक अभियंता की अपील KYC के लिए करें सहयोग**



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । रामगोपाल जेना। कोल्हान/ चक्रधरपुर ।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा चक्रधरपुर प्रमंडल के अंतर्गत बेहतर विद्युत विपत्रीकरण के लिए सभी उपभोक्ता का KYC करवाया जा रहा है| निग़म के द्वारा उपभोक्ताओं के KYC करवाने का कार्यभार ऊर्जा मित्रों को सौंपा गया है। ऊर्जा मित्र सभी उपभोक्ता के घर जाकर विद्युत उपभोक्ताओं के बिल निकालने के साथ- साथ, मोबाइल नंबर, पता ,GPS लोकेशन अपडेट करेंगे| इसी दौरान उपभोक्ताओं को अपना आधार नम्बर/ ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर / राशन कार्ड नम्बर/ वोटर कार्ड नम्बर और उसका फोटो साथ ही सही मोबाइल नम्बर ऊर्जा मित्र को देना होगा । ऊर्जा मित्र दिए गए डिटेल्स को अपने मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा विभाग के डाटा बेस में अपलोड करेंगे। KYC करने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली बिल और विद्युत संबंधित जानकारी SMS/whats up के द्वारा भी मिलेगी I विद्युत कार्यपालक अभियंता के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से KYC करने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया गया है

## ठेका मजदूर शंकर कैवर्त एक्रोपोली मेटल इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर लगाया गंभीर आरोप



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक्रोपोली मेटल इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम के दौरान अपने दाहिने हाथ की तीन-तीन उंगलियां गंवाने वाले ठेका मजदूर शंकर कैवर्त को कंपनी प्रबंधन द्वारा न तो मुवावजा दिया गया न ही उसे स्थायी किया जा रहा है. मजदूर हर संभावित दर पर फरियाद लगाकर थक गया. अंततः उसे जेबीकेएसएस का साथ मिला. गुरुवार को जेबीकेएसएस की टीम ने प्रेम मार्डी के नेतृत्व में कंपनी का हुड़का जाम कर दिया है. जिसके बाद कंपनी प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है. समाचार लिखे जाने तक जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता कंपनी गेट पर जमे हुए हैं. बता दें कि मजदूर शंकर कैवर्त का 31 मार्च 2023 को कंपनी में काम के दौरान दाहिने हाथ की तीन उंगलियां कट गई थी. आज तक मजदूर को स्थायी नौकरी व मुआवजा नहीं मिला, जबकि कंपनी द्वारा स्थाई नौकरी देने की बात कही गई थी. जेबीकेएसएस नेता प्रेम मार्डी ने साफ कर दिया है कि मजदूर को इंसफ़ मिलने तक कंपनी गेट जाम रहेगा. मजदूरों के साथ नाइंसाफी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. फिलहाल सभी की नजर कंपनी प्रबंधन पर टिकी है. प्रेम मार्डी (JBKSS नेता) , शंकर कैवर्त (पीड़ित मजदूर)

## 110 विद्यार्थी, 10 प्रतिभाओं को अंजुमन इस्लामिया करेगी सम्मानित

- 20 जुलाई को क्लासिक मैरिज हॉल में होगा सम्मान समारोह
- विधायक सुखराम उरांव होंगे मुख्य अतिथि



**राष्ट्र संवाद संवाददाता । रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर।** अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर की ओर से आगामी 20 जुलाई को चक्रधरपुर के 110 विद्यार्थियों एवं 10 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा. अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर की ओर से एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त जानकारी दी गई. अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष शहजाद मंजर, उपाध्यक्ष हाजी एकराम हुसैन, सचिव बैरम खान व सहसचिव सद्दाम हुसैन ने संवाददाताओं को जानकारी दी. बताया गया कि सम्मान समारोह के मुख्यअतिथि विधायक चक्रधरपुर सुखराम उरांव होंगे. मैट्रिक, इंटर, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले 110 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. इसके साथ ही चक्रधरपुर में रहने वाले जिला टॉपर, प्रखंड टॉपर, राज्य टॉपर बनने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मान दिया जाएगा. इसके साथ ही खेल, नौकरी, शिक्षा और मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 शहर वासियों एवं प्रतिभाओं को भी सम्मान दिया जाएगा. कार्यक्रम 20 जुलाई को क्लासिक मैरिज हॉल असलम चौक में दिन के 10:00 बजे से आयोजित होगा. कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को अपने अभिभावकों के साथ शामिल होने को कहा गया है.

# उन्नाव हादसा: ना परमिट, ना जांच; मनमाने ढंग से बिहार से दिल्ली दौड़ रहीं सैकड़ों बसें

**पटना, एजेंसी।** यूपी के उन्नाव में हादसे के बाद बिहार से दिल्ली और अन्य शहरों के लिए चलाई जा रही बसों के ऑपरेटर की जानलेवा लापरवाही और मनमानी का खुलासा हुआ है। मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार के दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, मोतिहारी, बेतिया से 350 से अधिक स्लीपर डबल डेकर बसें दिल्ली के अन्य राज्यों के बड़े शहरों तक जाती हैं। लंबी दूरी की इन बसों में से ज्यादातर में पुरानी बसों में ही मनमाना बदलाव कर डबल डेकर बनाकर चलाई जाती हैं। बस में बदलाव के लिए एमवीआई से मंजूरी भी नहीं ली जाती। बिना मंजूरी मनमाने बदलाव के बाद भी अवैध बसों का फिटनेस एमवीआई कार्यालय से पास हो जाता है और इस आधार पर इन्हें टूरिस्ट परमिट मिल जाता है। इनमें क्षमता से अधिक सवारियों को ठूंसकर बैठाया जाता है। एक बस में 70 से 80 यात्रियों को ढोया जाता है। डबल डेकर बनाई गई बसों को लोहे के चादर और प्लाइवुड से पैक कर दिया जाता है। इनमें न इमरजेंसी गेट होता है न स्पीड गवर्नर। दिल्ली जाने वाली अधिकांश बसों का परिचालन चौक-चौराहों से हो रहा है। टूरिस्ट वीजा होने के कारण स्टैंड से इनका परिचालन नहीं होता है। स्टैंड से स्थाई परमिट वाली बसें ही खुलती हैं। हालांकि, अवैध तरीके से दिल्ली चलाई जा रही बसों के ऑनर का बैरिया, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी बस स्टैंड में कार्यालय भी खुला है, जहां टिकट की बुकिंग की जाती है।



### 85 प्रतिशत बसें यूपी निबंधित, दस फीसदी दिल्ली की

मुजफ्फरपुर सहित उत्तर बिहार के जिलों के विभिन्न इलाकों से हर दिन 250 से 300 बसें यूपी, दिल्ली और राजस्थान के लिए खुलती हैं, लेकिन इनमें से महज पांच बसों का ही निबंधन मुजफ्फरपुर में हुआ है। इन बसों में 85 प्रतिशत यूपी के विभिन्न जिलों में तो 10 फीसदी नई दिल्ली में निबंधित हैं। शेष बसों का कुछ अता पता नहीं है, क्योंकि ये बाकी निबंधित बसों के कागजात के सहारे चलाई जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार इन बसों का संचालन रास्तों में पड़नेवाले जिलों के परिवहन पदाधिकारियों, पुलिस थानों और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से होता है।

### 18 से 24 घंटे तक चालक को चलानी पड़ती है बस

लंबी दूरी की ज्यादातर बसें सिंगल ड्राइवर के हवाले रहती हैं। ऐसे में बस चालक को 18 से 24 घंटे तक लगातार बस चलानी पड़ जा रही है। इस कारण रास्ते में नींद आने के कारण भी हादसे होते हैं। नियम के अनुसार लंबी दूसरी वाली बसों में कम से कम दो चालक रखना अनिवार्य है। दो चालकों का ब्योरा देने पर ही टूरिस्ट परमिट मिलता है।

### टूरिस्ट परमिट पर बसें ढो रहीं सवारी, अफसर अनजान

लंबी दूरी की ज्यादातर बसों का परिचालन टूरिस्ट परमिट पर हो रहा है। ये बसें नियमित सवारियां ढोती हैं। झारखंड व पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य किसी राज्य के लिए बसों को परमिट नहीं है। टूरिस्ट परमिट पहली बार अधिकतम 14 दिनं का मिलता है। यह दो बार अधिकतम 28 दिनों के लिए बढ़ता है। अंतरराज्यीय बस परिवहन के लिए बिहार का केवल झारखंड और पश्चिम बंगाल से करार है।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्याकांड में जब्त हथियार और कारतूस को भेजा एफएसएल

**मोतिहारी, एजेंसी।** जिप सदस्य सह पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव की हत्या में पकड़े गये अपराधियों के पास से जब्त हथियार व कारतूस की जांच एफएसएल से कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरु कर दी है। नगर पुलिस ने घटनास्थल से जब्त दो खोखा, गिरफ्तार अपराधी सुदामा सहनी व हरिशंकर पासवान के पास से बरामद देसी कट्टा, दो कारतूस व जिप सदस्य के शव से निकला हुआ दो पिलेट की जांच के लिए एफएसएल को भेजा गया है। नगर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि हत्याकांड में जब्त सभी हथियार व कारतूस की जांच कराई जा रही है। बताया जाता है कि 26 जून को नगर थाना क्षेत्र के चांदमारी चौक पर बाइक सवार तीन अपराधियों ने जिप सदस्य सुरेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुये दो अपराधियों हरिशंकर पासवान व सुदामा सहनी को हथियार के साथ 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया था।

### मंत्री ने सड़क पक्कीकरण का लोगों को दिया भरोसा

**मोतिहारी, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के हरपुर राय मनोबारी गांव में बुधवार को गन्ना विकास मंत्री कृष्णनंदन पासवान का चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां आम लोगो ने खुलकर अपनी बाते मंत्री के समक्ष रखी। मंत्री श्री पासवान ने सभी को बाते सुनी। ग्रामीणों ने मांग किया कि गायघाट मुख्य सड़क से हरपुर राय आने वाली सड़क का निर्माण पक्की कराया जाय। मंत्री ने आश्वस्त किया कि चालू वित्तीय वर्ष में उक्त सड़क का पक्कीकरण करा दिया जाएगा। उक्त बस्ती के छठ वर्तियो के लिए छठ घाट व सेड निर्माण कराने व सामुदायिक भवन बनाने की मांग ग्रामीणों ने किया। मंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिए सरकार कई योजनाओं की शुरुआत की है। जिसका लाभ लोगो को मिल रहा है। उक्त बस्ती के लोगो ने मंत्री को फूल माला से भव्य स्वागत किया। मौके पर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, बबलू गुप्ता आदि थे।

### पेरोल पर छूटने के बाद फरार हुआ हत्यारोपित गिरफ्तार

**गोपालगंज/कुचायकोट, एजेंसी।** स्थानीय थाने के ढोढवलिया गांव के संतोष कुमार उर्फ बंसी राम को पुलिस ने बुधवार को गोरखपुर में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। इसकी सूचना पुलिस ने गुजरात पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि संतोष कुमार उर्फ बंसी राम गुजरात के वापी में कमाने के लिए गया हुआ था। वहां उसने एक युवती की हत्या कर दी थी। इस संबंध में वापी थाने में इसके खिलाफ वर्ष 2006 में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस कांड में न्यायालय से उसे आजीवन करवास की सजा मिली थी। कुछ समय सजा काटने के बाद वह पेरोल पर 6 फरवरी 2010 को अपने गांव ढोढवलिया आया था। पैरोल पर आने के बाद से वह जेल में नहीं लौट कर फरार हो गया। गुजरात पुलिस को उसकी चौदह वर्ष से तलाश थी।

### महिला दारोगा की मौत मामले में प्रबंधक सहित सात नामजद

**गोपालगंज, एजेंसी।** सिधवलिया थाने के सदौवा हाई स्कूल के समीप विगत चार जुलाई को एनएच 27 पर हुए हादसे में पुलिस अवर निरीक्षक सतिभा कुमारी व चालक मंजय कुमार की मौत मामले में पुलिस ने बुधवार को सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि हादसे की जांच में ट्रक के मालिक, ट्रांसपोर्टर, चालक, उपचालक व गोपालगंज जिले अंतर्गत एनएच 27 के एनएचआई के प्रबंधक, इंजीनियर, ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। मामले में सिधवालिया थाने में तैनात प्रशिक्षु दरोगा नवीन कुमार के बयान पर इन लोगों को आरोपित किया गया है।

## स्ट्रॉबेरी की खेती कर बिहार के किसान बढ़ाएं अमदनी नीतीश सरकार का भारी सब्सिडी का ऐलान



**पटना, एजेंसी।** बिहार के किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए सरकार कृषि क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती की गति तेज करने पर विचार कर रही है। कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में होने वाली स्ट्रॉबेरी की खेती को बिहार में बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि विभाग और उद्यान निदेशालय ने पहली बार मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना में इसे शामिल किया है। कई जिलों में शुरू में पांच हेक्टेयर में इसकी खेती का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है कि पारंपरिक खेती के साथ आमदनी बढ़ाने वाली खेती की ओर उन्मुख हों। सरकार की ओर से कहा गया है कि किसानों की इसमें रुचि बढ़ी तो अगले वर्ष से खेती के क्षेत्र में और भी विस्तार किया जाएगा। स्ट्रॉबेरी की खेती पर फिलहाल प्रति हेक्टेयर 8 लाख 40 हजार की लागत तय की गई है। इसमें किसानों को 40 फीसदी अनुदान के तहत 3 लाख 36 हजार रुपए मात्र देने होंगे। एक किसानों को अधिकतम दो हेक्टेयर तक योजना का लाभ दिया जाएगा। कृषि विभाग उद्यान निदेशालय जल्द ही इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करेगा। किसानों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर इस योजना का लाभ मिलेगा। सबकुछ किसानों की सजगता और जागरुकता पर निर्भर है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो योजना में विस्तार करते हुए इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

### कुछ किसान इसकी कर रहे खेती

पटना जिले के मनेर और हथीदह में स्ट्रॉबेरी की खेती कुछ किसान निजी तौर पर कर रहे हैं। मनेर भवानीटोला के किसान रविशंकर दो एकड़ में स्ट्रॉबेरी की खेती 2021 से कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि दस से 12 घंटे की कड़ी मेहनत करते हैं। उत्पादन प्रति प्लांट 300 से 500 ग्राम तक औसत होता है। खेत से इसे तोड़ने से लेकर पैकेजिंग कर बाजार तक भेजा जाता है। पटना शहर में भी इसकी आपूर्ति होती है। 200 से लेकर 500 रुपए प्रति किलो की दर से इसकी बिक्री होती है। डॉ. अमरजीत कुमार राय, सहायक निदेशक उद्यान पटना ने कहा कि मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना में पहली बार स्ट्रॉबेरी को शामिल किया गया है। पटना जिले में अब इसकी खेती को बढ़ावा मिलेगा।



## एनएच के डिवाइडर पर टेंट लगा रह रहे लोग

**मोतिहारी/डुमरियाघाट, एजेंसी।** बाढ़ के कहर से बेघर हुए सिसवनिया टोला के लोग एनएच 28 के डिवाईडर पर मौत के साये के बीच रात काट रहे है। दो तरफ से जो तेज रफ्तार से आती जाती गाड़ियों के सनसनाहट के बीच मौत के कुछ फासलों पर जिंदगी काट रहे है। टेंट व प्लास्टिक के तिरपाल में भय से दुबक के सुबह होने का इंतजार करते है।

तेज रफ्तार के कहर से रूबरू हो कर जोखिम में डाल कर बाढ़ पीड़ित राजमार्ग 27 के डीवाईडर दुबौली बांध के समीप बस्ती बसा लिए है। खाना- पीना से ले कर सोने जगने व रहने तक इनका सारा काम सड़क पर ही हो रहा है। सभी बाढ़ पीड़ित सड़क के डिभाईडर पर ही अपने बाल बच्चे व मवेशी के साथ बसेरा बनाये हुए है। जो डिवाइडर को घर सड़क को आंगन बनाए हुए हैं। इनके घरों में पानी घुसा पानी लगा हुआ है। बाढ़ में संग्रामपुर प्रखंड के सिसवनिया टोला के लगभग आधा दर्जन परिवार घर से बेघर हो कर सड़क पर आश्रय लिए हुए है।

### चौतरफा आफत बरसा रही है कहर

बाढ़ के कहर से सड़क पर आश्रय लिए सिसवनिया टोला के लोग चौतरफा आफत से घिरे हुए है। कभी धूप तो कभी बरसात इन्हें बेहाल कर दिया है। एनएच के डिवाइटर पर लगाया है टेंटःखजुरिया चौक से कुछ दूरी पर स्थित दुबौली बांध के समीप राजमार्ग 28 के फोर लेन सड़क के बीचों बने सड़क के डिभाईडर पर एक के बाद एक प्लास्टिक तिरपाल के तम्बू बना कर दिन काट रहे है। दोनों तरफ वाहनों के रेलमरेल के बीच रह रहे हैं।

## भोजपुर में ट्रेन से गिरकर मधुबनी के छात्र की मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जगजीवन और महतवनिया हाल्ट के बीच अप लाइन पर बुधवार को हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मधुबनी निवासी एक छात्र की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्र मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के राजपुताना टोला जयनगर वार्ड नंबर 5 निवासी नवल किशोर साह का बेटा प्रियांशु कुमार ( 19 ) है। वह स्नातक का छात्र था। इधर मृत छात्र के साथ मौजूद दोस्तों ने बताया कि वो लोग स्स्ष्ट ष्ट्तरुका परीक्षा देने के लिए मधुबनी से ट्रेन से पटना आए और पटना से ट्रेन से वाराणसी गए थे। परीक्षा देकर वाराणसी जब वो सभी हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन से वापस पटना लौट रहे थे। लौटने के दौरान वह ट्रेन में गेट पर खड़ा था। उसी दौरान जगजीवन औश्र महतवनिया हाल्ट के बीच असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ा, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल :** इसके बाद बोगी में रहे उसके दोस्तों ने जब उन्हें नहीं देखा तो खोजबीन करना शुरू किया। तब उन्हें मालूम हुआ कि एक लड़का ट्रेन से गिरकर कट गया है। इसके बाद सभी घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना पाकर आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम बच गया है।

## नदियों को सूखने से बचाने की नीतीश सरकार का ब्लूप्रिंट तैयार

**पटना, एजेंसी।** बिहार की नदियों को सूखने से बचाने का ब्लूप्रिंट तैयार हो गया है। जल संसाधन विभाग ने नदियों के सूखने की गंभीर समस्या से लड़ने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। विशेषज्ञों व इंजीनियरों की पहल पर बनी इस योजना के कार्यान्वयन के बाद माना जा रहा है कि सूबे की नदियां जल संकट से नहीं जूझेंगी और न ही गर्मी के मौसम में सूखेंगी। उन्होंने इस योजना को तैयार करने के पीछे सिर्फ एक बात को आधार बनाया है कि मानसून अवधि के अधिशेष जल को किसी सूरत में बर्बाद नहीं होने देना है, उन्हें संरक्षित करना है। विभाग ने उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की नदियों के लिए अलग-अलग योजना बनायी है। अधिकारियों के अनुसार उत्तर और दक्षिण बिहार की नदियों की प्रकृति अलग-अलग है, लिहाजा उनके



लिए अलग-अलग योजना तैयार की गयी है। उत्तर बिहार की नदियां मानसून अवधि में उफनायी रहती हैं। यही नहीं उनमें साल के अधिसंख्य दिनों में पानी रहता है। जबकि, दक्षिण बिहार की नदियां अधिसंख्य समय सूखी रहती हैं। मानसून अवधि में भी कई नदियों में पानी नहीं रहता है। गौरतलब है कि बिहार में हर साल गर्मी के मौसम में 60 से अधिक नदियां सूख जाती हैं।

**क्या होगा लाभ :** इस योजना का दोहरा लाभ होगा। एक तो नदियों में जल संकट की स्थिति नहीं होगी, दूसरा भूजल स्तर बना रहेगा। जलस्रोतों की अधिकता से नदियों का अधिशेष पानी बेकार नहीं होगा। वे नदियों के पास ही संचित रहेंगे और छोटे-छोटे जलाशय के रूप में काम करेंगे।

**क्या कहते हैं विभागीय मंत्री? :** सूबे में हर साल बड़ी संख्या में नदियां सूखती हैं। हम इस समस्या पर बेहद गंभीर हैं। कई स्तरों पर प्रयास किया है। हम आगे भी व्यापक कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे।

■ **विजय कुमार चौधरी,**
जल संसाधन मंत्री

### मुख्य बातें

उत्तर बिहार की नदियों के किनारे पोखर-तालाब और कुंआें का निर्माण किया जाएगा। इनमें मानसून अवधि में पानी का संचय होगा। यही नहीं छोटे-छोटे जल संग्रह केन्द्र होने से भूजल की स्थिति बेहतर होगी। इससे गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत नहीं होगी। यह नदियों को सूखने से बचाने में कारगर साबित होगा। दक्षिण बिहार की नदियों में मानसून अवधि में प्राप्त अधिशेष जल को चैक डैम और वीयर बनाकर संचित किया जाएगा। इससे मानसून अवधि में बाढ़ का खतरा कम होगा। पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण भी हो जाएगा। गर्मी के समय इस पानी का उपयोग नदियों को सूखे से बचाने के लिए किया जाएगा। उनमें जरूरत के हिसाब से पानी की आपूर्ति की जाएगी।

## भोजपुर में दो बंदूक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की छापेमारी में 7 लाख 76 हजार कैश बरामद

### एक पिस्टल और 51 गोली भी जब्त

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने अलग-अलग दो जगहों पर छापेमारी कर तीन अवैध हथियारों के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक देसी पिस्टल, दो दोनाली बंदूक और 51 कारतूस बरामद किया गया है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि सात लाख 76 हजार नगद भी जब्त किया गया है। पकड़ा गया बदमाश पीरो थाना क्षेत्र के हुंकार टोला निवासी इंद्रदेव सिंह के पुत्र दिलीप कुमार उर्फ रामु है।

### अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज

हथियारों की बरामदगी को लेकर अलग-अलग प्राथमिकी की गई है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया में पीरो थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दिलीप कुमार उर्फ रामू अपने घर में अवैध हथियार रखा हुआ है और किसी घटना को अंजाम देने के प्रयास में लगा है। इस दौरान इंस्पेक्टर सुबोध कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी की। हंकार टोला गांव में दिलीप कुमार के घर को चारों तरफ से घेर लिया गया। तलाशी के दौरान एक कमरे से एक देसी पिस्टल , एक दोनाली बंदूक 41 कारतूस एवं सात लाख 76 हजार 850 रुपये बरामद किया गया।साथ ही दिलीप उर्फ



रामू को धर दबोचा गया। दिलीप पूर्व में आर्म्स एक्ट मामले में जेल भी जा चुका है। टीम में दारोगा मनीष कुमार एवं बुटन सिंह शामिल थे।

### दोनाली बंदूक के साथ लाला यादव गिरफ्तार

उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गड़हां गांव में पुलिस ने छापेमारी कर दोनाली बंदूक लहराते एक बदमाश को धर दबोचा गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पकड़ा गया हरेन्द्र सिंह उर्फ लाला यादव गड़हां गांव का निवासी है। एक दोनाली बंदूक, दस कारतूस व दो खोखा बरामद किया गया है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। पहले से आपराधिक इतिहास रहा है।

### गुप्त सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी

उदवंतनगर थाने में पूर्व के दो केस मिले, जो एससी-एसटी एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गड़हां गांव में एक शख्स अवैध हथियार लहरा रहा है। इसके बाद थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस को देख उक्त शख्स छत से कूदकर भागने लगा। बाद में पीछा कर लाला यादव को धर दबोचा गया। निशानदेही पर मकान की तलाशी ली गई। इस दौरान कमरे से एक दोनाली बंदूक , 10 कारतूस व दो खोखा बरामद किया गया ।बरामद खोखा के बारे पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि उसने कहां फायरिंग की थी। टीम में दारोगा सुधीर सिंह एवं प्रशिक्षु दारोगा नीतीश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इसे लेकर प्राथमिकी की गई है।

## युवक की हत्या में दो महिला सहित चार नामजद

**गोपालगंज/कुचायकोट, एजेंसी।** गोपालपुर थाने के लाछपुर तकिया बारी गांव के युवक की हत्या के मामले में बुधवार को उसकी मां ने थाने में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। नामजदों में सोनिकपुर गांव की उमरावती देवी, रामाशीष मांझी, चंद्रमा मांझी व अंजली कुमारी शामिल हैं। युवक की मां फूलकुमारी देवी ने पुलिस को बताया कि विगत रविवार को सोनिकपुर गांव के रामाशीष मांझी की पत्नी उमरावती देवी ने मोबाइल पर कॉल कर उसके बेटा रवि कुमार गुप्ता को अपने घर पांच लाख रुपए व पासपोर्ट देने के लिए बुलाया। इसके बाद रवि साइकिल से उसके घर पर गया। देर रात तक उसके बेटे के नहीं लौटने पर उमरावती से पूछताछ की तो उसने बताया किआप घर जाइए वह खाना खाकर चला जाएगा। उसका बेटा सोमवार की सुबह तक नहीं घर पहुंचा तो वह उमरावती देवी के घर पर पहुंची । उसके दरवाजे में ताला लगा था। सोमवार की शाम जोगीपुर नहर के पश्चिम एक गड्ढा में उसके बेटे के शव को ग्रामीणों ने देखा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### दबे पांव आया खतरा

सेहत के मामले में अच्छी खबरें बहुत कम सुनाई देती हैं। इस बार भी जो खबर आई है, वह बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि, इसके पीछे की जो पहल है, उसकी तारीफ तो की ही जानी चाहिए। पहली बार देश में कोलेस्ट्रॉल को लेकर दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। अभी तक जब देश के डॉक्टर मरीजों के कोलेस्ट्रॉल या सरल भाषा में कहें, तो शरीर में जमा हो गई चर्बी का इलाज करते थे या लोगों को 'लिपिड प्रोफाइल टेस्ट' कराने की हिदायत देते थे, तो वे यह काम 'यूरोपियन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजी' के दिशा-निर्देशों के तहत कर रहे होते थे। यह अक्सर कहा जाता रहा है कि भारत की परिस्थितियां दूसरी हैं और लोगों का रहन-सहन बिल्कुल अलग तरह का है, इसलिए यूरोपीय मानक पूरी तरह भारत के लोगों पर लागू नहीं किए जा सकते। 'कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया' की 22 सदस्यीय समिति ने अब अधिक कोलेस्ट्रॉल की वजह से होने वाले डिस्लिपिडेमिया को लेकर जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे इसी मायने में महत्वपूर्ण हैं। शरीर का यह ऐसा विकार है, जिसका पता अक्सर खुद उसके शिकार को भी नहीं चल पाता, क्योंकि अक्सर इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते। नतीजा यह होता है कि वह धीरे-धीरे हृदय रोग और गंभीर स्थितियों में हृदयाघात जैसी समस्याओं की ओर बढ़ता जाता है। बहरहाल, इस संगठन ने भारत के बारे में जो आंकड़े दिए हैं, वे डराने वाले हैं। देश की 81 फीसदी आबादी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुरक्षित सीमा से काफी ज्यादा मिला है, यानी चुपचाप होने वाले इस शारीरिक विकार का खतरा देश की आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से पर मंडरा रहा है। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि अभी भी हमारे देश में आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंच पाती हैं। बहुत सारी छोटी-छोटी मौसमी बीमारियों तक का इलाज, खासकर दूरदराज के अनेक ग्रामीण इलाकों में आज भी सहज उपलब्ध नहीं है, और जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच गई हैं, वहां भी शायद ही इस तरह की समस्या के इलाज की समुचित व्यवस्था होगी। इसलिए हमारे सामने जो चुनौती है, वह बहुत ज्यादा बड़ी है। दुनिया भर में डिस्लिपिडेमिया को जीवन शैली से जुड़ी समस्या माना जाता है।

### ब्रिटेन पीएम स्टार्मर के लिए आसान नहीं होगा चुनौतियों से निपटना

ब्रिटेन में चौदह वर्षों बाद कंजर्वेटिव पार्टी को पराजित कर लेबर पार्टी सत्ता की कमान संभालने जा रही है। लेबर पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है। उसने चार सौ से ऊपर सीटें जीती हैं। किएर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि इस सत्ता परिवर्तन के कयास बहुत पहले से लगाए जा रहे थे। चुनाव पश्चात सर्वेक्षणों में भी लेबर पार्टी को चार सौ से ऊपर सीटें मिलने के कयास लगाए गए थे। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी से लोगों का मोहभंग हो चुका था। खासकर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक खासे अलोकप्रिय हो चुके थे। इस तरह वहां सत्ता-विरोधी लहर थी, जिसमें कंजर्वेटिव पार्टी ध्वस्त गई। ब्रिटेन में काफी समय से महंगाई उच्च स्तर पर है, लोगों पर करों का बोझ काफी बढ़ गया है, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं और देश की अर्थव्यवस्था एक तरह से ठप पड़ गई है। ऋषि सुनक ने अर्थव्यवस्था संभालने का आश्वासन दिया था, इसके लिए उन्होंने परिश्रम भी खूब किया, मगर कामयाब नहीं हो सके। नतीजतन, लोगों का रहन-सहन पर खर्च बढ़ता गया है।दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति वहां के लोगों में रोष इस बात को लेकर भी था कि 'ब्रेक्जिट' करके ब्रिटेन यूरोपीय संघ से अलग हो गया, जिससे वहां की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। इसके अलावा गैरकानूनी तरीके से हो रहे प्रवासन पर सुनक सरकार काबू नहीं पा सकी। इसके चलते वहां की सार्वजनिक सुविधाओं पर बोझ बढ़ा है। लेबर पार्टी ने आवास नीति बनाने, आव्रजन नीति को कड़ा करने और यूरोपीय संघ से रिश्ते मजबूत बनाने का वादा किया था। इससे वहां के लोगों में भरोसा पैदा हुआ। हालांकि चुनावी वादों को जमीन पर उतारना आसान नहीं होता। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को संभालना स्टार्मर के लिए भी बड़ी चुनौती होगी। खाली हो चुके खजाने के साथ करों का बोझ कम करना और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाना भी आसान नहीं होगा। ऐसे में, अगर आव्रजन नीतियों को कड़ा किया जाता है, तो अलग मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। देखने की बात है कि यूरोपीय संघ के साथ मिल कर वे ब्रिटेन की जर्जर हो चुकी अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में कहां तक कामयाब हो पाते हैं।

## जनादेश से सबक लें सांसद

**(शशि शेखर)**

*सांसदों और सदन के नेताओं से उम्मीद की जाती है कि वे जिम्मेदारी भरे व्यवहार का प्रदर्शन करेंगे, लेकिन हुआ इसका उल्टा। ऐसा लग रहा था कि सत्ता पक्ष अपेक्षित परिणाम न मिलने की वजह से आक्रमण को ही बचाव मान रहा है। संभवत- ऐसा पहली बार हुआ है, जब सत्ता पक्ष ने विपक्षी आचरण के खिलाफ पहले सत्र में ही निंदा प्रस्ताव पारित करा दिया। इसके विपरीत विपक्ष प्रतिरोध के बजाय प्रतिशोध की मुद्रा में दिखाई पड़ा।*

फ्रांस के इतिहास में 8 नवंबर, 1793 की वह दोपहर एक दर्दनाक वाकये के चलते उन पन्नों पर दर्ज है, जिन्हें तवारीख खुद तकलीफ के साथ याद करती है। उस दिन जेन मैरी रोलैंड को गिलोटिन पर चढ़ाया गया था। उनके आखिरी अल्फाज थे- 'ओ आजादी, तेरे नाम पर कैसे-कैसे जुल्म ढाए गए!' मुझे संसद की कार्यवाही देखते वक्त मैडम मैरी अक्सर याद आती हैं और मन में कौंधता है- हे लोकतंत्र, तेरे नाम पर...। लोकतांत्रिक व्यवस्था से चुनकर जनतंत्र के सबसे पवित्र प्रासाद में पहुंचे हमारे सांसद कैसा आचरण करते हैं? यू-ट्यूब के अंतरिक्ष में जब कोई शोधार्थी वर्षों बाद इस तमाशानुमा बहस को देखेगा, तो क्या कहेगा? अगर वह बहुत सकारात्मक रुचि-अभिरुचि का व्यक्ति हुआ, तो शायद उसे फ्रांस का उदाहरण याद आ जाए। वहां 1789 में राज्य-क्रांति हुई थी। इसकी शुरुआत अजब-गजब थी। राजा से रोटी की मांग करते अनियोजित तौर पर इकट्ठा हुए लोगों के ऊपर पुलिस ने वर्साय में गोली चला दी थी। अपने साथियों के शव कंधों पर लाद लोग पेरिस लौटे थे। उसी एजेंडा रहित बदहाल भीड़ ने मशहूर खगोलविद् जीन-सिल्वेन बैली की सदारत में उस दिन टेनिस कोर्ट पर जो शपथ ली, उसने धरती से राजतंत्र की विदाई की शोकांतिका लिख दी। हालांकि, फ्रांस को अपनी नई व्यवस्था गढ़ने में अराजकता भरे पचास वर्षों से गुजरना पड़ा। खुद मैरी उसका शिकार हुईं। हमारी संसद और सांसद आज नहीं तो कल, इस मर्म को समझ जाएंगे। ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हम फ्रांस, चीन या रूस की तरह नहीं हैं। ईसा से सदियों पहले हमारे यहां लोकतंत्र की जो बेल रोपी गई थी, उसे 15 अगस्त, 1947 को अपने नसीब से साक्षात्कार का सौभाग्य हासिल हुआ। तब से आज तक हमारी संसदीय व्यवस्था अपनी रहगुजर खुद-ब-खुद गढ़ रही है। भारत के साथ या आसपास जन्मे पड़ोसी मुल्कों का हाल देख लीजिए, स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हम कुछ लोगों की उम्मीद के मुताबिक भले सरपट न दौड़ रहे हों, पर अपने हक-हुकूक को लेकर खासे जागरूक हैं। पिछले महीने संपन्न हुए चुनाव का उदाहरण ले लीजिए। मतदान की तारीखें घोषित होने तक कौन सोचता था कि पिछली दो बार से सत्ता की चौहद्दियों पर पूरी मजबूती से काबिज भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार बहुमत हासिल करने से वंचित रह जाएगी? क्या नहीं था उसके पास? प्रधानमंत्री मोदी का सक्षम नेतृत्व, सबसे बड़ा पार्टी संगठन और अकूत संसाधन। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस उसके समक्ष कहीं ठहरती नहीं नजर आती थी। छोटे-मोटे क्षेत्रीय दलों की तो बिसात ही क्या थी, पर वे ही भाजपा के विजय-रथ की सबसे बड़ी बाधा साबित हुए। यह जनादेश दोनों पक्षों को क्या संदेश देता है? सत्तारूढ़ दल के लिए साफ पैगाम है कि आपको अपनी रीति-नीति फिर से गढ़नी होगी। चुनावी राजनीति के लिए आपने जो रसायन बनाया था, वह पहले जैसा कारगर नहीं रहा। इसी तरह, विपक्ष के लिए सबक है कि इतराइए मत। आप आगे बढ़े हैं, पर अभी भारतीय जनता पार्टी की कुल सीटों से कम हैं। सत्ता में वापसी के लिए आपको बहुत मेहनत करनी है।इन सबक और संदेशों का पहला इम्तिहान संसद में होना था। इस परीक्षा में कौन पास हुआ और कौन फेल? शायद आप भी मेरी तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस से दहल गए होंगे। सांसदों और सदन के नेताओं से उम्मीद की जाती है कि वे जिम्मेदारी भरे व्यवहार का प्रदर्शन करेंगे, लेकिन हुआ इसका उल्टा। ऐसा लग रहा था कि सत्ता पक्ष अपेक्षित परिणाम न मिलने की वजह से आक्रमण को ही बचाव मान रहा है। संभवत- ऐसा पहली बार हुआ है, जब सत्ता पक्ष ने विपक्षी आचरण के खिलाफ पहले सत्र में ही निंदा प्रस्ताव पारित करा दिया। इसके विपरीत विपक्ष प्रतिरोध के बजाय प्रतिशोध की मुद्रा में दिखाई पड़ा। मसलन, महुआ मोइत्रा अच्छा बोलती हैं। उनकी शैली जबरदस्त है और लहजा धारदार। उन्होंने तार्किक दृष्टि से अपनी बात कहनी शुरू की, पर यह कहना भी नहीं भूलीं कि आपने मुझे इस सदन से बाहर करने की जो गलती की थी, उसकी भारी कीमत चुकाई। महुआ ने कहा, 'पिछली बार जब मैं यहां बोलने के लिए खड़ी हुई थी, तो मुझे बोलने नहीं दिया गया। लेकिन सत्ताधारी दल ने एक सांसद की आवाज दबाने की बहुत भारी कीमत चुकाई है। मुझे बैठाने के चक्कर में जनता ने आपके 63 जन को 'परमानेंटली' बैठा दिया।' इसी तरह, पिछली बार तथाकथित 'अमर्यादित आचरण' के लिए जो सौ से अधिक सांसद निलंबित किए थे या जिनकी सदस्यता खारिज कर दी गई थी, वे भी जैसे बदला चुका रहे थे। नतीजतन, दोनों सदन की आसंदियों पर बैठे महानुभावों को सीधे आक्षेप झेलने पड़े। क्या पक्ष-विपक्ष के नेताओं को अगले पांच साल के लिए इस सदन में गंभीर चिंतन नहीं करना चाहिए? उनके पास विचार-मंत्रणा के लिए तमाम मुद्दे हैं। वे जिस नई दिल्ली में रहते हैं, पिछले हफ्ते तक उसका कंठ पानी की कमी से सूख रहा था। यहां पहली बारिश भी राहत नहीं, आफत लेकर आई। कुछ ही घंटे में राजधानी के तमाम हिस्से जलाशय बन गए। आधा दर्जन से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी और करोड़ों की संपत्ति बर्बाद हो गई थी। इससे पहले जल संकट के दौरान पानी के लिए गर्मियों में बाकायदा कत्ल हुआ और खून बहा था। हमारे सांसद जिस महानगर में रहते हैं, अगर वही बेहाल है, तो संसद देशवासियों के लिए खुशहाली के सपने कैसे बुन सकती है? देशहित के कई मुद्दों पर दोनों पक्षों में आमराय बनानी होती है। जब प्रतिस्पर्द्धा निजी रंजिश को हवा दे रही हो, तो इसकी उम्मीद कैसे की जा सकती है? प्रतिशोध और प्रतिकार की यह प्रवृत्ति सिर्फ सदन के अंदर नहीं दिख रही। बदले की राजनीति देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग तरीके से आकार ले रही है। गुजरी जून में सत्ताबदर हुए जगन रेड्डी के खिलाफ आंध्र प्रदेश के नए निजाम की कार्रवाई इसका उदाहरण है। जगन ने मौजूदा मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सलाखों के पीछे धकेल दिया था। अब नायडू उन्हें ध्वस्त करने पर आमादा हैं। इसी तरह, कर्नाटक और तेलंगाना में आरोप है कि कांग्रेस अपने विपक्षियों को उसी अंदाज में 'निपटा' रही है, जैसा आरोप वह दिल्ली की हुकूमत पर लगाती आई है। सदन के अंदर और बाहर हमारे सत्तानायकों का यह चरित्र और चेहरा लोकतंत्र के लिए शुभ संदेश नहीं देता। इस प्रवृत्ति को रुकना चाहिए, पर इसे थामेगा कौन? यह नेक काम भी तो हमारे 'माननीयों' को करना है।

## भरोसे की मुनादी करते शेयर बाजार

**(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)**

सेंसेक्स, यानी देश की 30 चुनिंदा कंपनियों के शेयरों से बने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के संवेदनशील सूचकांक ने पिछले हफ्ते 80,000 का आंकड़ा पार कर लिया। सेंसेक्स की शुरुआत 1986 में करीब 550 के स्तर पर हुई थी, लेकिन तब इसका आधार, यानी शुरुआती मूल्य 1979 में सौ मानकर हिसाब लगाना शुरू किया गया था। मतलब यह कि अगर किसी ने 1979 में सेंसेक्स में सौ रुपये लगाए होते, तो बीते शुक्रवार को दोपहर तक उसके खाते में अस्सी हजार रुपये होते। हालांकि, बाजार बंद होते-होते यह 80,000 से कुछ नीचे खिसक गया, फिर भी 45 साल में सौ का अस्सी हजार होने का अर्थ है, आठ सौ गुना की उछाल। यह सफर बहुत आसान नहीं रहा है। सेंसेक्स ने पहली बार 1,000 का आंकड़ा पार किया जुलाई 1990 में, यानी शुरू होने के करीब चार साल बाद, पर उसके बाद अचानक तेजी का तूफान आया और अप्रैल 1992 तक यह 4,474 पर पहुंच गया। यह हर्षद मेहता का दौर था। घोटाला खुलते ही बाजार को तगड़ा झटका लगा और वह गिरकर लगभग आधा रह गया। मगर धीरे-धीरे फिर संभला और 1994 तक यह फिर नई ऊंचाई की तरफ बढ़ने लगा। साल 1999 में यह पांच हजार का शिखर छूने में कामयाब हुआ। वहां से अगले पांच हजार का सफर तय होने में फिर करीब छह साल लगे और यह पूरा हुआ फरवरी 2006 में, जब सेंसेक्स दस हजार के पार पहुंचा। मगर उसके बाद 11, 12, और 13 हजार के पड़ाव उसी साल पार हो गए और अगले साल, यानी 2007 में इसने एक साथ 15 हजार और 20 हजार के नए शिखर बना लिए। साल 2008 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा संकट व मंदी का असर भारत पर भी पड़ा और आगे के एक हजार पॉइंट का सफर तय करने में तीन साल से ज्यादा का वक्त निकल गया। और फिर, 2010 से 2014 तक सेंसेक्स 22,000 पर पहुंच पाया। उसी साल इसने 28,000 तक की छलांग भी लगाई। और थोड़ा ऊंच-नीच के साथ कोरोना से पहले यानी, जून 2019 में यह 40 हजार पार कर गया। कोरोना का झटका जरूर लगा, मगर बाजार जल्द ही उससे भी उबर गया और दिसंबर 2020 तक सेंसेक्स 45 हजार, फरवरी 21 तक 50 हजार और सितंबर तक 60 हजार भी पार कर गया। यहां से आगे की कहानी तो बिल्कुल साफ है। सवाल है कि सेंसेक्स की यह तेजी क्या भारत की आर्थिक तरक्की का हाल बयान कर रही है? या फिर अदम गोंडवी की तर्ज पर कहें कि- तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं ये दावा किताबी है? सवाल गंभीर भी है और जरूरी भी। शेयर बाजार और कारोबार से जुड़े लोग लंबे समय से सेंसेक्स को भारतीय अर्थव्यवस्था का बैरोमीटर मानते रहे हैं। दूसरी तरफ, शेयर बाजार को जुए का अड्डा मानने वाले लोग भी कम नहीं हैं और वे कहते हैं, इस तरह के आंकड़े देश की अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर नहीं दिखा सकते, बल्कि इसके उलट यह गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से ध्यान भटकाने का काम करते हैं। लंबे समय तक यह बात सही भी लगती थी, क्योंकि शेयर बाजार चंद अमीर लोगों या उनके साथ जुड़े निहित स्वार्थों के क्लब की ही तरह चला करता था। मगर 1999 में नेशनल सिक्यूरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, यानी एनएसडीएल की शुरुआत हुई और कुछ साल बाद शेयर बाजार में लेन-देन के लिए डीमैट अकाउंट जरूरी हो गया। अब डीमैट अकाउंट धारकों की गिनती से मोटा हिसाब लग सकता है कि शेयर बाजार से कितने लोग जुड़े हुए हैं। 2007 की एक रिपोर्ट बताती है कि उस साल सितंबर तक एनएसडीएल के पास कुल 65.7 लाख और दूसरी डिपॉजिटरी सीडीएसएल के पास 35 लाख डीमैट अकाउंट थे। म्यूचुअल फंड के रास्ते जाने वालों की गिनती का हाल कुछ बेहतर था। 31 मार्च, 2009 को भारत में करीब पौने चार करोड़ म्यूचुअल फंड फोलियो यानी खाते खुले हुए थे। हालांकि, कुल कितने निवेशक हैं, यह हिसाब लगाना मुश्किल है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5428

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5427

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज सफलता के योग बन रहे हैं और आपको करियर के मामले में लाभ होगा। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा और आप सफल होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### वृष
आज लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और आपको मेहनत करने से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में निरन्तर परिश्रम करने से लाभ होगा। शाम के समय अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ेगा और आप काफी बिजी भी हो जाएंगे। सफलता के योग अच्छे हैं प्रयास करके सभी आवश्यक कार्य निपटा लें।

### मिथुन
आज दिन लाभ देने वाला होगा। आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। नए-नए खर्चे निकलकर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है। शाम को लाभ होगा और भाग्य में वृद्धि के योग हैं। हर मामले में चौकन्ने रहें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

### तुला
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। किसी कार्य की अधिकता के कारण आपकी सेहत बिगड़ सकती है। खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला व साहित्य में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बुजुर्ग के सहयोग से व्यवसाय में प्रगति होगी। शाम तक शुभ कार्य में आपको सफलता मिलेगी।

### वृश्चिक
आज आपको नौकरी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति होगी। बड़े बुजुर्ग की मदद से कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। खर्च में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है। कला-क्रीड़ा व साहित्य के क्षेत्र में आ रही बाधा दूर होने की संभावना है। आपके घर में विवाह के शुभ योग बन रहे हैं।

### धनु
आज करियर में लाभ का दिन है और आपको मनचाही सफलता मिलने से भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी समाप्त हो जाएगी और आपको संतान से करियर के मामले में लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन सावधानी से बिताने का है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है और आपको काफी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल के समय कोई विशेष कार्य निपट जाने से उत्साह बढ़ेगा।

### सिंह
आज आप अपने विरोधियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में आपके लिए सम्मान बढ़ेगा। इच्छित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा। रात्रि के समय किसी मंगल कार्य में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। आपका खर्च भी अधिक होगा और दौड़भाग भी करनी पड़ेगी।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको कहीं से फंसी पेमेंट मिल सकती है। आपको सुव्यवस्था का कोई कार्य सौंपेगा। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा।

### मकर
आज करियर में लाभ होगा। पारिवारिक मामलों में खटपट हो सकती है। साहस और धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी और आपके कार्य सफल होंगे। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। लेनदारियां वापस आने का समय है। सायंकाल में दूर या पास की यात्रा का योग है।

### कुंभ
आज दिन भाग्यशाली है और आपके आनंद में वृद्धि होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को मेहनत करने से भरपूर लाभ होगा और नौकरीपेशा लोगों की आमदनी बढ़ेगी। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। शाम के वक्त व्यापार में कुछ की आशा बंधेगी और आपको लाभ होगा।

### मीन
आज लाभ होगा और आपके पराक्रम व धन में वृद्धि होगी। किसी कानूनी मामले में आपकी जीत होगी और घर में पूरे दिन प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनंदित होंगी। शाम के समय किसी नए कार्य का आरंभ होगा। समाज में सम्मान मिलेगा।

## वर्ग पहेली 5428

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | 9 | | | |
| | ■ | 10 | | | ■ | | ■ |
| 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | | 18 | ■ |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 |
| ■ | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | ■ | |
| ■ | ■ | 27 | | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इस देश की महिलाओं को 26 अगस्त 1920 में मताधिकार मिला (4)
4. किसी विशेष अवसर पर माथे या ललाट पर किसी दूसरे हाथ से लगाया जाने वाला टीका या तिलक (3)
7. आग की लपट, ज्वाला, लौ (2)
8. स्मरण करना, स्मृति में होना (5)
10. स्वयं का, निज का, निजी (3)
11. एक सोमवंशीह राजा जिसके वंश में पांडु और धृतराष्ट्र उत्पन्न हुए थे (2)
13. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
15. पदार्थ, द्रव्य (1)
16. नाप, किसी वस्तु को नापने से प्राप्त परिणाम (2)
17. अधिक धूप लगने या मानसिक तनाव से सिरदर्द होना (4)
19. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
20. उग्र, प्रचंड, प्रबल (2)
22. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोक गायिका (5)
27. स्मृति चिन्ह, निशानी (उर्दू)(4)

**ऊपर से नीचे**
1. फिल्म इंडस्ट्री में यह अभिनेता दादामुनी के नाम से भी जाने जाते थे (6)
2. उत्सव, देवदर्शन आदि शुभ अवसर पर एकत्र भीड़ (2)
3. एक शरीर को छोड़कर दूसर शरीर धारण करना (5)
4. मनाही, निषेध, रोकने का भाव (2)
5. ये एक आयुर्वेदिक विशारद के रूप में विख्यात है, वे कुषाण राज्य के राजवैद्य थे (3)
6. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
9. अविरामत, दन-दन शब्द करते हुए (4)
12. रूपवाली, रूपवान (4)
14. नासिका, शरीर का एक संवेदी अंग (2)
18. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
21. किसी पदार्थ आदि में आग पकड़ना (3)
23. इस अभिनेत्री कीपहली फिल्म सरगम (1979) थी (सिर्फ आरंभिक नाम) (2)
24. नदी का पुल्लिगवाची शब्द (2)
25. क्लर्क, लिपिक
26. मुस्लिम धर्म के मानने वालों का प्रसिद्ध त्यौहार (2)

### वर्ग पहेली 5427 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | ■ | स | व्य | सा | ची |
| ग | ब | न | ■ | ब | ■ | म | न |
| णे | ■ | पु | ल | क | ना | ■ | ■ |
| शा | य | र | ■ | सि | प | हि | या |
| य | म | ■ | सि | खा | ना | ■ | ता |
| न | ज | ला | ■ | ना | ■ | मा | या |
| मः | ■ | व | ज्ञ | ■ | ग | ल | त |
| ■ | पु | ण्य | ■ | फ | त | वा | ■ |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### शाइन सिटी घोटाला

## मास्टर माइंड राशिद नसीम की विदेश में जब्त होगी संपत्ति, निवेशकों के 60 हजार हड़पे थे

**लखनऊ , एजेंसी।** निवेशकों के हजारों करोड़ रुपये लेकर विदेश फरार हुए शाइन सिटी घोटाले के मास्टरमाइंड राशिद नसीम के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) फ्यूजिटिव इकोनॉमिक अफेंडर्स एक्ट (भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम-2018) के तहत केस दर्ज करने जा रहा है। इस एक्ट के तहत यूपी में पहली बार कोई केस दर्ज होगा जिसके बाद राशिद की विदेश में खरीदी गयी संपत्तियों को जब्त किया जा सकेगा।



इस एक्ट के तहत बैंकों की रकम हड़पने वाले उद्योगपति विजय माल्या और हीरा कारोबारी नीरव मोदी समेत देश के 14 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शाइन सिटी के निवेशकों का करीब 60 हजार करोड़ रुपये हड़पने के बाद दुबई में पनाह लेने वाले राशिद नसीम पर अब इस एक्ट के तहत भगोड़ा घोषित करते हुए शिकंजा कसा जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक इस एक्ट के तहत केस दर्ज करने की कुछ शर्तें होती हैं जिसमें विदेश भागने वाले व्यक्ति द्वारा 100 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी अंजाम देना, उसका विदेश में होना और वापस आने से इनकार करना तथा देश की किसी अदालत द्वारा उसके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी होना आदि शामिल है। राशिद नसीम के मामले में ये सारी शर्तें लागू होने से इस एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है।

**दुबई में कर रहा हीरे का कारोबार–** जांच एजेंसियों के मुताबिक राशिद नसीम विदेश भागने के बाद नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के साथ दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों में हीरे का कारोबार कर रहा है। इसके पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद विदेश में खोली गई उसकी कंपनियों की पड़ताल जारी है। दरअसल, राशिद ने निवेशकों की रकम को शेल कंपनियों के जरिये अपनी विदेशी कंपनियों के खातों में डायवर्ट किया जिससे कई संपत्तियों को खरीदा गया। अब ईडी इन संपत्तियों को चिह्नित कर जब्त करने की कार्रवाई करेगा।

**अब तक इनके खिलाफ हुई कार्रवाई–** विजय माल्या, नीरव मोदी, नितिन संदेसरा, चेतम संदेसरा, दीप्ति संदेसरा, हितेश कुमार नरेंद्र भाई पटेल, जुनैद इकबाल मेमन, बाजारा मेमन, आसिफ इकबाल मेमन, जाकिर नाईक, संजय भंडारी, नितीश ठाकुर, मेहुल चोकसी और जतिन मेहता।

## अचानक ब्रेक लगने से स्कूटी से गिरकर युवती की हुई मौत

**गाजियाबाद , एजेंसी।** सिटी क्षेत्र के लाल कुआं के पास बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे अचानक ब्रेक लगाने पर असंतुलित होकर स्कूटी पर पीछे बैठी ईशा झा सड़क पर गिर गईं। हादसे में उनकी मौत हो गई। वह अपने पिता के साथ स्कूटी से दादरी की ओर जा रही थीं।

एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि महिंद्रा एंक्लेव निवासी प्रदीप झा अपनी बेटी ईशा झा के साथ स्कूटी से छपरौला दादरी की ओर जा रहे थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि जैसे ही वह लाल कुआं पर केशल धनवंती अस्पताल के पास पहुंचे तो उनकी स्कूटी के सामने एक वाहन आ गया। जिस कारण उन्हें स्कूटी के ब्रेक लगाने पड़े। ऐसे में स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और बेटी गिर गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

गाजियाबाद। विजयनगर क्षेत्र में राठी मिल के पास रिक्शा चालक रामकरण (40) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह हुआ। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि रामकरण क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के सेन विहार के रहने वाले थे। घटना स्थल पर जानकारी करने से पता चला कि अज्ञात वाहन से टकरा जाने के कारण मौत हो गई। वाहन की पहचान के लिए आसपास की सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है।

# बाढ़ से हालात बिगड़ने से 15 लोगों की मौत

## बिजली गिरने से 44 लोगों की मौत

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के चलते बाढ़ से हालत बिगड़ गए हैं। बाढ़ से सबसे ज्यादा बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, बहराइच, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, आयोध्या, गोंडा और बलरामपुर प्रभावित हैं। इन्हीं जिलों में बुधवार को बाढ़ के चलते 15 लोगों की मौत हो गई। लखीमपुर खीरी में सबसे ज्यादा चार लोगों की जान गई। वहीं बहराइच में तीन, सीतापुर, पीलीभीत बदायूं और श्रावस्ती में एक-एक जबकि बरेली व बलरामपुर में दो-दो लोगों की डूबने से मौत हो गई।

अवध में बारिश थमने से भले ही बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती व बहराइच में बुधवार को कुछ राहत मिली, लेकिन गोंडा व बलरामपुर में संकट बरकरार रहा। अयोध्या, अंबेडकरनगर व बाराबंकी के भी कुछ क्षेत्रों में बाढ़ से हालात बन गए हैं। सुबह शारदा, गिरिजा व सरयू बैराज से 3.6 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बहराइच में सरयू नदी खतरे के निशान से 49 सेंटीमीटर ऊपर बहने लगी। यहां के करीब 24 गांवों में पानी भरा हुआ है।



अंबेडकरनगर में नदी लाल निशान 85.19 मीटर तक पहुंच गई। इससे अराजी देवारा संपर्क मार्ग बह गया। बलरामपुर जिले में मंगलवार की रात लखमा गांव के पास राप्ती नदी का तटबंध कट गया। मौके पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने छह घंटे के भीतर ही कटान को रोक लिया। इससे करीब 20 गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली। बाराबंकी में बाढ़ से 36 गांवों में तबाही मची है। सिरौलीगौसपुर व रामनगर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण मजबूरी में तटबंध पर शरण लिए हुए हैं। अयोध्या में सरयू लाल निशान से 27 सेमी ऊपर पहुंच गई। इससे कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए। गोंडा में सरयू खतरे के निशान से 58 सेमी ऊपर पहुंच गई है।

उधर, मंगलवार रात शाहजहांपुर शहर भी बाढ़ की चपेट में आ गया। यहां के 20 से अधिक मोहल्लों में नदियों का पानी घुस गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के 20 हजार लोग इससे प्रभावित हुए हैं। फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए सेना की मदद लेना पड़ी। वहीं एनडीआरएफ ने मोर्चा संभाल लिया।

लखीमपुर खीरी में डेढ़ सौ गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में विद्युत आपूर्ति का संकट खड़ा हो गया है। वहीं लोग छतों पर आसरा लिए हुए हैं, वे खाने को भी तरस रहे हैं। हालांकि प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद का दावा कर रहा है। पीलीभीत शहर के बाद मंगलवार देर शाम को यहां के बीसलपुर कस्बे के पांच मोहल्लों और 60 गांवों में भी देवहा नदी का पानी घुस गया। हालांकि शहर में कुछ राहत रही। शाहजहांपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं गर्रा और खन्नौत नदियों का पानी बुधवार को शहर में घुस गया। यह शहर इन्हीं दो नदियों के बीच में बसा है। मंगलवार रात अचानक जलस्तर में वृद्धि हुई। इससे अक्षरधाम कॉलोनी में पानी घुस गया। रात में यहां के 25 परिवारों को किसी तरह से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। इन जगहों के लोगों को बाहर निकालने के लिए सेना की स्थानीय मद्रास रेजिमेंट की मदद लेनी पड़ी।

**बिजली गिरने से 44 की मौत–** वहीं, प्रदेश में बुधवार को बिजली गिरने से 44 लोगों की मौत हो गई। इसमें सबसे ज्यादा 12 लोगों की प्रयागराज मंडल में जान चली गई। इसके अलावा कानपुर और बुंदेलखंड में 6, वाराणसी मंडल में 9, मैनपुर में 5 जबकि देवरिया और सिद्धार्थनगर में एक-एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं अवध क्षेत्र में भी 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें सुल्तानपुर में छह, अमेठी में तीन व रायबरेली में एक किसान की मौत हो गई। यहां तीन छात्राएं झुलसी भी हैं।

### 24 घंटे में गंगा तीन और यमुना का चार सेमी. बढ़ा जलस्तर, तेज बारिश का दिखने लगा असर

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तराखंड एवं अन्य इलाकों में हो रही बारिश का असर गंगा और यमुना के जलस्तर पर दिखना शुरू हो गया है। हालांकि, अभी घबराने की बात नहीं है। क्योंकि प्रयागराज में दोनों नदियां चेतावनी बिंदु से काफी नीचे बह रही हैं। बीते 24 घंटे के दौरान प्रयागराज में गंगा का जलस्तर तीन सेमी और यमुना का जलस्तर चार सेंटीमीटर बढ़ा है।

बीते कुछ दिनों से उत्तराखंड, पश्चिमी यूपी समेत तमाम इलाकों में बारिश हो रही है। इसका असर नदियों के जलस्तर में भी देखने को मिला है। हालांकि, प्रयागराज में गंगा और यमुना में जलस्तर बढ़ने की गति ज्यादा नहीं है। यहां चेतावनी बिंदु से दोनों ही नदियां काफी नीचे बह रही हैं। मंगलवार रात आठ बजे की तुलना में गंगा का फाफामऊ में जलस्तर तीन सेंटीमीटर बढ़कर 76.01 मीटर पहुंच गया। इसी तरह छतनाग में गंगा का जलस्तर 71.71 से बढ़कर 71.74 पहुंच गया। वहीं नैनी में यमुना का जलस्तर चार सेमी बढ़ा। यहां मंगलवार की रात आठ बजे जलस्तर 72.55 मीटर था जो बुधवार की रात 72.59 मीटर पहुंच गया। यहां भी यमुना का जलस्तर 24 घंटे में चार सेमी बढ़ा।

### सीएम ने पीलीभीत-खीरी का हवाई दौरा कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बांटी राहत सामग्री

बाढ़ से जूझ रहे लोगों का हाल जानने के लिए सीएम योगी ने बुधवार को पीलीभीत और लखीमपुर खीरी का हवाई दौरा किया। साथ ही दोनों जिलों में लोगों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री बांटी। उन्होंने भरोसा दिया कि बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद की जाएगी। बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिया जाएगा और जान गंवाने वालों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये दिए जाएंगे। पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र के चंदिया हजारा गांव पहुंचे मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के लिए अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने शहर के साथ ही बीसलपुर इलाके का भी हवाई दौरा किया। पूरनपुर के रूदपुर गांव में भी उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात की। पीलीभीत से वह लखीमपुर खीरी पहुंचे। वहां बाढ़ क्षेत्रों का हवाई दौरा किया और स्टीमर से महदेवा गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बात की। शारदा नगर कॉलोनी पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा में सरकार आपके साथ खड़ी है।

# हरियाणा में इनेलो के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी बसपा, गठबंधन का हुआ एलान



**लखनऊ , एजेंसी।** हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने इंडियन नेशनल लोकदल के साथ गठबंधन का एलान कर दिया है। इसकी घोषणा खुद बसपा सुप्रीमो मायावती ने की।

उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी व इण्डियन नेशनल लोकदल मिलकर हरियाणा में होने वाले विधानसभा आमचुनाव में वहां की जनविरोधी पार्टियों को हराकर अपने नये गठबंधन की सरकार बनाने के संकल्प के साथ लड़ेंगे, जिसकी घोषणा मेरे पूरे आशीर्वाद के साथ आज चण्डीगढ़ में संयुक्त प्रेसवार्ता में की गयी। उन्होंने कहा कि इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला आदि तथा बीएसपी के आनन्द कुमार, नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनन्द व पार्टी के राज्य प्रभारी रणधीर बेनीवाल की बुधवार को हुई प्रेसवार्ता से पहले दोनों पार्टियों के बीच नई दिल्ली में मेरे निवास पर गठबंधन को लेकर सफल वार्ता हुई।

हरियाणा में सर्वसमाज-हितैषी जनकल्याणकारी सरकार बनाने के संकल्प के कारण इस गठबंधन में एक-दूसरे को पूरा आदर-सम्मान देकर सीटों आदि के बंटवारे में पूरी एकता व सहमति बन गई है। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह आपसी एकजुटता जन आशीर्वाद से विरोधियों को हरा कर नई सरकार बनाएगी। बता दें कि बसपा लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में एक भी सीट नहीं जीत सकी। वहीं, यूपी विधानसभा में भी पार्टी का सिर्फ एक ही विधायक है।

### जाम लगाने व रेलिंग तोड़ने के आरोप में 60 लोगों पर मुकदमा

**मोदीनगर , एजेंसी।** खिंदौड़ा गांव में 21 जून को हुई पिता-पुत्र की हत्या के विरोध 22 जून को गंगनहर पटरी मार्ग पर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मार्ग जाम करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 50-60 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मेरठ के जानी स्थित रसूलपुर धौलड़ी निवासी पप्पू और उनके बेटे शाहनवाज की 21 जून की रात खिंदौड़ा रजवाहा मार्ग पर गोली मारकर हत्या करने के बाद शव रजवाहे में फेंक दिए गए थे। गोली लगने से पप्पू का दूसरा बेटा चांद गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना से आक्रोशित लोगों ने 22 जून की सुबह एकत्रित होकर निवाड़ी पहुंचे थे। लोग आरोपियों का एनकाउंटर व उनके घरों पर बुल्डोजर चलाने की मांग कर गंगनहर पटरी मार्ग पर जाम लगा दिया था। उस समय मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला था। मगर, अब घटना के लगभग बीस दिन बाद थाने पर तैनात उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार रसूलपुर धौलड़ी और आसपास के 50 से 60 अज्ञात लोगों ने निवासी गंगनहर पटरी की रेलिंग तोड़कर मार्ग पर जाम लगाया था। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा में 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वीडियो फुटेज आदि माध्यम से आरोपियों की पहचान की जाएगी

## बस्ती के पैरामेडिकल कॉलेज में 25 विद्यार्थियों का करवा दिया फर्जी प्रवेश, केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** बस्ती जिले के सावित्री पैरामेडिकल कॉलेज में डीफॉर्मा में प्रवेश के नाम पर फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। आरोप है कि वर्ष 2019 में 25 विद्यार्थियों से डेढ-डेढ़ लाख रुपये के हिसाब से करीब 38 लाख रुपये जमा कर लिए। फीस जमा कराकर विद्यार्थियों को फर्जी रजिस्ट्रेशन संख्या और जमा रसीद दे दी गई। कुछ विद्यार्थियों का फर्जी डिग्री थमा देने का भी आरोप है। कॉलेज प्रबंधन में सहयोगी शाहपुर इलाके के राप्तीनगर निवासी व बद्रिका कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस के प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने नौ जुलाई को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज होने के बाद से ही कॉलेज का प्रबंधक फरार है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर पुलिस ने बस्ती के मीरा हॉस्पिटल व सावित्री पैरामेडिकल कॉलेज के मालिक सत्यजीत सिंह उर्फ सन्नी, मैनेजर गुलरिहा निवासी विश्वजीत और रजिस्ट्रार अमित के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया है।तहरीर देने वाले सौरभ ने पुलिस को बताया कि बस्ती के सत्यजीत सिंह उर्फ सन्नी से उनकी मुलाकात 2016-17 में हुई थी। तब उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया इंस्टीयूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एवं सावित्री कॉलेज चलाते हैं। यह हिमाचल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश व सिंघानिया विश्वविद्यालय राजस्थान से संबद्ध है। वह डीफार्मा का पाठ्यक्रम संचालित करते है। उन्होंने बताया कि सत्यजीत सिंह उर्फ सन्नी ने उनसे कहा कि जो बच्चे डीफॉर्मा के लिए एडमिशन लेंगे, उन्हें यह कोर्स सिंघानिया विश्वविद्यालय से कराया जाएगा। इसको लेकर दोनों के बीच समझौता हुआ।सौरभ ने 2019 में 66 विद्यार्थियों का डीफार्मा में प्रवेश करवाया। सौरभ का आरोप है कि इसमें से 25 ने कुछ महीने बाद शिकायत की, उनका प्रवेश नहीं हुआ है। सौरभ को छात्रों ने रसीद दिखाई। सत्यजीत से जब सौरभ ने ये बात बताई तो वह टालमटोल करने लगा। चार साल बाद सौरभ ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर छात्रों के सारे कागजात प्रस्तुत किए। बताया कि परीक्षा नहीं होने की शिकायत जब भी छात्र करते थे तो टालमटोल कर अगले सत्र में कराने का आश्वासन दिया गया।

## नकली फेविक्विक बनाने के कारखाने में छापा

### पैकिंग मशीन सील

**लोनी।** नसबंदी कॉलोनी में नकली फेविक्विक बनाने के कारखाने में निजी कंपनी की टीम ने छापा मारा। टीम ने कारखाने से नकली फेविक्विक बनाने का मैटेरियल बरामद कर पैकिंग मशीन को सील कर दिया। टीम ने मौके से मैटेरियल का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। कंपनी के पदाधिकारी ने अंकुर विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। निजी कंपनी के सीनियर मैनेजर तौकीर ने बताया कि उन्हें कंपनी के नकली उत्पाद बेचने व बनाने वालों के खिलाफ पुलिस विभाग में शिकायत दर्ज कराने के लिए अधिकृत किया है। उन्हें सूचना मिली थी कि लोनी की नसबंदी कॉलोनी में एक मकान के अंदर नकली उत्पाद बनाए जा रहे हैं। उन्होंने टीम के साथ मौके का छापा मारा। इस आधार पर मकान में नकली फेविक्विक तैयार की जा रही थी। उन्होंने अंकुर विहार पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। मकान में 10300 पीस तैयार फेविक्विक नकली मिली। 5.5 किली खाली रेपर, 1.8 किलो डिब्बी केमिकल भरी हुई मिली। टीम ने दस पीस नमूना लेकर जांच को भेजा है। फिलहाल बरामद सामान, पैकिंग मशीन को सील कर दिया।

# डोली से पहले उठी अर्थी

## बेटी की बरात से एक दिन पहले...गला काटकर पिता की हत्या; पलभर में खुशियां मातम में बदलीं

**एटा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के एटा में बुधवार की देर रात प्रेम-प्रसंग में धारदार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या कर दी गई। आसपास सो रही मां और बहन को भनक तक नहीं लगी। हत्या करने के बाद आरोपी घर में ताला लगाकर मौके से फरार हो गए। सुबह जानकारी हुई तो घर में चीख पुकार मची हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्तल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। घटना मारहरा थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव की है।

गुरुवार को गांव निवासी माया प्रकाश की हत्या की गई है। बेटे सूरज ने बताया कि शुक्रवार को उसकी बहन प्रीति की बरात आनी है। घर में ढोलक की थाप पर मंगल गीत गाए जा रहे थे। बुधवार की देर रात तक गीत व अन्य वैवाहिक कार्यक्रम चलते रहे। उसके बाद सभी लोग सो गए।

पिता माया प्रकाश भी घर के सामने ही चारपाई डालकर सो रहे थे। बगल में दादी फूलवती सो रहीं थी। पास में ही पिता की मुंहबोली बहन दानवती सो रही थी। सुबह 5 बजे जब लोग इनको जगाने पहुंचे तो देखा उनका गला कटा हुआ है। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। विवाह के मंगल गीत करुण क्रंदन में बदल गए। बताया कि पड़ोस में रहने वाले आकाश, उसके पिता अतर सिंह और उसकी मां आए दिन हम लोगों को परेशान करते थे। तीन-चार माह पूर्व भी आकाश ने हम लोगों के साथ अभद्रता की थी। इसके बाद ग्राम प्रधान व अन्य लोगों ने पंचायत के माध्यम से फैसला कर दिया था।



### स्पेन में बैठी महिला के खाते में जमा होती थी धोखाधड़ी की रकम

कौशांबी , एजेंसी ।स्पेन में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए दाखिला दिलाने के बहाने हुए धोखाधड़ी के मामले में पुलिस को नई जानकारी मिली है। जांच में सामने आया कि स्पेन में बैठी महिला के खाते में धोखाधड़ी की पूरी रकम जमा होती थी। पुलिस उसकी जानकारी जुटा रही है। दो टीमों को शिकायतकर्ताओं के कागजात और आरोपियों की जानकारी जुटाने में लगाया गया है। डीसीपी निमिष पाटिल का कहना है कि दो टीमों को मामले की हर पहलू से जांच करने में लगाया है। नामजद दो आरोपी भागे हुए हैं। उनकी तलाश में टीम लोकेशन ट्रेस कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि विदेश से मेडिकल की पढ़ाई के नाम पर आधी रकम स्पेन में बैठी गिरोह की दूसरी महिला अपने खाते में जमा कराती थी।



# ओशो का किरदार पर्दे पर जीना चाहते हैं नवाजुद्दीन

**मंटो और बाल ठाकरे की बायॉपिक कर चुके नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब रजनीश (ओशो) का किरदार पर्दे पर जीना चाहते हैं। वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार बैठे हैं। उनका झुकाव अध्यात्म की तरफ हमेशा से रहा है। यही वजह है कि वह ऐक्टिंग में आने से पहले भिक्षु बनने के लिए धर्मशाला चले गए थे। अब वह अध्यात्म से अपने ऐक्टिंग के जरिए जुड़ने की कोशिश करते हैं। साथ ही कई दार्शनिकों को पढ़ने-समझने के बाद उन्हें इस बात का भी अहसास हो गया कि उनका जीवन सही दिशा में जा रहा है।**

### अनुराग पास होते तो लगता कोई अपना है

बहुत लोग कहते हैं कि मैं आंखों से अभिनय करता हूं। यह बात अभी मेरे फिल्म के को-स्टार राजेश कुमार ने भी कही थी। उनके साथ अभिनय का यह फायदा हुआ कि हमारे बीच रिएक्शन के साथ ही ऐक्टिंग भी बाहर निकलती गई। जिस तरह वह मुझे बोलते थे और मैं रिएक्ट करता था, उसमें ही मेरी आधे से ज्यादा ऐक्टिंग हो जाती थी। वह अपने साथ वालों का बहुत आदर करने वाले इंसान हैं, जो उनकी परफॉर्मेंस में झलकता है। आंखों वाली बात तो अनुराग कश्यप को भी लगती है कि अगर मैं बिना बोले भी शॉट दूं तो अपने हाव-भाव और एक्सप्रेशन से ऐक्टिंग कर जाऊंगा। इसकी वजह है कि उन्होंने मुझे बहुत गौर से देखा है। वह जिक्र कर चुके हैं कि अगर नवाज़ को देखना है तो उनकी आंखों में देखो। खुशी होती है कि उन्होंने मुझे इतनी बारीकी से देखा और इतने अच्छे रोल दिए। वह जब मेरे साथ होते हैं तो बहुत सिक्योर फील होता है कि अपना कोई है।

### मेरे ग्रे शेड वाले किरदार हीरो बन गए

आप कह सकते हैं कि ग्रे शेड वाले किरदारों में करने के लिए बहुत कुछ होता है, लेकिन आप देखेंगे कि मैंने वो किरदार किए हैं, जो ग्रेड शेड में नजर आएंगे, लेकिन उनकी हैसियत हीरो वाली होगी। ग्रे शेड में हीरो वाला ओहदा। फिर चाहे गैंग्स ऑफ वासेपुर का फैजल हो या सैक्रेड गेम्स का गणेश गायतोंडे। दरअसल, मेरी असली पसंद ही ऐसे किरदार रहे हैं। मैंने इन्हें चुना और इनमें अपना सबकुछ निचोड़कर डाल दिया इसीलिए ये ग्रेड शेड होकर भी हीरो बन गए। मुझे सपाट हीरो के किरदार कभी समझ में नहीं आते। लगता है कि अच्छा इंसान बुरा बन जाए या बुरा इंसान अच्छा बने तो जो ट्रांसफॉर्मेशन होता है, वो बहुत दिलचस्प होता है और खेलने के लिए बहुत स्पेस मिलता है।

### रजनीश को पढ़ा तो लगा कि सही दिशा में जा रहा हूं

ओशो ने कहा है कि अगर कुछ करो तो सफल और विफल होने का खयाल ही मन से निकाल दो। बस उस काम में रस लेने के साथ डूबते जाओ। मैंने जब उनकी यह बात पढ़ी तो मुझे लगा कि मैं तो सही दिशा में जा रहा हूं। असल में, मैं भी ऐक्टिंग इंडस्ट्री में इसलिए नहीं आया था कि मुझे सुपरस्टार बनना है। मैं चाहता था कि बस काम करता रहूं और जिंदगी चलती रहे। मैंने ना फल देखा, ना उसके आगे पीछे स (सफल) और व (विफल) जोड़ा। ये भाव ओशो को पढ़ने के पहले ही जिंदगी ने मुझे दे दिया था। मैंने जब ग्रैजुएशन किया तो मैं आवारा-तरीके से यहां-वहां घूमता रहा। उस वक्त जिंदगी ने बहुत सी चीजें सिखा दीं, जिसमें एक अद्भुत बात यह भी थी।

# ऑस्कर विनर गुनीत मोंगा के साथ काम करना चाहती हैं जरीन खान



बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने सलमान खान की फिल्म वीर से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वह इंडस्ट्री में कुछ फिल्म मेकर्स के साथ काम करना चाहती हैं, इसमें ऑस्कर विनर गुनीत मोंगा का नाम भी शामिल हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि गुनीत मोंगा के काम में क्रिएटिविटी और सोशल मैसेज होता है। जब जरीन से पूछा गया कि वह किस फिल्म मेकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखती है, तो उन्होंने झट से गुनीत मोंगा का नाम लिया। गुनीत मोंगा की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि कहानी कहने के लिए गुनीत का पैशन वास्तव में प्रेरणादायक है। कहानियों को जीवंत करने की उनकी क्षमता वाकई तारीफ के काबिल है। उन्होंने कहा कि चाहे वह कटहल हो, पगलैट हो, मसान हो, डॉक्यूमेंट्री द एलीफेंट व्हिस्परर्स हो या हाल ही में रिलीज हुई किल हो, उनका काम क्रिएटिविटी और समाज को प्रभावित करता है, जो उन्हें फिल्म मेकिंग की दुनिया की लीडर के तौर पर स्थापित करता है। इससे पहले जरीन ने वेब सीरीज पंचायत 3 की सराहना करते हुए ऐसी कहानियों में काम करने और किरदारों को निभाने की इच्छा जाहिर की थी। जरीन ने कहा था कि पंचायत जैसा शो ओटीटी स्पेस पर हावी हो रहे थ्रिलर और एक्शन जॉनर से बेहद अलग है। हमें ऐसे और शो की जरूरत है। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं ऐसी दुनिया का हिस्सा बनना चाहूंगी, जो मेरी असली क्षमता को सामने लाए। यह कुछ ऐसा है, जिसमें मैं वाकई करना चाहती हूं!




# महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी29 के लिए कोच बने ये अभिनेता

एस. एस. राजामौली भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े फिल्मकारों में से एक हैं। वह इस वक्त के एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके नाम से ही दर्शक सिनेमाघरों में खींचे चले आते हैं। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अपनी पहचान एक ब्लॉबस्टर फिल्म निर्देशक के रूप में पुख्ता कर ली है। बाहुबली के दोनों भाग और आरआरआर की वैश्विक सफलता ने उन्हें भारतीय निर्देशकों की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया है। इस वक्त वह अपनी आगामी फिल्म को लेकर व्यस्त चल रहे है, जिसमें वह सुपरस्टार महेश बाबू के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म को फिलहाल अस्थायी नाम एसएसएमबी 29 दिया गया है। इस फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। यह पहला मौका है, जब महेश बाबू और राजामौली के साथ किसी फिल्म के लिए एक साथ जुड़ रहे हैं। हाल-फिलहाल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा भी किया जा रहा है कि अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर राजामौली फिल्म से जुड़ा कोई वीडियो जारी कर सकते हैं। इसके अलावा फिल्म से जुड़ा एक और अपडेट सामने आया है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर कलाकार नसीर भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ गए हैं। वह अभिनेता को संवाद बोलने के सही भाव को पकड़ने में मदद कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि वर्तमान में अभिनेता के संवाद अदायगी को निखारने के लिए गहन कार्यशालाएं चल रही है, जिनसे पर्दे पर उनकी आवाज उन संवादों में जान डाल सके और दर्शकों को भी उनसे जुड़ाव महसूस हो सके। नसीर के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर और भी अधिक बेताब हो गए हैं।

# द कश्मीर फाइल्स के बाद फिर दमदार भूमिका में दर्शन कुमार, आरएमसीएस में आएंगे नजर

फिल्म द कश्मीर फाइल्स में अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाने वाले अभिनेता दर्शन कुमार अपनी अनोखी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। वह जल्द ही फिल्म राजा मंत्री चोर सिपाही (आरएमसीएस) नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह एक ग्रे शेड किरदार में दिखेंगे। फिल्म का निर्देशन गेब्रियल वत्स ने किया है। फिल्म में दर्शन कुमार एक बेहद फैशनेबल व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म की पूरी कहानी उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमेगी। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा की। फिल्म को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए दर्शन कुमार ने कहा, मैं इस फिल्म से जुड़कर गर्व मसहूस कर रहा हूं, क्योंकि इस फिल्म की वजह से मुझे अलग तरह की भूमिका में अपने आपको खोजने का मौका मिला। मैं पूरी उम्मीद के साथ कह सकता हूं कि मेरा किरदार लोगों को पसंद आएगा और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। गेब्रियल वत्स के साथ काम करना सचमुच एक अलग अनुभव था। आरएमसीएस की कहानी काफी अलग है, इस वजह से लोगों को इसे जरूर देखना चाहिए। फिल्म आरएमसीएस को टी एंड पोएट्री फिल्म्स बैनर के तहत नीरज शर्मा और सीमा सैनी बना रहे हैं। सीमा सैनी ने इसकी कहानी और पटकथा लिखी है। वहीं, इसका संगीत संजय बोस और सीमा सैनी ने तैयार किया है। लोगों को फिल्म के गाने शाहिद माल्या, नक्काश अजीज, देव नेगी, ब्रिजेश शांडिल्या, प्रतिभा सिंह बघेल और दिवगंत सिंगर केके की आवाज में सुनने को मिलेंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसे हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।



# मिर्जापुर के किरदार गोलू से बाहर निकलने के लिए थेरेपी का सहारा लिया

**सीरीज मिर्जापुर का तीसरा सीजन अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया गया है। पिछले सीजन की तरह इस सीजन में भी गोलू गुप्ता के रोल में श्वेता त्रिपाठी खूब जची हैं। सीरीज में उनके साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल, विजय वर्मा जैसे कलाकार भी दिखाई दिए हैं।**

**आपने खुद को मिर्जापुर के रोल के लिए कैसे तैयार किया?**

सीरीज में गजगामीनी का किरदार बहुत ही कॉम्प्लेक्स है। सीजन 1 में गोलू के अपने कुछ सपने थे, जिसे वो पूरा करना चाहती थी। लेकिन उससे वो सपने छीन लिए जाते हैं। उन्हीं सपनों के छिन जाने का बदला लेते हुए गोलू को दूसरे सीजन में देखा गया है।

**पहले गोलू शांत स्वभाव की थी। लेकिन पिछले और इस सीजन में वो सर्वाइव करने के लिए किसी भी हद जाने को तैयार है। इस पर क्या कहना है?**

हां, बिल्कुल ऐसा ही है। गोलू को हालात ने मजबूर किया है। इस वजह से वो ऐसा कर रही है। गोलू शुरुआत में ऐसी नहीं थी। लेकिन उसकी जिंदगी में ऐसे इवेंट्स हुए, जिसने उसको पूरी तरह से बदल दिया। इसलिए हमें किसी इंसान को जज करने से पहले सोचना चाहिए कि इंसान जैसा बिहेव कर रहा है, तो क्यों कर रहा है।

**शूटिंग के वक्त सेट पर माहौल कैसा रहता था?**


इस शो में बहुत शानदार एक्टर्स हैं। सीरीज का डायरेक्शन भी कमाल का है। सेट पर बहुत अच्छा माहौल रहता था। यहां हर एक्टर्स अपने को-एक्टर्स को सपोर्ट करते हैं। सब मिलकर इस सीरीज को परफेक्ट बनाने के लिए काम करते हैं। एक्टिंग के पूरे प्रोसेस में विजय वर्मा ने मुझे बहुत सपोर्ट किया है।

**सेट पर आपकी बॉन्डिंग सबसे ज्यादा किसके साथ स्ट्रॉन्ग है?**

सीरीज में मेरे अधिकतर सीन्स अली फजल और विजय वर्मा के साथ हैं। इस वजह से सेट पर इन्हीं दोनों के साथ सबसे ज्यादा टाइम बिताती हूं। मैं अली को पिछले 13 साल से जानती हूं। मैंने उसे ग्रो करते हुए देखा है। वहीं, विजय के साथ मैंने मिर्जापुर से पहले भी कई प्रोजेक्ट में साथ काम किया है। विजय एक बहुत ही अच्छे इंसान हैं। मेरी ख्वाहिश है कि मैं आने वाले से समय में विजय के साथ और भी काम कर सकूं।

**गोलू जैसे किरदार को करने के बाद उस किरदार से निकलने में कितना टाइम लगता है?**

मैं सीजन 2 के वक्त बिल्कुल गोलू की दुनिया में चली गई थी। वहां से निकल ही नहीं पा रही थी। समझ में नहीं आ रहा था कि मेरे साथ हो क्या रहा है। कुछ अच्छा नहीं लगता था। गोलू के जैसे ही कपड़े पहनने लगी थी। मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ भी यही हुआ है। मैं भी रियल लाइफ में गोलू के जैसे बिहेव करने लगी हूं। चीजें इतनी बढ़ गई थीं कि मुझे थेरेपी का सहारा लेना पड़ा। थेरेपिस्ट ने इतनी अच्छी ट्रिक बताई जिसकी बदौलत मैं गोलू के किरदार से बाहर निकल पाई।





# साथी होना खूबसूरत लेकिन मैं सिंगल खुश हूं

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिव्या दत्ता कई सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने कई सारी फिल्में की हैं लेकिन वो कभी मेन लीड नहीं बन पाईं। अब दिव्या अपनी फिल्म शर्मा जी की बेटी के साथ वापस आ गई हैं और इससे जुड़ी कई सारी बातें उन्होंने की हैं।

### आपको इस साल इंडस्ट्री में तीस साल हो गए। इस सफर में कितना संघर्ष, कितनी चुनौतियां रहीं?

चुनौतियां तो बहुत थीं। जैसे आपने कहा, मैं बाहर से आई थी तो कुछ मालूम नहीं था कि किससे मिलना है, क्या करना है। सिर्फ ये पता था कि ऐक्टर बनना है पर सही लोग कौन है? सही फिल्म कौन सी है? सही लॉन्च क्या है वो सब नहीं मालूम था। आप कोशिश करते हैं, उसमें गलतियां होती हैं और सुधारते हैं। मुझे शुरू में बहुत रिजेक्शन मिले हैं। पहले तो मुझे इसलिए फिल्म नहीं मिलती थी कि मैं बहुत छोटी थी। मैं 17 साल की थी तो सब कहते थे कि हीरो के साथ बच्ची लगती है। फिर धीरे-धीरे मल्टीस्टारर मिलने लगीं। फिर ट्रेन टू पाकिस्तान मिली, जहां बच्ची का ही रोल था और वो रोल सबको बहुत भा गया। फिर शहीद ए मोहब्बत मिली और वो जो आर्ट सिनेमा कहा जाता है, उसके दरवाजे मेरे लिए खुल गए लेकिन मैं उन चुनिंदा ऐक्टर्स में से हूं, जिन्होंने श्याम बेनेगल, ऋतुपर्णो घोष, राकेश मेहरा, यश चोपड़ा, दोनों तरह के सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर्स के साथ काम किया है।

### फिल्म में आपकी किरदार किरण एकाकीपन से भी जूझती है। आप खुद सिंगल हैं। क्या कभी साथी की कमी नहीं खलती?


निश्चित तौर पर सिंगल होना आसान नहीं है लेकिन सिंगल होने का अपना एक चार्म भी है। मुझे लगता है कि मैं उसे एंजॉय करती हूं। पहले मुझे भी हमेशा यह लगता था कि रिलेशनशिप में होना बड़ा जरूरी है लेकिन कोविड के बाद वो सोच बदल गई, क्योंकि उस दौरान हमने सबसे ज्यादा वक्त खुद के साथ बिताया और मैं उसे एंजॉय करने लगी। एक साथी होना बड़ी खूबसूरत बात है कि आपके पास कोई ऐसा साथी हो जिससे आप अपनी चीजें शेयर कर सकें। अब नहीं है तो मैं अपने दोस्तों के साथ जाती हूं पर मैं जिंदगी में सरप्राइज के लिए तैयार हूं। आपको नहीं पता कि कब क्या हो जाए लेकिन मुझे अपने में एक पूर्णता वाला अहसास भी है। किसी और पर निर्भरता या किसी की जरूरत नहीं है। अगर कोई हो तो बहुत अच्छी बात, नहीं है तो भी मैं ठीक हूं।

### आप इन दिनों काफी चुनिंदा फिल्मों में नजर आ रही हैं। इसकी क्या वजह है?

हम ऐक्टर्स के साथ ऐसा अक्सर होता है कि कभी तो आप केवल शूटिंग कर रहे होते हैं और फिर चार-पांच फिल्में एक साथ आ जाती हैं। मेरा पिछला साल भी ऐसा रहा कि मैं सिर्फ शूट कर रही थी और अब सब एक के बाद एक रिलीज होंगी। पहले बंदिश बैंडिट्स आएगी, फिर एक रुका हुआ फैसला का अडाप्टेशन आएगी। फिर छावा आएगी। एक साउथ का शो किया है, वो आएगी।

### लेखन में क्या चल रहा है। क्या किसी किताब को फिल्म में ढालने का ख्याल नहीं आया?

मैं बच्चों के शॉर्ट स्टोरीज लिखने पर काम कर रही हूं। फिल्मों के लिए लिखने के लिए मेरे डायरेक्टर दोस्त भी कहते रहते हैं लेकिन मैं किताबें लिखकर ही खुश हूं।



# दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है क्लाइमेट में बदलाव

हमारे क्लाइमेट में तेजी से बदलाव आ रहा है और ये दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। कुछ शोध बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इंसानों के दिमाग का साइज करीब 10 प्रतिशत तक सिकुड़ गया है। हमारे रोजमर्रा के 3 काम भी दिमाग को ठप कर सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, अनहेल्दी डाइट, अत्यधिक मीठा और एक्सरसाइज न करने पर दिमाग की ताकत कम होती रहती है। इसका सबसे पहला लक्षण याददाश्त कमजोर होना है। आप इस समस्या को 6 जड़ी-बूटियों से ठीक कर सकते हैं। आइए ब्रेन के लिए लाभदायक इन हर्बल टॉनिक के बारे में जानते हैं।

## करक्यूमिन

दिमाग तेज करने के लिए हल्दी जरूर खाएं। इसमें करक्यूमिन होता है। यह कंपाउंड अल्जाइमर की बीमारी को रोकता है और याददाश्त मजबूत करने में मदद करता है। आप इसे खाने के अंदर या हर्बल चाय बनाकर ले सकते हैं।

## ब्राह्मी

ब्राह्मी एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे कई सारे ब्रेन टॉनिक बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह आपकी याददाश्त बढ़ाने के साथ मानसिक समस्याओं को दूर रखने में मदद करती है। बच्चों का दिमाग शार्प करने के लिए भी इसका सेवन करवाया जा सकता है।

## शंखपुष्पी और अश्वगंधा

न्यूट्रिशनिस्ट अंजलि मुखर्जी ने ब्रेन हेल्थ के लिए शंखपुष्पी और अश्वगंधा को फायदेमंद बताया है। आप इन हर्बल ब्रेन टॉनिक का उपयोग करके याददाश्त बढ़ा सकते हैं। ये दोनों हर्ब्स दिमाग की ताकत कम होने से बचाती हैं।

## गिंको बाइलोबा

दुनियाभर में ब्रेन फंक्शन बढ़ाने के लिए गिंको बाइलोबा का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें काफी सारे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो उम्र बढ़ने के बावजूद दिमाग को जवान रखते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ाती है, जिससे न्यूरल फंक्शन में सुधार आता है।

## लेसिथिन

यह कंपाउंड सोयाबीन और अंडे के पीले भाग में मिलता है। यह कई सारे फैट्स का मिक्सचर होता है। सेल्स को सही तरह से कामकाज करने के लिए इसकी जरूरत होती है। यह दिमाग में acetylcholine बनाने में भी मदद करता है।





# बारिश के मौसम में झड़ते बालों को न करें नजरअंदाज

**जिस तरह मानसून में बारिश का होना तय है, उसी तरह इस मौसम में बालों का झड़ना भी निश्चित है। यदि इस मौसम में आपके बाल भी सामान्य से थोड़े ज्यादा झड़ रहे हैं तो यह बिल्कुल सामान्य बात है। जी हां, इस बात से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वर्ल्ड ट्राइकोलॉजी सोसाइटी के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि नमी वाले मौसम में बालों का झड़ना लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं।**

## बारिश के मौसम में क्यों झड़ते हैं बाल

मानसून में पर्यावरण में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से बाल झड़ते हैं। बाल इस नमी को सोख लेते हैं और रूखे, उलझे और बेजान नजर आते हैं। इसकी स्वाभाविक नमी कम होती है, जिसकी वजह से सिर की त्वचा भी रूखी नजर आती है। ये बालों के फॉलिकल्स को कमजोर बनाते हैं और बाल झड़ने लगते हैं। नमी के बढ़ने से बालों के फॉलिकल्स बंद हो जाते हैं और जिससे बाल चिपचिपे हो जाते हैं।

## एक दिन में कितने बाल झड़ना सामान्य बात

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई) के अनुसार, सामान्य मौसम में एक दिन में व्यक्ति के 80-100 बाल झड़ते हैं। जबकि मॉनसून के दौरान, एक व्यक्ति के प्रतिदिन 250 बाल झड़ते हैं।

## बाल झड़ने का कारण

बालों का झड़ना अनियंत्रित थायरॉइड के स्तर, एनीमिया (हीमोग्लोबिन का निम्न स्तर), हॉर्मोन्स का सही रूप में काम ना करना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) और हाई ब्लड प्रेशर के भी संकेत हो सकते हैं।

यही वजह है कि बालों के असामान्य तरीके से झड़ने पर जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। बालों के झड़ने की समस्या को नजरअंदाज करने से यह कई लोगों में पूरी तरह से गंजेपन का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों में जिन्हें आनुवंशिक रूप से बालों के झड़ने की समस्या का जोखिम है।

द ट्राइकोलॉजिकल सोसाइटी, लंदन के पहले भारतीय अध्यक्ष डॉ. बत्रा के अनुसार बालों के झड़ने को होम्योपैथी दवाओं और उपचार की मदद से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। ये दवाएं बिना किसी साइड इफेक्ट के बालों के झड़ने के मूल कारण का उपचार कर बालों की स्थिति को बेहतर बनाती है। ये बालों को जड़ों से पोषण देने और बालों के फिर से निकलने में मदद करती हैं।

होम्योपैथी दवाएं पूरी जांच और केस का मूल्यांकन करने के बाद दी जाती हैं, जिसमें रोगी की मेडिकल हिस्ट्री और उनकी मानसिक और शारीरिक बनावट भी शामिल है।

## शैम्पू

भले ही बारिश में भीगने का आनंद लें लेकिन उसके बाद बालों को जरूर धोएं। बारिश के पानी को हटाने के लिये शैम्पू से अपने बालों को धोएं, क्योंकि बारिश का पानी गंदगी से भरा होता है। नमी वाले इस मौसम में चिपचिपेपन और पसीने को दूर रखने के लिए हफ्ते में 2-3 बार शैम्पू करें।



## बालों के झड़ने की समस्या को कैसे दूर करें

### अपने बालों को सही तरीके से सुखाएं

अपने बालों को सुखाने के लिये माइक्रोफाइबर तौलिए का इस्तेमाल करें, यह तुरंत ही पानी को सोख लेता है और आपके बालों तथा तौलिए के बीच कम से कम घर्षण होता है।

### कंडीशनर लगाएं

बारिश के पानी के साथ बालों में आने वाली उलझन को सुलझाने के लिये एक अच्छा कंडीशनर जरूरी है। बालों को झड़ने से रोकने वाले कंडीशनर का इस्तेमाल करें ताकि आपके बालों में नमी लॉक हो जाए और उसे मजबूती और सुरक्षा मिले।

### बालों में तेल लगाना बेहद जरूरी है

अपने बालों में तेल जरूर लगाएं, लेकिन बालों को टूटने से बचाने के लिये हल्के हाथों से मसाज करें। हफ्ते मे एक या दो बार सही पोषण के लिये अच्छा है, हालांकि बार-बार तेल लगाने की सलाह नहीं दी जाती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हवा में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से सिर पर पहले से ही ऑयल होता है।

### सही कंघी का चुनाव करें

गीले बालों में कंघी ना करें, क्योंकि इससे वे कमजोर हो जाते हैं। अपने बालों को आसानी से सुलझाने के लिये चौड़े दांतों वाले कंघे का इस्तेमाल करें। यदि घरेलू उपचारों से बालों के झड़ने में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा तो फिर इंतजार ना करें।

### होम्योपैथिक उपचार

- विस्बाडेन 30सी, कुछ महीनों के लिये दिन में दो बार - बालों के प्राकृतिक विकास को बढ़ावा देता है।
- फ्लोरिक एसिड 6सी, 5 गोलियां दिन में दो बार - पैची बालों के झड़ने का इलाज करने में मदद करता है और स्वस्थ प्राकृतिक बालों के विकास को बढ़ावा देता है।
- सीपिया, सल्फर, फॉस्फोरिक एसिड, लैकेसिस और ग्रेफाइट्स - बालों के झड़ने के इलाज में मदद करते हैं।
- थूजा ऑक्सिडेंटैलिस 30सी, 5 गोलियां महीने में केवल एक बार दिन में दो बार- बालों के झड़ने के आनुवंशिक कारण के लिये।



# आम बुखार से बिल्कुल अलग होते हैं डेंगू के शुरुआती लक्षण

**मानसून में इम्युनिटी बहुत ज्यादा कमजोर पड़ जाती है। जिसकी वजह से सीजनल बुखार, खांसी-जुकाम हो सकता है। इस मौसम में डेंगू का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। जिसमें प्लेटलेट्स गिरने से मरीज की जान भी जा सकती है। इसके शुरुआती लक्षण आम बुखार से बिल्कुल अलग होते हैं। जिन्हें नजरअंदाज करने पर प्लेटलेट्स कम होने की नौबत आ सकती है।**

डेंगू का मच्छर काटने के 4 से 7 दिन के भीतर लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। ये लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और डेंगू वायरस से संक्रमित सभी व्यक्तियों को लक्षणों का एक ही सेट अनुभव नहीं होता। अगर आपको डेंगू की बीमारी का शक है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

## 101 से ज्यादा बुखार

डॉक्टर ने कहा कि डेंगू में 4 से 7 दिन के अंदर तेज बुखार शुरू हो जाता है। इसमें मरीज का बॉडी टेंप्रेचर 101 से लेकर 104 डिग्री फारेनहाइट तक हो सकता है। यह सबसे पहला और मुख्य संकेत है, जो 2 से 7 दिन तक लगातार परेशान कर सकता है।

## भयंकर सिरदर्द

डेंगू इंफेक्शन के कारण मरीज को गंभीर सिरदर्द हो सकता है। ये दर्द अक्सर तेज और भयंकर होता है। यह समस्या आपको आंखों के पीछे या कनपटी के पास हो सकती है।

## मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द

डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है, क्योंकि यह मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों में भयंकर दर्द करता है। इसकी वजह से मरीज को बेचैनी रहती है और आराम नहीं मिल पाता।

## थकान और कमजोरी

थकान, एनर्जी की कमी और कमजोरी महसूस करना डेंगू बुखार का एक खास लक्षण है। इसी कारण डेंगू के बुखार की वजह से मरीज बिस्तर से उठने की हिम्मत नहीं कर पाता।

## आंखों का दर्द

बुखार के साथ आंखों का दर्द भी परेशान कर सकता है। डॉक्टर के मुताबिक, ये दर्द आंख हिलाने पर ज्यादा तकलीफ देता है और व्यक्ति को देखने में भी पीड़ा होती है।

## शरीर पर दाने

बुखार शुरू होने के लगभग 2 से 5 दिन बाद शरीर पर दाने आने लगते हैं। जो कि आमतौर पर शरीर के धड़ पर शुरू होते हैं और फिर दूसरे अंगों या कभी-कभी चेहरे तक फैल जाते हैं। ये रैशेज स्किन पर लाल या गुलाबी धब्बे या पैच के रूप में दिखाई दे सकते हैं और इनमें खुजली भी हो सकती है।

## हल्की ब्लीडिंग के निशान

डेंगू के कुछ मामलों में स्किन के नीचे हल्की ब्लीडिंग हो सकती है। इसके कारण शरीर पर छोटे लाल या बैंगनी धब्बे बनने लगते हैं, जिन्हें पेटीचिया कहा जाता है। आपके मसूड़े या नाक से भी खून बहने लगता है। डॉक्टर ने इस लक्षण को दुर्लभ बताया है, लेकिन इससे मरीज को सतर्क रहने की जरूरत होती है।



# लिवर के लिए खतरनाक हैं ये फूड

**लिवर कई सारे काम करता है। शराब इसकी सबसे बड़ी दुश्मन है, जो इसे गलाकर फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस जैसी खतरनाक बीमारी बना सकती है। मगर शराब के अलावा भी कुछ खाद्य पदार्थ लिवर को खराब कर सकते हैं। इस बीमारी को नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज कहा जाता है।**

खाना पचाने से लेकर खून साफ करने तक लिवर कई सारे काम करता है। गहरे लाल-भूरे रंग वाले इस अंग का वजन 1500 ग्राम के करीब होता है। शराब इसकी सबसे बड़ी दुश्मन है, जो इसे गलाकर फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस जैसी खतरनाक बीमारी बना सकती है। मगर शराब के अलावा भी कुछ खाद्य पदार्थ लिवर को खराब कर सकते हैं। इस बीमारी को नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज कहा जाता है। यानी कम या बिल्कुल शराब ना पीने वाले लोगों के लिवर की सेल्स में फैट का बढ़ना। यह बीमारी दुनियाभर में काफी तेजी से बढ़ रही है और जवानी में ही लिवर डैमेज कर सकती है।

## हाई ट्राइग्लिसराइड फूड

नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर का बड़ा कारण हाई ट्राइग्लिसराइड वाले फूड हैं। इसलिए इन्हें कंट्रोल में खाना चाहिए। नारियल, आलू, चावल, हनी सिरप, मक्खन आदि में ये फैट बहुत ज्यादा होता है।

## हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स फूड


हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली चीजें खाने से प्री-डायबिटीज और डायबिटीज का खतरा होता है। जो फैटी लिवर की बीमारी का मुख्य कारण है। इसलिए गुलाब जामुन, अन्य मिठाई, सफेद ब्रेड, आलू, सफेद चावल, सॉफ्ट ड्रिंक आदि खाने से पहले सावधान हो जाएं।

## मोटापा बढ़ाने वाली चीजें

मोटापा बढ़ने के साथ भी चुपचाप लिवर पर फैट चढ़ सकता है। इसलिए आप ज्यादा खाना खाने, मीठा, प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड, फैट फूड, तेल आदि का सेवन ना करें। यह खाद्य पदार्थ लिवर को खराब कर सकते हैं।

## त्रिफला चूर्ण से करें लिवर की सफाई

त्रिफला चूर्ण को लिवर की सफाई करने वाला माना जाता है। जिससे फैट कम हो जाता है और इसका कामकाज बढ़ जाता है। त्रिफला पाउडर को आंवला, हरड़ और बहेड़ा का पाउडर मिलाकर बनाते हैं। इसका सेवन करने से लिवर डिटॉक्स होता है।



# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर नहीं लगेंगे कांवड़ शिविर, पुलिस ने बताया पूरा प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-9 पर कांवड़ शिविर नहीं लगेंगे। इन मार्गों का सिर्फ डाक कांवड़िये ही इस्तेमाल करेंगे। बेहतर संचार व्यवस्था के लिए तीन कंट्रोल रूम और एक ट्रैफिक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों की गाजियाबाद पुलिस लाइन में बैठक हुई।

गाजियाबाद कमिश्नरेट के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी. की अध्यक्षता में हुई समन्वय बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान कानून और ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही मुख्य मार्गों पर किए जाने वाले रूट डायवर्जन के बारे में पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को जानकारी साझा की गई।

एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी. ने बताया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-9 पर कांवड़ियों के लिए शिविर नहीं लगाए जाएंगे। यह मार्ग मुख्य रूप से डाक कांवड़ियों के लिए रहेगा। जबकि पारंपरिक अन्य मार्गों पर शिविर लगाने की व्यवस्था होगी। इन मार्गों पर पैदल कांवड़िये गुजरेंगे। वाहनों के डायवर्जन के लिए मार्गों पर संकेत चिह्न युक्त बोर्ड लगाए जाएंगे। ट्रैफिक डायवर्जन के बारे में समय-समय पर जानकारी दी जाएगी।

इस बार कांवड़ यात्रा पर 30 एंबुलेंस की व्यवस्था होगी। बैठक में आर सत्य सुंदरम एडिशनल सीपी ट्रैफिक दिल्ली, सागर सिंह कलसी अपर पुलिस आयुक्त ईस्टर्न दिल्ली, शिवहरी मीणा एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था गौतमबुद्धनगर, एडिशनल सीपी गाजियाबाद कल्पना सक्सेना के अलावा दिल्ली-यूपी के डीसीपी और एडीसीपी स्तर के अधिकारी और पड़ोसी जिलों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### संख्या बढ़ी तो गाजियाबाद में रोक दिए जाएंगे वाहन

बैठक में तय किया गया कि कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर भी भारी वाहनों को पूरी तरह से बंद किया जाएगा। इसके अलावा हाईवे पर सुरक्षा प्लान लागू करने, रूट डायवर्जन और बाकी व्यवस्था को लेकर समन्वय बनाने पर सहमति बनी है। इसके बाद सभी अफसरों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें लगातार अपडेट किया जाएगा। मेरठ एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कांवड़ की तैयारियों को लेकर राज्यों से समन्वय बनाकर प्लानिंग की जा रही है, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान कोई अव्यवस्था न हो।

### रूट डायवर्जन की दी जाएगी जानकारी

एडिशनल सीपी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापार मंडल, उद्योग बंधु, ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन, इंडियन मेडिकल एसोशिएशन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और रोडवेज के एआरएम को गोष्ठियों के माध्यम से जरूरी जानकारी दी जाएगी। डायवर्जन के लिए पीए सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा।

### नोडल अधिकारी को आज रिपोर्ट सौंपेंगे

कांवड़ यात्रा को लेकर सभी विभाग अपनी योजना और तैयारी की रिपोर्ट गुरुवार को एडीएम प्रशासन को सौंपेंगे। पिछले दिनों जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांवड़ यात्रा का नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह को नियुक्त किया था। बैठक में सभी विभाग को निर्देश दिए गए थे कि 11 जुलाई तक सभी विभागों के अधिकारी अपनी योजना और तैयारी की रिपोर्ट नोडल अधिकारी को सौंपेंगे।



## बधाई, आपने कम समय में मनी लॉन्ड्रिंग में भी पीएचडी की, भाजपा बोली- आप सबसे आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाते हुए उस पर कई गम्भीर आरोप लगाए हैं। जिसके बाद भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए आप को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पीएचडी करने वाली पहली पार्टी बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सबसे कम समय में राष्ट्रीय पार्टी होने का दावा करती थी, लेकिन अब वो मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी सबसे आगे निकल गई है।

वीरेन्द्र सचदेव ने पीसी में कहा, मनी लॉन्ड्रिंग केस में मामला दर्ज होने वाली ये हिन्दुस्तान की पहली पार्टी है। व्यक्तियों पर तो केस दर्ज होते रहे हैं,लेकिन पहली राजनीतिक पार्टी, जो यह दावा करती है कि हमने सबसे कम समय में राष्ट्रीय पार्टी होने का दर्जा प्राप्त किया है, मैं उनको बधाई देता हूं कि आपने कम समय में मनी लॉन्ड्रिंग में भी पीएचडी की है। इसलिए आप पहली राजनीतिक पार्टी हैं, जिन पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

आगे सचदेव ने कहा, ईडी की जो सप्लीमेंट्री चार्जशीट है, जिसमें शराब नीति घोटाले में बार-बार 100 करोड़ के लेन-देन का जिक्र आता है, 45 करोड़ रुपए का लेन-देन हवाला के जरिए कैसे-कैसे किया गया है, उसमें सिलसिलेवार बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेपर लीक में ईडी की एंट्री, पूर्व मंत्री का करीबी गिरफ्तार, कोर्ट ने रिमांड पर भेजा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में रीट पेपर लीक मामले में बड़ा अपडेट आया है। ईडी ने परीक्षा के जयपुर जिला कोर्डिनेटर प्रदीप पाराशर को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी ने रीट पेपर लीक मामले में प्रदीप पाराशर को देर रात गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश के घर पर पेश किया, जहां से प्रदीप पाराशर को तीन दिन के लिए ईडी की रिमांड पर भेजा गया है। अब जांच अधिकारी पूरे मामले को लेकर प्रदीप पाराशर से पूछताछ करने में जुटे हैं।रीट भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में सबसे पहले जिन लोगों पर पेपर लीक के आरोप लगे, प्रदीप पाराशर उनमें से एक है। वह रीट का जयपुर जिला कोर्डिनेटर था। उसे जिला कोर्डिनेटर बनाए जाने पर सवाल उठे थे। बाद में जांच में सामने आया कि रीट का पेपर जयपुर में स्ट्रॉन्ग रूम से लीक किया गया था। इस पूरे मामले में प्रदीप पाराशर की भूमिका सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। अब ईडी ने भी शिकंजा कसते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि रीट पेपर लीक मामले की एसओजी की जांच में जिला कोर्डिनेटर रहे प्रदीप पाराशर की भूमिका सामने आई थी। इसके बाद एसओजी ने उसे 30 जनवरी 2022 को गिरफ्तार कर लिया था।


### बीजेपी ने सीएम सुक्खू पर साधा निशाना, बोली- हिमाचल में दोस्तों की सरकार

**शिमला, एजेंसी।** हाल ही में हिमाचल प्रदेश में ईडी और आईटी विभाग की ओर से की गई छापेमारी को लेकर बीजेपी ने राज्य की सुक्खू सरकार पर हमला बोला है। बीजेपी नेताओं ने कहा है कि दोनों विभागों ने छापे के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दो करीबी विश्वासपात्र करोड़ों रुपये के घोटाले में शामिल हैं। ईडी और आयकर विभाग के अधिकारियों ने 29 जून और 4 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में कुछ व्यापारियों और ठेकेदारों के प्रतिष्ठानों और घरों पर छापेमारी की थी। जांच एजेंसियों ने ज्वेलरी दुकानों, पेट्रोल पंप और स्टोन क्रशरों पर छापेमारी कर दस्तावेज जुटाए थे। यहां जारी एक बयान में भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि ईडी ने अवैध खनन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। इन दस्तावेजों के आधार पर पाया है कि हिमाचल के मुख्यमंत्री के करीबी विश्वासपात्र ज्ञान चंद और प्रताप चंद करोड़ों रुपये के घोटालों में शामिल हैं। ईडी को एक ही खाते में 8 करोड़ रुपये नकद जमा होने के सबूत मिले हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने खुले तौर पर उनका पक्ष लिया। इससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ। धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने एक वीडियो बयान में आरोप लगाया कि कुछ स्टोन क्रशरों के परिसरों में ईडी और आईटी द्वारा हाल ही में की गई छापेमारी के दौरान भूमि सौदों, नकद लेनदेन और नियमों में बदलाव करके प्रबंधित किए जा रहे टेंडरों से संबंधित दस्तावेज पाए गए हैं।

### आर्थिक मदद नहीं, न्याय चाहिए, मिहिर के घर बुलडोजर चलाइए

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को मुंबई के बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में बुलडोजर न्याय की मांग की है। इस मामले में शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मुख्य आरोपी है। उन्होंने पूछा कि मामले में दंडात्मक कार्रवाई के तौर पर राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह के घर पर बुलडोजर क्यों नहीं चलाया जा रहा है? राज्य के पूर्व मंत्री ने रविवार सुबह दुर्घटना में मारी गई महिला कावेरी नखवा के परिवार से मुलाकात की और जोर देकर कहा कि उनके परिजनों को आर्थिक मदद की नहीं बल्कि न्याय की जरूरत है। मिहिर कथित तौर पर बीएमडब्ल्यू कार चला रहा था जिसने दक्षिण-मध्य मुंबई के वर्ली इलाके में एक दोपहिया वाहन को टक्कर मारी, जिससे कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई थी जबकि उनके पति प्रदीप घायल हो गए। वर्ली से विधायक ठाकरे ने कहा, जो सरकार बुलडोजर न्याय में विश्वास करती है उसे उनके (आरोपी) घर पर बुलडोजर चलाना चाहिए। मैं मिहिर राजेश शाह के घर पर बुलडोजर न्याय देखना चाहूंगा।

## नमाज पढ़कर पीती थी शराब; सीमा हैदर ने गुस्से में दिया जवाब, पीछे दिखी सीएम योगी की तस्वीर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीमा हैदर अक्सर पाकिस्तान के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करती रहती है। बीते दिनों उसने कहा कि पाकिस्तान के लोगों को उसके धर्म बदलने से बहुत दिक्कत है। उसका यह भी कहना है कि अगर उसे भारत से वापस भेजा गया तो पाकिस्तान में उसे मार डाला जाएगा। सीमा खुद को अब हिंदू बताते हुए नॉनवेज छोड़ देने का दावा भी करती है। इसी बीच सोशल मीडिया पर उसका एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह नमाज, शराब और मीट खाने वाली बात पर गुस्से में जवाब दे रही है। वीडियो में सीमा के कमरे में सीएम योगी आदित्यनाथ की एक तस्वीर भी दिख रही है।

**नमाज पढ़कर पीती थी शराब...:** वीडियो में सीमा हैदर ने कहा, आप तीन बातें कर रहे हो... पहली बात आपने यह कही कि सीमा पाकिस्तान में अपने कमरे में नमाज पढ़ती थी। दूसरी बात आपने यह कही कि सीमा कमरे में शराब भी पीती थी। और तीसरी बात यह कह रहे कि सीमा वहां मीट भी खाती थी। आप एक बात पर तो रहो... जो नमाज पढ़ सकती है वह कभी शराब नहीं पी सकती। दरअसल, किसी यूजर की टिप्पणी पर सीमा हैदर ने यह वीडियो शूट किया। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि पीछे अलमारी के रैक पर सीएम योगी की एक तस्वीर रखी हुई है। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### सीमा करती है नॉनवेज छोड़ने का दावा

दरअसल, चार बच्चों को लेकर कई देशों का सरहद लांघते हुए सीमा पाकिस्तान से ग्रेटर नोएडा पहुंची है। वह अपने आशिक सचिन मीणा के घर पर रह रही है। वह अब खुद को सीमा हैदर की जगह सीमा सचिन मीणा कहती है। वहीं उसने अपने चारों बच्चों का नाम भी हिंदू लड़के-लड़कियों के नाम पर रखा है। वह अब खुद को सनातनी बताती है और नॉनवेज छोड़ने का दावा करती है। सीमा हैदर अक्सर हिंदू देवी-देवताओं का पूजा करते नजर आती है। वह अपने वीडियो की शुरुआत हमेशा जय श्रीराम और राधे-राधे से करती है। हालांकि सोशल मीडिया पर कई लोग उसे ट्रोल करते हैं और उसे पाकिस्तानी जासूस बताते हैं। इस मामले में एटीएस समेत कई एजेंसियां जांच कर रहीं हैं। वहीं सीमा का पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर बच्चों को वापस बुलाने के लिए भारत में कानूनी लड़ाई लड़ रहा है।

## रात में चोरी-छिपे प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, परिजनों को लगी भनक; भाई-दोस्तों ने पीट-पीटकर मार डाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र के पीपलका गांव में मंगलवार रात प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक और उसके दोस्त को लड़की के परिजनों ने बुरी तरह पीटा। अस्पताल में इलाज के दौरान प्रेमी की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दोस्त का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अस्तौली गांव निवासी 20 वर्षीय कमल का पीपलका गांव निवासी रिश्तेदार युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजन इसका विरोध कर रहे थे।

कमल मंगलवार को युवती से मिलने अपने दोस्त के साथ पीपलका गांव गया। इसी दौरान प्रेमिका के परिजनों और भाई के दोस्तों ने एकजुट होकर दोनों दोस्तों पर हमला कर दिया और उन्हें पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन घायल अवस्था में दोनों युवकों को लेकर दनकौर कोतवाली पहुंचे। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान कमल की मौत हो गई। परिजनों और पुलिस ने बताया कि कमल और उसके दोस्त के शरीर पर अंदरूनी और गुम चोटों के अनगिनत निशान थे।

कमल के प्राइवेट पार्ट पर भी चोट थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का कारण रक्तस्राव और आंतरिक चोट बताया गया है। इस मामले में कमल के चचेरे भाई नरेंद्र कुमार ने दनकौर कोतवाली में छह नामजद और छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में पीपलका गांव के सुमित, दादूपुर गांव के बॉबी और नवादा गांव के सोबीन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीन युवकों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

**बीए की पढ़ाई कर रहा था कमल :** सात बहनों का इकलौता भाई था। वह परिवार में सबसे छोटा था। बचपन में ही पिता जयपाल की मौत हो गई थी। कमल ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उसने बिलासपुर के एक डिग्री कॉलेज में बीए में दाखिला भी लिया था। वह बिलासपुर कस्बे के जिम में नियमित शारीरिक अभ्यास भी करता था।

**परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूटा :** इस घटना के बाद मृतक कमल के परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के परिजनों को सांत्वना देने और ढांढस बंधाने वालों का गांव में तांता लगा हुआ है। घटना के बाद से मां शिमला और सातों बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार :** अस्तौली गांव में बुधवार सुबह 900 बजे ही पुलिस बल और हजारों ग्रामीणों की उपस्थिति के बीच कमल का अंतिम संस्कार किया गया।

**सुनियोजित ढंग से घटना को अंजाम देने का शक:** इस घटना में कई गांव के युवक शामिल रहे, जिससे लगता है कि इस वारदात को सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया गया। कमल अपनी प्रेमिका से मिलने गया था या प्रेमिका ने फोन करके प्रेमी को गांव में बुलाया, पुलिस इसकी कॉल डिटेल के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अचानक हुई घटना में कई गांव के हमलावर शामिल नहीं हो सकते।

## मोदी सरकार ने आंध्र प्रदेश के लिए दी 60 हजार करोड़ की योजना को मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं की मुलाकात के 5 दिन ही बीते हैं कि केंद्र ने आंध्र प्रदेश में 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब स्थापित करने की प्रमुख मांग को स्वीकार कर लिया है। नायडू ने बुधवार को राज्य में रिफाइनरी स्थापित करने की व्यवहार्यता पर चर्चा करने के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात भी की। अब लोगों की नजरें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जा टिकी हैं। ऐसा इसलिए कि केंद्र सरकार में टीडीपी के साथ-साथ जेडीयू की भी अहम भूमिका है।

द इकोनॉमिक टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकार लोगों के हवाले से बताया है कि रिफाइनरी के लिए तीन स्थानों पर चर्चा की गई। इनमें श्रीकाकुलम, मछलीपट्टनम और रामायपट्टनम शामिल हैं। लोगों ने कहा कि रिफाइनरी की औपचारिक घोषणा 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले बजट में किए जाने की संभावना है। स्थानों का आकलन किया जाएगा और फिर उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि इस प्रक्रिया में कम से कम दो महीने लगेंगे और बजट में स्थान की घोषणा नहीं की जा सकती है। आपको बता दें कि यह चंद्रबाबू नायडू के लिए बड़ी जीत है, क्योंकि उन्होंने पीएम और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के साथ अपनी बैठकों के दौरान रिफाइनरी स्थापित करने पर जोर दिया था। नायडू के 16 सांसद भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को समर्थन देते हैं। हालांकि, नायडू स्पष्ट रूप से लगातार कह रहे हैं कि उनके मन में अपने राज्य के हित हैं और वे किसी भी मांग को लेकर सरकार नहीं गिराएंगे। बीपीसीएल और पेट्रोलियम मंत्रालय इस कदम के बारे में फिलहाल चुप है। सीएम नायडू ने एक्स पर लिखा, देश के पूर्वी तट पर रणनीतिक रूप से स्थित हमारे राज्य में पेट्रोकेमिकल की महत्वपूर्ण क्षमता है।

## बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में नया खुलासा- 12 पेग व्हिस्की पीकर निकले थे मिहिर शाह और उसके दोस्त



**मुंबई, एजेंसी।** बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में जांच जारी है। हादसे के मुख्य आरोपी माने जा रहे मिहिर शाह को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार भी कर लिया है। इसी बीच खबर है कि आरोपी ने दोस्तों के साथ हादसे से पहले शराब पी थी। रविवार को हुए सड़क हादसे में स्कूटर सवार 45 वर्षीय कावेरी नखवा की मौत हो गई थी। जबकि, घटनास्थल से कार सवार वाहन छोड़कर भाग गया था। रिपोर्ट के अनुसार, एक्साइज अधिकारियों ने बुधवार को बताया है कि मिहिर और उसके दो दोस्तों ने 12 लार्ज पेग या 4-4 पेग व्हिस्की के लिए थे। इसकी जानकारी बार में चुकाए गए बिल से मिली है। अधिकारियों का कहना है कि इतनी मात्रा में शराब किसी व्यक्ति को 8 घंटों तक नशे में रख सकती है। खबरें हैं कि मिहिर और उसके दोस्त देर रात करीब 1 बजकर 30 मिनट पर बार से निकले थे। रिपोर्ट में एक्साइज सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि हादसा रविवार को सुबह 5 बजे यानी नशे में रहने के 4 घंटों के दौरान हुआ। इस घटना के बाद जुहू बार का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। खास बात है कि मिहिर की उम्र 25 साल नहीं है और उसे बार में हार्ड लिकर सर्व की गई थी। मुंबई की एक अदालत ने बुधवार को बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया जबकि सत्तारूढ़ शिवसेना ने उसके पिता राजेश शाह को पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण कार्यों को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। बीएमसी ने जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की और 3,500 वर्ग फुट के अवैध निर्माण को गिरा दिया। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए।

# आयकर में छूट, किसान सम्मान निधि की बढ़ेगी राशि, बजट में बड़ी घोषणाएं संभव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 के पहले आम बजट से खासी उम्मीदें हैं। निम्न और मध्यवर्ग को सरकार महत्वाकांक्षी योजनाओं के जरिये विशेष लाभ दे सकती है। नौकरीपेशा लोगों के लिए भी आयकर छूट सीमा बढ़ाए जाने और स्लैब में परिवर्तन किए जाने की चर्चाएं हैं। बदले हुए समीकरणों के बीच सरकार के लिए यह बजट सहयोगी दलों के अपने राज्यों की मांगों के चलते चुनौतियों से भरा भी है।

केंद्र की मोदी सरकार पर हर वर्ग की झोली में कुछ न कुछ डालने का दबाव है। चूंकि चार राज्यों के चुनाव सामने हैं, ऐसे में इन राज्यों के लोगों की भी उम्मीदें टिकी हैं। राजनीतिक रूप से सरकार को मतदाताओं को साधने की भी कवायद करनी पड़ रही है। सरकार की कोशिश होगी कि वह अपने बिखरे जनाधार को समेटने और सहयोगी दलों के साथ तालमेल को बेहतर बनाए। इसलिए 23 जुलाई को जब केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार संसद में वित्त वर्ष 2024-25 का आम बजट प्रस्तुत करेंगी तो उसमें कुछ बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं।

इसमें बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए कुछ अहम घोषणाएं हो सकती हैं। बजट से पूर्व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और उनसे जुड़े संगठन प्रमुखों के साथ वित्त मंत्री बैठकें कर चुकी हैं। अब बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

**ये बड़ी घोषणाएं संभव:** आयकर स्लैबः अभी तक की बैठकों के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार आयकर छूट सीमा में बदलाव करेगी। इससे मध्यवर्ग और नौकरीपेशा लोगों को खासा लाभ होगा। इसके लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की पुरानी और नई व्यवस्था में कुछ अहम बदलाव हो सकते हैं।

किसान सम्मान निधिः किसानों के लिए सरकार किसान सम्मान निधि छह हजार रुपये से बढ़ाकर 10-12 हजार रुपये कर सकती है। कृषि उत्पादों पर कर की दरों को कम करने का फैसला भी हो सकता है।



**मजदूरों और कर्मचारियों को ज्यादा लाभ:** मनरेगा मजदूरी को 100 से बढ़ाकर 150 दिन किया जा सकता है। साथ ही, मनरेगा मजदूरों को कृषि क्षेत्र के साथ जोड़ने का फैसला भी लिया जा सकता है। इसके साथ ही न्यू पेंशन स्कीम को ज्यादा आकर्षक बनाया जा सकता है, जिसको लेकर अभी तक सरकारी कर्मचारी नाखुश हैं।

**रोजगार:** बदले समीकरणों के बीच सरकार के ऊपर सबसे ज्यादा दबाव रोजगार के अवसर पैदा करने का है। इसलिए इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों का बजट बढ़ाने की पूरी संभावना है। अग्निवीर जैसी योजना में भी सैनिकों को ज्यादा वित्तीय लाभ देने का ऐलान किया जा सकता है।

**सरकार के सामने चुनौतियां भी कम नहीं: साझा बजट :** यह बजट भले ही मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट हो लेकिन एनडीए सरकार का पहला साझा बजट है। इसमें सरकार के सामने जेडीयू और टीडीपी की मांगों को पूरा करने की चुनौती है। दोनों ही पार्टियों ने बिहार और आंध्र प्रदेश को लेकर करीब एक लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की मांग रखी है। इसके साथ ही, बुनियादी ढांचे वाली परियोजनाओं के लिए उधार लेने की सीमा बढ़ाने की मांग की है। भाजपा के पास सरकार बनाने का पूर्ण बहुमत न होने के कारण दोनों ही राजनीतिक दल केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की पूरी स्थिति में हैं, जिसका असर बजट में देखने को मिल सकता है। क्योंकि दोनों ही दल अपना मांग पत्र केंद्र की सरकार को सौंप चुके हैं।

**आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों का दबाव :** अकेले दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार न होने के कारण अब तमाम संगठन सरकार को घेरने में लगे हैं। सरकार पर दबाव है कि वो सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बजट लाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अनुषांगिक भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ और स्वदेशी जागरण मंच के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री से मिलकर किसान, मजदूर, मध्यवर्ग और समाज के सभी तबकों की मांगों को रखा है। इसलिए सरकार के सामने चुनौती है कि इन संगठनों की मांगों के साथ तालमेल बैठाते हुए बजट पेश किया जाए। मजदूर संघ ने पुरानी पेंशन बहाली तक का मुद्दा उठाया है।

यूरो कप

# नीदरलैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा इंग्लैंड






**डॉर्टमुंड, एजेंसी।** सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर खेलने उतरे ओली वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में निर्णायक गोल दागकर इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार यूएफा यूरोपियन चैंपियनशिप (यूरो कप) फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कराया। डॉर्टमुंड में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड को 2-1 से हराया। मैच के अंतिम समय में वाटकिंस ने कोले पालमेर द्वारा मिले पास पर कॉनर्र से शानदार गोल दागा और टीम को निर्णायक बढ़त दिलाने में सफल रहे। इंग्लैंड का सामना अब खिताबी मुकाबले में स्पेन से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल मैच में फ्रांस को 2-1 से मात दी थी।

इंग्लैंड की अच्छी नहीं रही थी शुरुआत

इंग्लैंड की इस मुकाबले में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और जावी सिमंस ने सातवें मिनट में ही गोल कर नीदरलैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी थी। हालांकि, इंग्लैंड ने भी वापसी करने में ज्यादा देर नहीं लगाई और हैरी केन ने 18वें मिनट में मिली पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहला हॉफ बराबरी पर छूटा, जबकि दूसरे हॉफ में दोनों टीमों ने बढ़त लेने की पुरजोर कोशिश की। मुकाबला अतिरिक्त समय में जाता दिख रहा था, लेकिन तभी सब्स्टीट्यूट खिलाड़े के तौर पर उतरे वाटकिंस ने पालमेर द्वारा मिले पास पर स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में गोल करने का मौका नहीं गंवाया।

इंग्लैंड को लंबे समय से खिताब का इंतजार

गारेथ साउथगेट की टीम इंग्लैंड का अभियान इस यूरो कप में भी शानदार रहा है और वे लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने में सफल रहे हैं। इंग्लैंड की कोशिश 1966 के बाद अपना पहला बड़ा खिताब जीतने की है। इसके लिए उसे फाइनल में स्पेन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसने अब तक शानदार खेल दिखाया है। नीदरलैंड 1988 में जर्मनी में आयोजित पिछले यूरो में अपनी जीत दोहराने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन उनकी वर्तमान टीम में मार्को वैन बास्टेन या रूड गुलिट जैसी स्टार खिलाड़ी की कमी दिखी। अगर नीदरलैंड की टीम सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने में सफल रहती तो यह 2010 विश्व कप के फाइनल की तरह मुकाबला होता।



# हार के बावजूद भारत के खिलाफ टी-20 में जिम्बाब्वे ने रचा इतिहास

**हरारे, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मेजबान जिम्बाब्वे को बुधवार को 23 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे, जिसके जवाब में मेजबान टीम इतने ही ओवर में 6 विकेट पर 159 रन ही बना सकी। हालांकि, हार के बावजूद जिम्बाब्वे ने टी20 क्रिकेट में भारत के खिलाफ इतिहास रच दिया है। इस मुकाबले में टारगेट चेज करते हुए जिम्बाब्वे की आधी टीम केवल 39 रनों पर ही ढेर हो गई थी।

इसके बावजूद टीम 150 का आंकड़ा पार करने में सफल रही। इसके साथ ही जिम्बाब्वे ने टी20 इतिहास में एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने पांचवां विकेट गिरने के बाद अपने टी20 मैचों के इतिहास में सबसे अधिक रन जोड़े हैं। बुधवार को हुए मुकाबले में उन्होंने 5वें विकेट के पतन के बाद 119 रन जोड़े। जिम्बाब्वे ने इससे पहले भी दो बार पांचवें विकेट के पतन के बाद शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2022 में हरारे में बांग्लादेश के खिलाफ 104 रन और 101 रन जोड़े थे। इसके अलावा, 2016 में शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने 100 रन जोड़े थे।

इस मैच में जिम्बाब्वे का सबसे खास रिकॉर्ड ये है कि 119 रन भारत के खिलाफ टी20 में किसी भी टीम द्वारा बनाए गए सर्वोच्च रन हैं, जब उस टीम के 5 विकेट 40 रनों के अंदर ही गिर गए थे। इससे पहले आयरलैंड ने पिछले साल डबलिन के मालाहाइड में भारत के खिलाफ 31/5 से 139/7 तक का शानदार प्रदर्शन किया था और 108 रन जोड़े थे।

यह केवल दूसरा मौका है जब जिम्बाब्वे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत के खिलाफ 150 रन का आंकड़ा पार कर पाया है। इससे पहले उन्होंने 2016 में इसी मैदान पर 170/6 बनाकर सिर्फ 2 रन से जीत हासिल की थी।



अपने चौथा ओलंपिक से पहले बोले मनप्रीत सिंह

# उतार चढावों ने मानसिक रूप से मजबूत बनाया

**बेंगलुरू, एजेंसी।** अभावों में बीता बचपन, मां के बेहिसाब संघर्ष, करियर में झूठे आरोप सभी कुछ झेला है मनप्रीत सिंह ने लेकिन कठिनाइयों की आग में तपकर कुंदन बना मीठापुर का यह हॉकी स्टार अब पेरिस में कैरियर का चौथा ओलंपिक खेलेगा। तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे मनप्रीत ने ओलंपिक के लिए रवानगी से पहले कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। मैने कभी सोचा नहीं था कि चार ओलंपिक खेल पाऊंगा। हर खिलाड़ी का सपना होता है ओलंपिक खेलना और पदक जीतना। मैं खुद को काफी खुशकिस्मत मानता हूं कि ये मेरा चौथा ओलंपिक है।

मात्र 19 वर्ष की उम्र में 2011 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले इस अनुभवी मिडफील्डर ने कहा, 'मैं यह सोचकर जा रहा हूं कि ये मेरा आखिरी ओलंपिक है और मुझे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। ओलंपिक पदक जीतने के बाद हालांकि उन्होंने अपने करियर का सबसे बुरा दौर देखा जब पूर्व कोच शोर्ड मारिन ने अपनी किताब में उन पर आरोप लगाया कि 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान उन्होंने एक युवा खिलाड़ी को जान बूझकर खराब खेलने के लिए कहा ताकि उनके दोस्त को टीम में जगह मिल सके।

मनप्रीत ने पहली बार उन आरोपों के बारे में खुलकर बात करते हुए कहा कि वह पूरी तरह टूट गए थे और उनका भरोसा हर किसी पर से उठ गया था हालांकि टीम ने उनका पूरा साथ दिया जिसकी वजह से वह इससे उबर सके। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए वह सबसे कठिन दौर था। मैं इस तरह की चीजों के बारे में कभी सोच भी नहीं सकता था। उस समय टीम ने मेरा साथ दिया और कहा कि हम तुम्हें जानते हैं और तुम्हारे साथ हैं। उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं टूट गया था और हर चीज से विश्वास उठ गया था। मैने श्रीजेश (पी आर) को बताया जिससे मैं सब कुछ साझा करता हूं।

मेरी मां ने मुझे हौसला दिया कि अपने पिता का सपना पूरा करने के लिए खेलते रहो और उस पल से मैने उस प्रकरण को भुला दिया। 32 वर्ष के इस खिलाड़ी ने कहा, 'खराब दौर में घर वालो का साथ, टीम का सहयोग बहुत जरूरी है क्योंकि उस समय खिलाड़ी खुद को बहुत अकेला पाता है। जब टीम साथ खड़ी होती है तो बहुत हौसला मिलता है और वापसी करने में मदद भी।

चैंपियंस ट्रॉफी

# भारतीय टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। भारतीय टीम के इस टूर्नामेंट को खेलने के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं दिखाई दे रही है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से भारतीय क्रिकेट बोर्ड भारत के मैच कहीं और कराने को कहेगा। इसके लिए उसने दो वेन्यू चुन लिए हैं। इनमें से एक जगह मैच कराने को कहा जाएगा।

बीसीसीआई चाहता है कि एशिया कप 2023 की तरह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 भी हाईब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाए। समाचार एजेंसी एएनआई ने बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि भारतीय क्रिकेट टीम के 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं है। बीसीसीआई आईसीसी से दुबई या श्रीलंका में मैच आयोजित करने के लिए कहेगा।

### केवल मल्टी नेशन ट्रॉफी में भिड़ते हैं भारत-पाकिस्तान

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी से मार्च 2025 तक पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। 2008 के एशिया कप के बाद से भारत ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण पाकिस्तान में कोई क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं खेला है।



दिसंबर 2012 से जनवरी 2013 तक भारत में द्विपक्षीय सीरीज दोनों देशों के बीच अंतिम द्विपक्षीय सीरीज रही थी। तब से, दोनों देश केवल आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में ही भिड़े हैं।

### भारत की भागीदारी पर अनिश्चितता

दोनों देशों के बीच संबंधों के कारण आगामी आयोजन में भारत की भागीदारी पर अनिश्चितता मंडरा रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत को अपने सभी मैच एक ही शहर में खेलने का प्रस्ताव दिया था। यह रिपोर्ट्स पहले सामने आ चुकी हैं कि पीसीबी ने टूर्नामेंट का शेड्यूल आईसीसी को दे दिया है। वह भारत के सभी मैच लाहौर में कराना चाहता है। बीसीसीआई के अलावा सभी देशों से इसे हरी झंड़ी मिली थी।

### भारत सरकार की अनुमति चाहिए

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मई में कहा था कि भारतीय टीम को टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान तभी भेजा जाएगा जब केंद्र सरकार इसकी अनुमति देगी। करते हुए शुक्ला ने कहा, चैंपियन ट्रॉफी के मामले में, हम वही करेंगे जो भारत सरकार हमें करने के लिए कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब भारत सरकार हमें अनुमति देती है। इसलिए हम भारत सरकार के फैसले के अनुसार ही जाएंगे।

# डीडीसीए ने दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र के लिए निविदा आमंत्रण जारी किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की विधिवत मान्यता प्राप्त राज्य इकाई दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने अपने आगामी राज्य स्तरीय टी20 लीग में टीम फ्रेंचाइजी के मालिक बनने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए क्रिकेट लीग का शीर्षक दिल्ली प्रीमियर लीग है। डीडीसीए ने लीग में भाग लेने के लिए प्रस्तावित टीम फ्रेंचाइजी पर बोली लगाने वालों को आमंत्रित करते हुए एक नोटिस इनवाइटिंग टेंडर (एनआईटी) जारी किया है।

गवर्निंग बॉडी ने अगस्त/सितंबर 2024 में नई लीग की शुरुआत का प्रस्ताव रखा था। लीग में शुरू में पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह टीमें शामिल होंगी जो प्रत्येक सीज़न के दौरान राउंड-रॉबिन प्रारूप के तहत लीग में भाग लेंगी, जिसमें विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान का फैसला करने के लिए पहले राउंड के बाद प्ले-ऑफ मैच होंगे। डीडीसीए को समय-समय पर उचित समझे जाने पर लीग में भाग लेने वाली टीमों की संख्या में बदलाव करने का भी अधिकार है।

विम्बलडन

# मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में

**लंदन, एजेंसी।** इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विम्बलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और करियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं। उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3.6, 7.6, 6.2, 3.6, 6.1 से जीता। मुसेत्ती पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में करियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैम्पियन जोकोविच 13वीं बार विम्बलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है।



महिला वर्ग में 2022 की चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6.3, 6.2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6.4, 7.6 से मात दी।

# पहले दिन के खेल के बाद इंग्लैंड ड्राइविंग सीट पर, वापसी के लिए वेस्टइंडीज को दिखाना होगा जोश

**लंदन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की सीरीज के पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के समय तक इंग्लैंड ने अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली थी। पहले दिन का खेल खत्म होने के समय इंग्लैंड का पहली पारी में स्कोर 40 ओवर में तीन विकेट पर 189 रन था। जो रूट 15 और हैरी ब्रूक 25 रन बनाकर क्रीज पर थे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स ने 2 और जेसन होल्डर ने एक विकेट लिया।

इस तरह इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 68 रन की लीड बनाई है। ऐसा लग रहा है कि इस मैच में इंग्लैंड को शायद एक बार ही बल्लेबाजी करनी पड़े। दूसरे दिन की शुरुआत में वेस्टइंडीज के सामने कड़ी चुनौती होगी।

वेस्टइंडीज-इंग्लैंड टेस्ट



इंग्लैंड की ओर से डेब्यू करने वाले गस एटकिंसन ने 45 रन देकर 7 विकेट चटकाए और मेहमान टीम को 121 रन पर ढेर कर दिया।

उन्हें इस मैच में वापसी करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में दिखाए गए जोश और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होगी।

पहले दिन के खेल की बात करें तो इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बादलों से घिरे आसमान में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के अगुआ क्रेग ब्रैथवेट को बल्लेबाजी का न्योता दिया। वेस्टइंडीज ने डेब्यू करने वाले मिकाइल लुइस की प्रभावित करने वाली तकनीक की मदद से अच्छी शुरुआत की, लेकिन एटकिंसन के शानदार स्पेल के बाद सब कुछ बदल गया। गस एटकिंसन ने लंच के बाद एक ओवर में 3 विकेट चटकाए। इस झटके से वेस्टइंडीज फिर उबर नहीं पाया।

# ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में ठोके 274 रन, बेन डंक का 35 गेंदों पर शतक

डब्ल्यूसीएल:2024

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नॉर्थहैम्प्टन के मैदान पर विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड् 2024 सीरीज के तहत खेले गए रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई चैंपियंस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 274 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए। ऑस्ट्रेलियाई प्लेयरों ने पारी में कुल 31 चौके और 16 छक्के जड़े। इस दौरान बेन डंक ने महज 35 गेंदों पर 100 रन का योगदान दिया। वहीं, डैनियल क्रिश्चियन ने भी विंडीज चैंपियन के गेंदबाजों की क्लास लेते हुए 35 गेंदों पर 99 रन की पारी खेली। बेन डेक ने जहां अपनी पारी के दौरान 12 चौके और 7 छक्के लगाए तो वहीं, डैनियल ने 11 चौके और 8 छक्कों की मदद से 99 रन बनाए। डैनियल पारी की आखिरी ओवर में आखिरी गेंद पर रन आऊट हो गए नहीं तो वह भी शतक पूरा करने में सफल रहते। इस तरह एक पारी में दो शतक आने का यूनीक रिकॉर्ड भी बनता।

### ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस

274-7 (20 ओवर)

- ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं थी। एरोन फिंच 7 रन बनाकर तीसरे ही ओवर में आऊट हो गए थे लेकिन इसके बाद शॉन मार्श और बेन डंक ने 7 ओवर में स्कोर 84 पर ला खड़ा किया। मार्श 22 रन बनाकर आऊट हो गए।




- कैलम फर्ग्यूसन के बल्ले से भी केवल 7 ही रन निकले। लेकिन इस दौरान बेन डंक तूफानी मचाते नजर आए। उन्होंने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए और 12वें ओवर में ही अपना शतक पूरा कर लिया। डंक ने 34 गेंदों पर 11 चौके और 8 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

- डंक के आऊट होने के बाद डैनियल क्रिश्चियन ने आतंक मचाया और टीम का स्कोर 250 पार ले गए। बेन कटिंग जब 14 गेंदों पर 22 रन बनाकर आऊट हुए तो डैनियल ने अपना शतक पूरा करने की कोशिश की। उन्हें आखिरी गेंद पर शतक के लिए एक रन चाहिए था लेकिन वह 99 रन पर रन आऊट हो गए।

### विंडीज चैंपियंस

219-6 (20 ओवर)

- विंडीज की ओर से ड्वेन स्मिथ के साथ किर्क एडवर्ड्स मैदान पर उतरे। किर्क जब 5 तो चाडविक वॉल्टन 4 रन बनाकर आऊट हुए तो ड्वेन स्मिथ ने मौका संभाला और ताबडतोड़ हिट लगाई। इस दौरन जोनाथन कार्टर ने 12 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर स्कोर 78 तक पहुंचा दिया।

- जेसन मोहम्मद 2 रन बनाकर डैनियल का शिकार हो गए। इस बीच ड्वेन स्मिथ ने एश्ले नर्स के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। स्मिथ ने 40 गेंदों पर 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। 162 रन पर 5 विकेट गिर जाने के बाद एश्ले नर्स के साथ कप्तान डेरेन सेमी ने मोर्चा संभाला।

- एश्ले और सेमी ने ताबड़तोड़ हिट लगाई लेकिन वह स्कोर को 219 तक ही ले जा पाए जोकि जीत के लिए काफी नहीं थे। एश्ले ने जहां 36 गेंदों पर 2 चौके और 7 छक्कों की मदद से 70 रन बनाए तो वहीं, सैमी ने 18 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 33 रन बनाए लेकिन टीम को 55 रन की हार से नहीं बचा पाए।

## संक्षिप्त समाचार

### तीरंदाजी स्टेडियम में सातवां एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**दुमका।** चतुर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन की ओर से तीरंदाजी खेल स्टेडियम में चल रहे सांतवे एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कर्नल एस चक्रवर्ती ने किया। इस अवसर पर कर्नल एस चक्रवर्ती ने वार्षिक शिविर में भाग ले रहे कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस 10 दिनों के शिविर में एनसीसी कैडेटों के लिए बहुत खास रहेगा वह है एकता और अनुशासन। एकता और अनुशासन से ही कई काम आसान हो जाते हैं। बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 8 जुलाई से 17 जुलाई में तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूरे संताल परगना से 500 महिला कैडेट्स भाग लें रहे हैं।

### जिला परिषद बोर्ड की बैठक में योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

**दुमका।** जिला परिषद भवन के सभागार में मंगलवार को जिला परिषद बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने की। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिला में चल रही योजनाएं एवं विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सभी जिला परिषद सदस्यों एवं प्रमुख द्वारा अपने अपने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल, जिला परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रीति लता मुर्मू इसके अलावा बैठक में जिला अभियंता एवं जिला प्रमुख जिला सदस्य बैठक पर मौजूद थे।

### फायरिंग केस में अमन सिंह को रेल पुलिस ने भेजा जेल

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा के अमन सिंह को टाटानगर रेल पुलिस ने पूछताछ के बाद बुधवार को टाटानगर स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार नीरज दुबे पर फायरिंग केस में जेल भेज दिया। जबकि टाटानगर स्टेशन के वाटर वेंडिंग मशीन संचालक दिनेश साहू का अपहरण, पिस्तौल का भय दिखाकर दो लाख रंगदारी मांगने के मामले में रिमांड कराएगी। मालूम हो कि 19 मई 2023 की शाम स्टेशन के पार्किंग में ठेकेदार नीरज दुबे को गोली मारकर जख्मी किया गया था। वहीं, 13 अप्रैल 2024 को अमन सिंह के खिलाफ रेलवे के वाटर वेंडिंग मशीन संचालक दिनेश साहू ने अमन सिंह के खिलाफ अपहरण व पिस्तौल दिखाकर दो लाख रंगदारी मांगने का मामला रेल थाने में दर्ज कराया है।

### कार-मोटरसाइकिल में टक्कर, युवक घायल

**गिरडीह/ताराटांड़।** गिरिडीह-टुंडी मुख्य सड़क पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के नावाटांड़ गांव के पास मंगलवार को सुबह 11.30 बजे मारुति कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गयी। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मारुति कार गिरिडीह से धनबाद जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल वाहन के साथ उसकी टक्कर टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार बिरनी थाना क्षेत्र के खरखंदो गांव निवासी राहुल कुमार राय उम्र करीब 20 वर्ष पिता इन्द्र राय घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ताराटांड़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को इलाज हेतु सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।

### निगम क्षेत्र के जर्जर भवनों को मरम्मत या ध्वस्त कराने की कार्रवाई करें भूस्वामी

**देवघर।** देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त सह प्रशासक रोहित सिन्हा द्वारा जानकारी दी गई है कि देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वैसे सभी भवन जिनकी स्थिति जर्जर, असुरक्षित अवस्था में है। उनके भूस्वामियों को सूचित किया जाता है कि तत्काल उक्त भवनों को खाली अथवा नियमानुसार मरम्मत या ध्वस्त कराने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। नगर निगम द्वारा जांच में निर्देश का उल्लंघन करते पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध निर्माणाधीन भवनों एवं पारित नक्शों से विचलित भवनों पर विधिवत झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं झारखंड भवन निर्माण उपविधि 2016 के सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ससुराल की दहलीज पर कदम रखते ही झगड़ने लगी दुल्हन, पहुंची थाने

**बोकारो।** शादी के बाद एक दुल्हन ससुराल पहुंची। लेकिन खुशियों के बजाए वहां बवाल मच गया। दरअसल, ससुराल की दहलीज पर कदम रखते ही दुल्हन ने विवाद शुरू कर दिया। वह यह कह कर झगड़ने लगी कि दूल्हा और उसका घर ठीक नहीं है। देखते ही देखते बवाल इस कदर बढ़ा कि दुल्हन थाने पहुंच गई। यह झारखंड के बोकारो जिले की घटना है।



**झगड़ने लगी दुल्हन :** शादी कर बुधवार को लौटे दूल्हे को रात्रि में बहुभात की तैयारी करनी थी। लेकिन नवविवाहिता पत्नी ने घर में कदम रखते ही विवाद कर दिया। जिस कारण दूल्हा को थाने का चक्कर लगाने पर विवश होना पड़ा। यह मामला पेटरवार प्रखंड की अरजुवा पंचायत के तहत पड़ने वाले गागा गांव का है।

**लड़का और घर ठीक नहीं :** बताया जाता है कि गागा गांव निवासी राजेंद्र महतो की शादी 9 जुलाई को रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के हारु बेड़ा गांव स्थित गोबिंदपुर में हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। यह शादी लड़की और लड़का पक्ष की सहमति से हुई थी। बुधवार की सुबह में दूल्हा, दुल्हन लेकर जैसे ही घर पहुंचा वैसे ही दुल्हन सबिता कुमारी ने ससुराल की दहलीज पर कदम रखते ही विवाद खड़ा कर दिया और कहने लगी की लड़का ठीक नहीं है और लड़के का घर ठीक नहीं है। इस घर में वह नहीं रहेगी।

**पहुंची थाने :** मामले को लेकर लड़के के परिजनों ने नवविवाहिता को काफी समझाया। लेकिन, वह अपनी जिद पर अड़ी रही। बाद में लड़का पक्ष के लोगों ने नवविवाहिता के पिता सहित परिजनों को बुलाया। लेकिन, बात नहीं बनने पर लड़का पक्ष ने थाने का सहारा लिया। लड़का और लड़की पक्ष के लोग सहित ग्रामीण के साथ थाना में वार्ता चली। वार्ता में नवविवाहिता ने अपनी गलती मानी और दोबारा इस तरह को घटना की पुनरावृत्ति नही होने की बात कही। इस बाबत मुखिया, पुलिस पदाधिकारी, लड़का, लड़की के परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में नवविवाहिता ने थाने में इकरारनामा लिखकर दिया।

## रांची के युवक की छत्तीसगढ़ में हत्या, स्कूल बैग में मिली टुकड़ों में लाश

**रांची।** रांची के एक युवक की छत्तीसगढ़ में हत्या कर दी गई है। उसका शव बुधवार को छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के गोपालपुर के बांघापारा डैम के पास स्कूल बैग और बोरे में मिला है। मृतक की पहचान पासपोर्ट से रांची के कांटाटोली रजा कॉलोनी निवासी वसीम अंसारी के रूप हुई है।

**स्कूल बैग में टुकड़ों में लाश :** मृतक सऊदी अरब में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह ग्रामीण बांघापारा डैम में नहाने गए थे। इस दौरान उन्होंने झाड़ियों के पास से तेज बदबू महसूस की। पास जाकर देखा तो उन्हें एक बोरा और स्कूली बैग मिला, जिससे दुर्गंध आ रही थी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। लाश के टुकड़ों को बोरे और बैग में भरकर पत्थर और ईंट बांधकर पानी में डाला गया था।

**पासपोर्ट देख फैली सनसनी :** पुलिस को शव के पास से एक पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज मिले हैं। उसी आधार पर मृतक की पहचान हुई। छत्तीसगढ़ पुलिस की सूचना पर लोअर बाजार थाने की पुलिस वसीम के घर पहुंची। पासपोर्ट दिखाकर पहचान करायी। बुधवार शाम को परिजन शव की शिनाख्त के लिए छत्तीसगढ़ रवाना हुए हैं। पुलिस के अनुसार, वह सऊदी अरब के दमम से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, वहां से फिर एक जुलाई रांची के लिए आया था। परिजनों का कहना है कि वसीम सऊदी से रांची कब आया, उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। अब पुलिस यह पता कर रही है कि वह छत्तीसगढ़ कैसे पहुंचा और घर क्यों नहीं गया। इस घटना के बाद सनसनी फैल गई है।

**दो भाई रहते थे सऊदी में :** मुहल्लेवासियों के वसीम और उसका बड़ा भाई दोनों सऊदी अरब में अलग-अलग कंपनी में काम करते थे। बकरीद में दोनों भाई में मुलाकात हुई थी। बड़े भाई को भी यह जानकारी नहीं है कि वसीम कब सऊदी से भारत के लिए निकला है।

## आदिवासी युवा महोत्सव 13 जुलाई से, तैयारी शुरू

**चाईबासा।** 13 एवं 14 जुलाई को होने जा रहे आदिवासी युवा महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आदिवासी हो समाज युवा महासभा ने कमरहातु गांव के नीचे टोला और सुसुन अखाड़ा में प्रचार-प्रसार किया। कमेटी की ओर से दो-दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ग्रामीणों को निमंत्रण दिया और हो भाषा पोस्ट कार्ड लेखन अभियान से जोड़ा गया। ग्रामीणों को जानकारी दिया गया कि कार्यक्रम शनिवार को 9 बजे से बोंगा-बुरू के साथ सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी हो समाज युवा महासभा राष्ट्रीय कमेटी का पुर्नगठन होगा और नए पदाधिकारियों का चयन होगा।प्रचार अभियान में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बर सिंह हेम्ब्रम ने ग्रामीणों को बताया कि आज के समय में लोग जितना व्यक्तिगत रूप से आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्र में विकास करते जा रहे हैं। उतना ही मूल-संस्कृति से कटते जा रहे हैं। आज के समय में लोगों के पास भाषा एवं मूल-संस्कृति के लिए समय नहीं है। लोग काफी व्यस्त हो गए हैं। गैर आदिवासियों के सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए मूल-संस्कृति और भाषा के विकास एवं संरक्षण देने में आदिवासी हो समाज महासभा से जुड़ें।

## करंट से मरे राजमिस्त्री के परिजनों से मिली बीडीओ

**गिरडीह/बेंगाबाद।** बेंगाबाद बीडीओ निशा कुमारी और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र सोरेन मंगलवार सुबह ग्राम पंचायत गेनरो पहुंचे। यहां बिजली करंट से राजमिस्त्री की हुई मौत की घटना से आहत परिजनों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया। बीडीओ ने मृतक के अश्रितों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलनेवाली सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। बीडीओ ने मृतक की पत्नी को पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अलावा आपदा प्रबंधन के तहत मिलनेवाली मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। बतला दें कि गेनरो में सड़क के किनारे मकान का पिलर खड़ा करने के दौरान पिलर का छड़ हाइ वोल्टेज बिजली के नंगा तार से स्पर्श कर गया था। जिससे राजमिस्त्री तुलसी साव बिजली करंट की चपेट में आने से जख्मी हो गए थे। इलाज के लिए गिरिडीह ले जाने के दौरान बीच रास्ते में ही मिस्त्री ने अपना दम तोड़ दिया था। घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ, मुखिया प्रतिनिधि, स्थानीय डीलर सहित कई अन्य लोग मृतक के घर गेनरो पहुंचे और आश्रित परिजनों की मदद के लिए प्रशासन ने सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलनेवाली सुविधा मुहैया कराने का आश्रितों को भरोसा दिया गया।

## श्रावणी मेला की तैयारी को नगर आयुक्त ने की बैठक



**देवघर।** नगर निगम के सभागार में मंगलवार को नगर आयुक्त सह प्रशासक रोहित सिन्हा की अध्यक्षता में एमएसडब्लूएम एवं निगम की पूरी टीम के साथ बैठक की गई। जिसमें नगर आयुक्त सह प्रशासक ने शहरकी साफ सफाई सहित श्रावणी मेला 2024 के तैयारी की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से ली गई। इसके साथ ही ससमय तैयारी पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। इस संबंध में नगर आयुक्त सह प्रशासक ने कहा कि कांवरिया रुट लाइन की साफ-सफाई के लिए आवश्यक मानवबल लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही नगर निगम क्षेत्र के सभी बड़े-छोटे नालों की सफाई उचित तरीके से करने का निर्देश दिया गया एवं बरसात के समय निगम की टीम को पूरी तरह से तैयार रहने का भी निर्देश दिया गया। ताकि शिकायत प्राप्त होने के बाद तुरंत कार्य करते हुए शिकायत का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला की तैयारी में कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए जोन वाइज सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक की टीम बना रुट लाइन का भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही पानी एवं बिजली से संबंधित कार्यों में भी कोई कमी नहीं रहे, इसका मोनिटरिंग टीम को करने का निर्देश दिया गया। ताकि निगम वासियों सहित बाबाधाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सभी मुलभूत सुविधा प्रदान की जा सके।

## एनसीसी के 10 दिवसीय अंतर ग्रुप गर्वनर बैनर सह संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन

**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर में आयोजित एनसीसी के 10 दिवसीय अंतर ग्रुप गर्वनर बैनर सह संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रांची अंतर्गत जमशेदपुर के 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित शिविर में कोल्हान प्रमंडल के 39 शिक्षण संस्थानों एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रांची की सभी आठ एनसीसी बटालियनों के 687 एनसीसी कैडेटों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।




शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट डीन क्लीनिकल ब्रिगेडियर एचसी बंधु, सेना मेडल एवं आमंत्रित अतिथि स्टेशन मुख्यालय के एडम कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश गुप्ता, एनआईटी आदित्युपर के रजिस्ट्रार समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। समारोह में एनसीसी कैडेटों ने एक से बढ़कर रंगारंग प्रस्तुति से अतिथियों एवं साथी कैडेटों का मन मोह लिया। इसके बाद उन कैडेटों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान नई दिल्ली में आयोजित होनेवाले गणतंत्र दिवस शिविर में शामिल होने लेने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गार्ड ऑफ ऑनर, कर्तव्य पथ, पीएम रैली, कल्चरल एवं बेस्ट कैडेट का चयन किया गया।

बेस्ट एनसीसी ऑफिसर के लिए उम्दा प्रदर्शन के आधार पर जूनियर विंग वर्ग में सेंट मेरिज हिन्दी उच्च विद्यालय की थर्ड आफिसर अंतरा चक्रवर्ती को अवार्ड प्रदान किया गया। बेस्ट केयर टेकर ऑफिसर का पुरस्कार एनएमएल केरला पब्लिक स्कूल के धनरंजन शर्मा एवं विद्या भारती चिन्मया विद्यालय टेल्को के केयर टेकर आफिसर शुभम कुमार को प्रदान किया गया। बेस्ट जीसीए अवार्ड जीसीए केरला पब्लिक स्कूल मानगो की निशा कुमार एवं एनएमएल केरला पब्लिक स्कूल की जीसीए आयुषी कुमारी को प्रदान किया गया। बेस्ट बीसीए अवार्ड बीसीए विशाल पांडे को प्रदान किया गया। इसके अलावा खेल प्रतियोगिता, ड्रिल प्रतियोगिता, कल्चरल प्रतियोगिता के लिए भी एनसीसी कैडेटों को मेडल सहित नगद राशि से भी पुरस्कृत किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल विनय आहूजा के संबोधन के साथ शिविर संपन्न हुआ। 37 झारखंड बटालियन एनसीसी की पूरी टीम की तरफ से एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक गौतम सूत्रधार, 220 फील्ड रेजीमेंट, आदित्यपुर नगर निगम, सिविल सर्जन कार्यालय, सरायकेला, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सरायकेला, जुस्को, टाटा स्टील व अन्य अधिकारियों एवं एनसीसी अधिकारियों के प्रति आभार जताया गया। समारोह में शिविर के उपकमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा, एनसीसी अधिकारी एवं 37 झारखण्ड बटालियन एनसीसी की पूरी टीम उपस्थित थी।

## बारीगोड़ा में वायु सेना के अधिकारी पर जानलेवा हमला

**जमशेदपुर।** परसूडीह थाना क्षेत्र के बारीगोड़ा ग्रामीण बैंक के पास पड़ोसी ने वायु सेना के अधिकारी और उनकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल वेदप्रकाश का इलाज टाटा मोटर्स की सीसीयू में चल रहा है। शराब की बोतल से सिर पर प्रहार करने से वेदप्रकाश घायल हो गए हैं। घटना 6 जुलाई की रात 10.30 बजे की बताई जाती है।

सूत्रों ने बताया कि भारतीय वायु सेना में अधिकारी वेद प्रकाश 6 जुलाई की रात 10.30 बजे अपने पालतू कुत्ते को टहला रहे थे। इस दौरान पड़ोसी शिव नारायण सिंह से रास्ते में होने वाले जलजमाव का बरसात पूर्व समाधान निकलने पर चर्चा करने लगे। तभी पड़ोस के शंभूनाथ सिंह उर्फ सोनू ने गाली गलौज करते हुए वेदप्रकाश पर शराब की बोतल से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब वेद प्रकाश की पत्नी चंचला कुमारी आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इतना ही नहीं, जब घायल वेदप्रकाश अपनी गाड़ी से इलाज कराने अस्पताल जाने लगे तो फिर गाड़ी पर उसने हमला बोल दिया। वहां से किसी तरह जान बचाकर वेद प्रकाश भागे। उनकी पत्नी ने पुलिस से मदद के लिए फरियाद लगाई। बाद में घटनास्थल पर पुलिस पहुंची।



**पुलिस पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप :** घायल वेद प्रकाश ने कहा कि स्थानीय परसूडीह थाने में मारपीट की लिखित सूचना देने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही थी। जब पीड़ित द्वारा एसएसपी से शिकायत करने की बात कही गई तब शिकायत ली गई।

**पूर्व से पड़ोसियों के बीच है विवाद :** बताया जाता है कि वेद प्रकाश एवं उनके पड़ोसी शंभूनाथ सिंह के बीच लंबे समय से विवाद है। बरसात के दिनों में वहां जल निकासी के अभाव में जलजमाव होता है, जो परेशानी का मुख्य कारण है। जिसे लेकर दोनों पड़ोसियों के बीच पूर्व से विवाद चल रहा है।

## नक्सली बंदी का मिला जुला असर, नहीं चली लंबी दूरी की बसें

**चाईबासा/गुवा।** भाकपा माओवादी नक्सलियों द्वारा 10 जुलाई को आहूत कोल्हान बंद का मिलाजुला असर लौहांचल व कोल्हान क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। बंद के दौरान अभी तक कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ सारंडा एवं कोल्हान जंगल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निरंतर सर्च अभियान चला रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। नक्सलियों की बंद की वजह से गुवा, बड़ाजामदा,किरीबुरु से जमशेदपुर, रांची, मनोहरपुर रुट की एक भी यात्री बसें नहीं चलीं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की दुकानें, बाजार, स्कूल आदि आम दिनों की तरह खुले रहे। नक्सल प्रभावित सारंडा स्थित करमपदा-रेंगड़ा रेल मार्ग पर तोपाडीह क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर नक्सलियों द्वारा बड़े पैमाने पर पोस्टर डाले जाने की वजह से रेलवे परेशान रहा। इस मार्ग पर सिर्फ मालगाड़ी चलती है जो सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु खदान से लौह अयस्क की ढुलाई करती है। इस मार्ग पर सुबह तक मालगाड़ी का आवागमन होता रहा था। उल्लेखनीय है कि 23 मई को लोवादा गांव के निकट जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली बुधराम मारा गया था।

## बासुकीनाथ श्रावणी मेला क्षेत्र में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**दुमका/जरमुंडी।** उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को मासव्यापी राजकीय श्रावणी मेला के आयोजन से पूर्व बासुकीनाथ श्रावणी मेला क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। मेला परिसर में किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर प्रशासन की टीम ने कांवरियां को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए मंगलवार को बुलजोजर भी चलाया। अतिक्रमण को लेकर चले प्रशासन के डंडा की लोगों ने प्रसंशा भी की है। इस क्रम में मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत भी दिया है कि वे अपनी दुमकानों का सामान अनावश्यक रूप से बाहर न निकालें। हर हाल में कांवरियों की सुविधा का ध्यान रखा जाना है।

गौरतलब हो कि आगामी 22 जुलाई से राजकीय श्रावणी मेला का आयोजन किया जा रहा है। बासुकीनाथ धाम में मासव्यापी राजकीय श्रावणी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। जिसको लेकर जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी सुविधाओं पर कार्य कर रही है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसको लेकर मंगलवार को बासुकीनाथ मंदिर क्षेत्र और इसके आसपास नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान में शामिल नगर पंचायत बासुकीनाथ के प्रशासक अजमल हुसैन ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी उपायुक्त के आदेशानुसार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर के आसपास नाली के ऊपर लगे दुकान या सड़क पर फुटपाथ दुकानदारों को सड़कों से हटाया गया। मौके पर सीटी मैनेजर कुमारी प्रियंका, शैलेश कुमार पिंटू कुमार, कुंदन पत्रलेख, राज कुमार, भास्कर पंडा, शुभम कुमार मिश्र, सुदीन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# झामुमो नेताओं ने मोनिका के परिवार के सदस्यों को दिया मदद का भरोसा

**रांची/खूंटी।** रूट फाऊंडेशन के खेल सेंटर, खूंटी की प्रशिक्षु खिलाड़ी मोनिका की डेंगू से हुई मौत के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के निर्देश पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया और झामुमो तोरपा प्रखंड समिति की एक टीम तोरपा के उलिहातू में स्थित मोनिका के घर पहुंची। झामुमो नेताओं ने परिजनों से मिलकर घटना की संपुर्ण जानकारी प्राप्त की।

परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि स्वंयसेवी संस्था रूट फाऊंडेशन खेल सेंटर में रह रहे प्रशिक्षु खिलाड़ियों का ठीक ढ़ंग से ध्यान नहीं रखता। सभी 100 बालक-बालिकाओं को एक ही भवन के ग्राऊंड और फर्स्ट फ्लोर में रखा जाता है। संस्था को बच्चों की पढ़ाई का भी ध्यान नहीं रहता। भरपेट व पौष्टिक भोजन देने में कोताही बरती जाती है, जिसका असर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। परिजन आरोप लगा रहे हैं कि संस्था की लापरवाही के कारण मोनिका का ससमय इलाज नहीं हो पाया, जिससे उसकी मौत हुई है।

इधर झामुमो नेता सुदीप गुड़िया ने कहा कि रूट फाऊंडेशन की लापरवाही से झामुमो जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा समेत खेल मंत्री को अवगत कराते हुए संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो और बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही सारी सुविधाएं मिल सके।

झामुमो तोरपा प्रखंण्ड महिला मोर्चा अध्यक्षा सह जिप सदस्य सोसंन्ती कोनगाड़ी ने संस्था पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना को जिला परिषद की बैठक में भी रखेंगीं। उड़ीकेल मुखिया राफेल कोनगाड़ी ने कहा कि लापरवाही बरतने वाली संस्था पर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। प्रखंड अध्यक्ष रोबिन तोपनो की अगुवाई में उड़िकेल में एक शोक सभा कर मोनिका की आत्मा की शांति की कामना की गई। झामुमो द्वारा परिवार के सदस्यों को खाद्यान भी उपलब्ध कराया गया। झामुमो के दल में मोनिका टोपनो, झामुमो जिला संगठन सचिव प्रदीप केशरी, व्यवसायिक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उदय चौधरी शामिल थे।

# पीरटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर पंचायत केधावाटांड़ जंगल में दो बच्चों की शव बरामदगी की गुत्थी अनसुलझी

### दो दिन बीत जाने के बाद भी लापता महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है

**गिरडीह/पीरटांड़।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ जंगल में दो बच्चों की शव बरामदगी के दो दिनों बाद भी लापता महिला और मासूम का सुराग नहीं मिल सका है। लापता महिला की तलाश में पुलिस लगातार खोजबीन कर रही है।

लापता महिला के भाई ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बच्चे की मौत व महिला के लापता होने से पीरटांड़ में तरह तरह की चर्चा है। बताया जाता है कि शनिवार देर शाम ग्रामीणों की सूचना पर पीरटांड़ पुलिस ने बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ जंगल से नाबालिग सहोदर भाई बहन का शव बरामद किया था। घटना के बाद से ही मृत बच्चे की माता सोना मुनि देवी अपने दस माह के दुधमुंहे बच्चे के साथ लापता है। पीरटांड़ पुलिस ने रविवार को दोनों बच्चे के शव को पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया था। पर घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी लापता महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मासूम बच्चे की मौत व सोना मुनि के लापता होने से महिला का नैहर पक्ष आहत है। लापता महिला के भाई बदरो निवासी महावीर हांसदा पिता स्व निर्मल हांसदा ने तीन पन्ने के आवेदन के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है।

भाई ने आवेदन के माध्यम से कहा कि छोटे छोटे बच्चे की मौत व बहन लापता होने से आहत हूं। आवेदन के जरिये अवगत कराया है कि पति पत्नी के बीच हमेशा विवाद होता रहता था। कई बार समझाने बुझाने का भी प्रयास किया गया। भाई ने आशंका जताई है कि शराब अथवा नशा के कारण पति पत्नी के बीच उत्पन्न विवाद घटना का कारण हो सकता है। महिला के भाई ने आवेदन के माध्यम से घटना की निष्पक्ष जांच व दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि लापता महिला की खोजबीन की जा रही है। अभी तक किसी भी प्रकार का सुराग नहीं मिल पाया है। भाई ने आवेदन दिया है।